E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 69 | गुवाहाटी | रविवार, 6 अक्तूबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526


जनताक चबकार myGOV मेरी सरकार




सत्यमेव जयते
Government of Assam

## Statewide Programme for Distribution of Financial Grant

6 October 2024 | 11:00 AM

## Central Function in Guwahati

Assam Veterinary College Field, Khanapara

**Chief Guest**

**Dr Himanta Biswa Sarma**
Chief Minister, Assam



**In august presence of**

**Dr Ranoj Pegu**
Minister, Education, etc.

**Shri Pijush Hazarika**
Minister, Water Resources, etc.

The grants to the girl students of all the assembly constituencies of Kamrup (Metropolitan), Kamrup and Morigaon districts will be distributed at the central function in Guwahati

### Legislative Assembly Constituency based Programme

| Name of the LAC (New) | Venue for Cheque Distribution (Name of The Institution) | No. of Beneficiaries | Chief Guest |
|---|---|---|---|
| Gossaigaon | Gossaigaon College, Gossaigaon | 892 | Jiron Basumatary, MLA |
| Dotma (ST) | Janata College, Kokrajhar | 761 | Katiram Boro, Speaker, BTR |
| | U N Brahma College - Dotma | 636 | Rajib Brahma, MCLA |
| Kokrajhar (ST) | Bodoland University, Kokrajhar | 576 | Wilson Hasda, EM, BTC |
| | Bodofa Cultural Complex | 1133 | Ukhil Mushahary, EM, BTC |
| Baokhungri | Kokrajhar Girls' College | 801 | Lawrence Islary, MLA |
| | Fakiragram College, Fakiragram | 596 | Rabiram Narzary, MLA |
| Parbatjhora | Tipkai Higher Secondary School | 438 | Banendra Kumar Mushahary |
| Golakganj | Office of The BDO, Golakganj Development Block, Golakganj | 2337 | Ashwini Roy Sarkar |
| Gauripur | Alamganj Rangamati College | 1084 | Kishore Upadhyay |
| Dhubri | B N College | 1681 | RakibulHussain, MP/ Nazrul Hoque, MLA |
| Birsing-Jarua | Hamidabad College | 836 | Dr. Debamoy Sannyal |
| Bilasipara | Bilasipara College | 2031 | Hafiz Bashir Ahmed, MLA, Ashok Singhi |
| Mankachar | A.A.Latif Girls Institution | 422 | Aminul Islam, MLA |
| | Janata H S School Playground | 1130 | Javed Islam |
| Jaleswar | West Goalpara College | 1395 | Jibesh Roy, CEM, KAC |
| Goalpara West (ST) | Lakhipur College | 577 | Dr Prakash Kashyap |
| Goalpara East | Natasurjya Phani Sarma Auditorium | 1464 | Dipak Kumar Nath |
| Dudhnoi (ST) | Dalgoma Anchalik College | 580 | Kunja Bihari Nath |
| | Dudhnoi College | 2171 | Jadab Swargiary, MLA/ Tankeswar Rabha, CEM, RHAC |
| Abhayapuri | Abhayapuri Gandhi Maidan | 1720 | Rupam Goswami |
| Srijangram | Chalantapara HSS Playground | 467 | Nilima Devi |
| Bongaigaon | Barpara Rajahua Khelpathar | 1696 | Phani Bhushan Choudhury, MP |
| Sidli Chirang | UN Brahma College, Auditorium Hall, Kajalgaon | 1305 | Jayanta Basumatary, MP |
| Bijni | Lakhi Mandir Play Ground, Bijni | 699 | Ajoy Kumar Ray, MLA |
| Bhawanipur-Sorbhog | Barnagar College, Sorbhog | 929 | Phanidhar Talukdar, MLA |
| | B H College, Howly | 1352 | Ratul Sarma |
| Mandia | NabaJyoti College, Kalgachiya | 1677 | Gurujyoti Das |
| | Govt. Model Degree College, Baghbor | 1203 | Simanta Shekhar |
| Chenga | M K College | 510 | Jitu Talukdar |
| Barpeta (SC) | M C College | 974 | Jayanta Deka |
| | Barpeta College, Barpeta | 474 | Nabaran Medhi |
| Pakabetbari | Bapujee College | 772 | Pradip Thakuria, |
| | Harendra Chitra College, Bhaktardoba | 848 | Anup Barman |
| Bajali | Bhagawati Khetra, Pathsala Town, Bajali | 1693 | Ranjeet Dass, Minister |
| Barkhetri | Barkhetri College | 2030 | Diganta Barman, MLA/ Narayan Deka |
| Nalbari | Debiram Pathsala Higher Secondary School | 1964 | Jayanta Mallabaruah, Minister |
| Tihu | Kamrup College | 1241 | Chandra Mohan Patowary, Minister |
| Manas | Salbari College Field, Salbari | 821 | Rwngwra Narzary, MP (RS) |
| Baksa (ST) | Bathouphuri Field, Opposite to O/O District & Session Judge, | 1464 | Urkhao Gwra Brahma, Minister |
| Tamulpur (ST) | Shree Shree Gopal and Jagannath Than Community Hall | 1703 | Jalen Daimary, MLA |
| Goreswar | Maharipara Community Hall | 717 | Ranen Narzary, EM, BTC |
| Bhergaon | Khoirabari College, Khoirabari, Udalguri | 268 | Bhaben Boro, MCLA |
| Udalguri (ST) | Udalguri College, Udalguri. | 1005 | Gobindra Chandra Basumatary, MLA |
| Mazbat | No. 2 Nalbari Higher Secondary School, Orang, Udalguri | 1239 | Charan Boro, MLA |
| Tangla | Tangla College, Tangla, Udalguri | 1303 | Jousrang Boro/ Durga Das Bodo, MLA |
| Sipajhar | Ghorabandha Deoul Khala Sipajhar, Darrang | 1423 | Paramananda Rajbongshi, MLA |
| Mangaldai | District Library, Mangaldai | 1203 | Basanta Das, MLA, |
| Dalgaon | Dalgaon Revenue Circle Office Premises | 702 | Mazibur Rahman, MLA |
| Dhing | Dhing College | 1142 | Pradyut Bordoloi, MP/ Alhaj Aminul Islam, MLA |
| Rupahihat | Juria College | 945 | Nurul Hoda, MLA |
| Kaliabor | Kaliabor College | 761 | Keshab Mahanta, Minister |
| Samaguri | Samaguri College | 1059 | Madan Bordoloi |
| Barhampur | Dr B K B College | 684 | Shiladitya Deb, Ex-MLA |
| | Kampur College | 623 | Jitu Goswami, MLA |
| Nagaon-Batadrava | Nowgong College | 909 | Rupak Sarma, MLA |
| | Nowgong Girls' College | 870 | Ambika Mazumdar |
| Raha (SC) | Raha College | 1177 | Sashikanta Das, MLA |
| Binnakandi | Nilbagan Model H.S. School | 320 | Habib Mohammad Choudhury |
| Hojai | Deshabandhu Bidyapith HSS | 807 | Ramkrishna Ghosh, MLA |
| Lumding | Lumding College | 551 | Sibu Mishra, MLA |
| | Sadbhavna Bhawan BDO Office Campus | 1271 | Rajvir Singh |
| Dhekiajuli | Bhotpara Stadium | 1123 | Ashok Singhal, Minister |
| Barchalla | Prajapati HSS | 341 | Ganesh Kumar Limbo, MLA |
| | Chandra Nath Sarma HSS | 246 | Dr Debojit Mahanta |
| Tezpur | Darrang College | 1547 | Prithiraj Rabha, MLA |
| Rangapara | Rangapara College | 909 | Krishna Kamal Tanti, MLA |
| Naduar | Tyagbir Hem Baruah College | 693 | Padma Hazarika, MLA |
| | Nevil H S School Chariduar | 296 | Dipshikha Handique |
| Biswanath | Biswanath College | 731 | Promod Borthakur, MLA |
| Behali (SC) | Behali Degree College | 526 | Ranjit Dutta, MP |
| Gohpur | Chaiduar College | 752 | Dr Ranjan Gogoi |
| | Kalabari college | 895 | Utpal Bora, MLA |
| Bihpuria | Madhabdev University | 1360 | Amiya Kumar Bhuyan, MLA |
| Ranganadi | Laluk College | 995 | Rishiraj Hazarika |
| Nowboicha (SC) | Panigaon OPD College | 798 | Bharat Narah, MLA/ Debananda Hazarika |
| Lakhimpur | North Lakhimpur College (Auto.) | 1394 | Manab Deka, MLA |
| Dhakuakhana (ST) | Dhakuakhana College | 1631 | Naba Kumar Doley, MLA |
| Dhemaji (ST) | Dhemaji College | 1846 | Paramananda Chayengia, CEM, MAC |
| Sissiborgaon | Doinyi Pollo Complex, Silapather | 2822 | Pradan Baruah, MP |
| Jonai (ST) | Mising Kristi Bhawan, Murkongselek | 1566 | Bhuban Pegu, MLA |
| Sadiya | Sadiya College | 571 | Bolin Chetia, MLA |
| | Padmanath Gohain Baruah Govt. Model College | 274 | Srimanta Moran, EM, Moran Council |
| Doom Dooma | Doomdooma College | 730 | Rupesh Gowala, MLA |
| Margherita | Margherita College | 443 | Bhaskar Sarma, MLA |
| Digboi | Digboi Mahlia Mahavidyalaya | 516 | Shuren Phukan, MLA |
| Makum | Makum College | 208 | Binod Hazarika, MLA |
| Tinsukia | Tinsukia Commerce College | 1297 | Prasanta Phukan, MLA |
| Chabua-Lahowal | Lahowal Sr. Secondary School | 606 | Ponakan Baruah, MLA |
| Dibrugarh | Dibrugarh University | 779 | Rameswar Teli (MP-RS) |
| | M.D.K.G College | 971 | Prasanta Phukan, MLA |
| Khowang | Ajarguri Auditorium | 420 | Chakradhar Gogoi, MLA |
| Duliajan | Duliajan Oil Club | 805 | Teros Gowala, MLA |
| Tingkhong | Tingkhong College | 590 | Bimal Bora, Minister |
| Naharkatia | Naharkatia College | 658 | Taranga Gogoi, MLA |
| Sonari | Sonari College | 989 | Dharmeswar Konwar, MLA |
| Mahmora | Moran College | 609 | Jogen Mohan, Minister |
| | Moran College | 399 | Subhash Dutta |
| Demow | Demow College | 893 | Sushanta Borgohain, MLA |
| Sivasagar | Boarding Field Sivasagar | 1570 | Akhil Gogoi, MLA/ Kushal Duwori |
| Nazira | Amguri College | 314 | Pradip Hazarika, MLA |
| | Nazira College | 603 | Debabrata Saikia, MLA/ Mayur Buragohain |
| Majuli (ST) | Sri Sri Uttar Kamalabari Satra Auditorium, Majuli | 1435 | Bhuban Gam, MLA |
| Teok | Bahona College | 638 | Lakhimi Khargoria |
| | Sarbodaya College | 552 | Prasanta Jyoti Goswami |
| Jorhat | CKB Commerce College | 1099 | Gaurav Gogoi, MP/ Hitendra Nath Goswami, MLA |
| Mariani | CKB College | 244 | Biswa Prabha Saikia |
| | Mariani College | 648 | Rupjyoti Kurmi, MLA |
| Titabor | Co-District Commissioner office,Titabor | 1219 | Kamakhya Prasad Tasa, MP |
| Golaghat | Samannay Khetra, Golaghat | 1716 | Ajanta Neog, Minister |
| Dergaon | Dergaon Co-District Office | 828 | Bhaben Bharali, MLA |
| Bokakhat | Open Air Auditorium, Bokakhat HS School | 1113 | Atul Bora, Minister |
| Khumtai | Joya Gogoi college | 890 | Mrinal Saikia, MLA |
| Sarupathar | Sarupathar Ranghar Rajahowa Bhawan | 1011 | Biswajit Phukan, MLA |
| Bokajan (ST) | Eastern Karbi Anglong College, Bokajan | 266 | Numal Momin, Dy Speaker, ALA |
| | Jin Baba Hindi H.S School | 95 | Amarsing Tisso, MP |
| | Govt. Model College, Deithor | 100 | Surjo Rongphar, EM |
| Howraghat (ST) | Howraghat Higher Secondary School | 107 | Ritesh Enghi, EM |
| | Thongnokbe College | 302 | Darsing Ranghang, MLA |
| | Dokmoka Higher Secondary School | 14 | Lunsing Teron, EM, KAAC |
| Diphu (ST) | Sarsing Teron (Langkung Habe) Memorial Town Hall, Diphu | 656 | Tuliram Ranghang, CEM, KAAC |
| | Rukasen College | 257 | Bidyasing Engleng, MLA |
| Rongkhang (ST) | No 1 Rangsina College | 380 | Prabhat Taro, EM |
| Amri (ST) | No 1 Hamren Govt. H.S School | 47 | Rupsing Teron, MLA |
| Haflong (ST) | Lal Field Halfong | 1282 | Nandita Garlosa, Minister/ Debolal Gorlosa, CEM, DHAC |
| Lakhipur | Block Field, Fulertal | 702 | Kaushik Rai, MLA |
| Udharbond | Block Auditorium, Udharbond | 384 | Mihir Kanti Shome, MLA |
| Katigorah | S.R. College, Kalain | 611 | Kamalakshya Purkayastha,MLA |
| Borkhola | Raja JCM HS School, Multipurpose Hall Barkhola Development Block | 767 | Misbahul Islam Laskar, MLA |
| Silchar | India Club Indoor stadium | 2600 | Dipayan Chakraborty, MLA, |
| Cachar | R.D. Roy HS School | 361 | Amiyo Kanti Das |
| | Lakshmi Charan HS School | 493 | Rupam Saha |
| | Judhisthir Saha HS School | 567 | Nitya Bhusan Dey |
| Sonai | Janata College, Kabuganj, Cachar | 608 | Karimuddin Barbhuiya, MLA |
| Dholai (SC) | C.C.J.C. Palonghat H.S. School | 736 | Parimal Suklabaidya, MP |
| Hailakandi | S.S. College, Hailakandi | 1303 | Kalyan Goswami |
| | Lala Rural College, College Road, Lala | 1302 | Turshi Roy |
| Algapur-Katlicherra | Dr. Sashi Bhushan Institute of Education, Hailakandi, Boalipar | 1202 | Zakir Hussain Laskar, MLA/Nizamuddin Choudhury, MLA |
| Karimganj North | Rabindra Sadan Girls' College, Karimganj | 1518 | Kripanath Mallah, MP |
| Karimganj South | S. V. Vidyaniketan H.S. School, Nilambazar | 819 | Rabindra Deb |
| Patharkandi | Model H.S. School, Patharkandi | 831 | Krishnendu Paul, MLA |
| Ram Krishna Nagar (SC) | R.K. Nagar Development Block Office Premises | 1336 | Bijoy Malakar, MLA |

*-- Janasanyog /D/7096/24/6-Oct-24*

Published by Directorate of Information and Public Relations, Assam
Connect with us @diprassam dipr.assam.gov.in

# गुवाहाटी में क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान ( होम्योपैथी ) ने शुरू की कई परियोजनाएं

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी में क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी) ने सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार के वादे के साथ कई नैदानिक परियोजनाएं शुरू की हैं। इनमें एलर्जिक राइनाइटिस, क्रोनिक पित्ती, हाइपोथायरायडिज्म, बवासीर पर अध्ययन और अमसोंग क्षेत्र में चाय बागान श्रमिकों के स्वास्थ्य में सुधार पर केंद्रित परियोजनाएं शामिल हैं। समानांतर में, संस्थान केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के प्रमुख कार्यक्रम जैसे ड्रग प्रोविंग प्रोग्राम और क्लिनिकल वेरिफिकेशन प्रोग्राम भी संचालित करता है। उपरोक्त बातें आज भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत गुवाहाटी के क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी) के द्वारा दिसपुर प्रेस क्लब में *स्वास्थ्य मंत्रालय की 100 दिनों की उपलब्धियां* शीर्षक पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कही गई। संस्थान ने एक तपेदिक जांच और उपचार केंद्र भी स्थापित किया है। इसके अलावा, संस्थान सभी कार्य दिवसों पर मातृ एवं शिशु बाह्य रोगी और सामान्य बाह्य रोगी सुविधाएं प्रदान करता है। वे सस्ती सरकारी दरों पर दवाएं और प्रयोगशाला परीक्षण के साथ-साथ मुफ्त परामर्श भी प्रदान करते हैं। यह गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) रोगियों को मुफ्त सेवाएं प्रदान करता है और वरिष्ठ नागरिकों के लिए पंजीकरण पर 50 प्रतिशत की छूट प्रदान करता है। गुवाहाटी में क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी) ने असम के विभिन्न जातीय समूहों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। एससीएसपी कार्यक्रम के तहत, संस्थान ने स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम, स्वस्थ बच्चों के लिए होम्योपैथी कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिविरों में




बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। डिब्रूगढ़ में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल द्वारा उद्घाटन किए गए सफाई मित्र स्वास्थ्य शिविर और पोषण माह कार्यक्रम ने इसे प्रेरित किया है। इन पहलों के तहत स्तनपान और शिशु पोषण जैसे विषयों पर विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता वार्ता आयोजित की गईं। पिछले 100 दिनों में, गुवाहाटी क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी) ने नैदानिक, बुनियादी और दवा मानकीकरण के क्षेत्र में 45 नए शोध अध्ययन शुरू किए हैं। यूके में रॉयल लंदन हॉस्पिटल ऑफ इंटीग्रेटेड मेडिसिन जैसे अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ सहयोग एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद ने 20 स्वास्थ्य संस्थानों में आयुष अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (ए-एचएमआईएस) लागू की है। पिछले 100 दिनों में 1 लाख 50 हजार से अधिक मरीज पंजीकृत किए गए हैं। केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद ने दुनिया भर में 16 हजार से अधिक प्रतिभागियों तक पहुंचने के लिए 49 वेबिनार आयोजित किए हैं। परिणामस्वरूप, होम्योपैथिक चिकित्सा ने आज वैश्विक लोकप्रियता हासिल कर ली है। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्योपैथी), गुवाहाटी के प्रभारी अधिकारी डॉ. अमूल्य रत्न साहू ने की। उनके साथ शोधकर्ता डॉ. ली कार्सो और डॉ. मैनिट और संस्थान के अन्य अधिकारी भी थे।

## एक ही दिन में धेमाजी कोर्ट का दो अहम फैसला

**धेमाजी ( हिंस )।** धेमाजी जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने धेमाजी बलात्कार मामले में दो दोषियों को 25-25 साल के कारावास की सजा एक ही दिन सुनाई । धेमाजी जिला न्यायाधीश की अदालत ने बलात्कार के दो अलग-अलग मामलों में यह सजा सुनाई है। धेमाजी जिला न्यायाधीश कौशिक हजारिका की अदालत ने दो अलग-अलग मामलों में दोनों दोषियों को 25-25 साल के कारावास की सजा सुनाई है। 12 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में सिलापथार थाना के केस नंबर 374/ 2021 में जितेन बरगोहाई नामक आरोपी को तथा एक अन्य 12 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी राजीव मेदेक को को 25-25 वर्ष कैद की सजा सुनाई गई। न्यायालय ने दोनों पक्षों के दलीलों को सुनने के बाद दोनों ही आरोपियों को दोषी पाते हुए आज सजा सुनाई। इस फैसले के आने से पीड़िताओं के परिजनों ने संतुष्टि व्यक्त की है।

## सरकार और लोगों के बीच संबंध मजबूत करेगा सम जिला : मुख्यमंत्री



**गुवाहाटी ( हिंस )।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि सम जिला सरकार और लोगों के बीच संबंध मजबूत करेगा। आज सोशल मीडिया के जरिए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा मानना है कि सरकारी सेवाओं तक पहुंचने के लिए हमारे लोगों की परेशानियों को कम करने या उन्हें सरकारी तंत्र से जोड़ने से सरकार और लोगों के बीच संबंध मजबूत होते हैं। इसी को सोचकर हमने राज्य में सम जिला प्रणाली शुरू करने के लिए कदम उठाए हैं। इस प्रणाली से मौजूदा जिला कार्यालय में जाने की कठिनाई और समय कम हो जाएगा। निकटतम् जिला कार्यालय में उपलब्ध सभी सेवाओं को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि पहले चरण के लिए निर्धारित 39 सम जिला शुभारंभ कार्यक्रम बुधवार से आज से दो दिनों तक आयोजित किए जा रहे हैं। जिलों के अभिभावक मंत्री अपने-अपने जिलों में कल से ही सम जिला कार्यालयों का औपचारिक रूप से उद्घाटन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री आज केंद्रीय रूप से राजधानी के जालुकबाड़ी में सम जिला कार्यालय का उद्घाटन कर रहे हैं।

## बोकाजान में हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कार्बी आंग्लांग ( हिंस )।** बोकाजान में हेरोइन के साथ एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार बरपथार पुलिस की छापामारी में प्लास्टिक की नौ साबुनदानी में रखा गया 105 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। डिमापुर से गुवाहाटी आ रही एक नाइट सुपर बस (एएस-01एचसी-9011) से ड्रग्स को जब्त किया गया। पुलिस ने बरपेटा जिले के सुल्तान अली नामक एक ड्रग्स तस्कर को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। हेरोइन को बरपथार के खाकराजान नाका प्वाइंट पर छापेमारी के दौरान जब्त किया गया। आगे की जानकारी के लिए पूछताछ की जा रही है।

## पशु तस्करी में शामिल तीन तस्कर गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी की जालुकबारी पुलिस ने पशु तस्करी में शामिल तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार तड़के गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान जालुकबारी पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित जालुकबारी फ्लाईओवर के पास 20 मवेशियों को लेकर जा रहे एक ट्रक (एएस-26सी-9024) को जब्त किया गया है। ट्रक में अवैध तरीके से सभी पशुओं को मेघालय के पशु बाजार तक ले जाया जा रहा था। इस मामले में तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार पशु तस्करों की पहचान नजरुल हक, जहीरुल अली (22), मैनुल हक (28) और के रूप में की गई है। पुलिस इस संबंध में पशु अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार तीनों पशु तस्करों से सघन पूछताछ कर रही है। ज्ञात हो कि राज्य में कड़े पशु कानून लागू हैं बावजूद पशुओं की तस्करी जारी है।

## गुवाहाटी कॉलेज छात्र एकता सभा चुनाव में अभाविप की भारी जीत

**गुवाहाटी ( हिंस )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने गुवाहाटी कॉलेज की छात्र एकता परिषद के चुनाव में शानदार जीत हासिल की है। विद्यार्थी परिषद इस चुनाव में अध्यक्ष, महासचिव समेत कुल सात पद जीतने में सफल रही। ज्ञात हो कि सुमित दास ने अध्यक्ष पद जीता। जबकि, कोंकण नाथ ने महासचिव पद जीता। इसके अलावा पत्रिका सचिव के लिए तृष्णाश्री बर्मन, सांस्कृतिक सचिव के रूप में मेघारानी हाजोंग, गुरु क्रिया सचिव धर्मेंद्र शर्मा, छात्रा विश्राम कक्ष सचिव मरमी बोड़ो तथा छात्र विश्राम कक्ष सचिव पद पर राज दास ने भारी अंतर से जीत दर्ज की। ज्ञात हो कि इस जीत की खुशी में विद्यार्थी परिषद के गुवाहाटी कालेज के पदाधिकारियों ने विजयी प्रत्याशियों के साथ विजय रैली निकाली, जिसमें महाविद्यालय के लगभग तीन सौ छात्र-छात्राओं व विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने भाग लिया।




## कामाख्या धाम में शारदीय दुर्गा पूजा और नवरात्र में उमड़ रही भक्तों की भीड़

### कामाख्या धाम में शारदीय दुर्गा पूजा और नवरात्र में नारी की शक्ति के प्रतीक रूप में होती हैं कुमारियों की विशेष पूजा

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूरे देश के साथ गुवाहाटी में भी दुर्गा पूजा की धूम मची हुई है। सभी पूजा पंडालो को अलग-अलग थीम एवं आकर्षक रोशनी से सजाया जा रहा है। असम की राजधानी गुवाहाटी निलाचल पहाड़ पर स्थित ऐतिहासिक शक्तिपीठ कामाख्या मंदिर में पूरे वर्ष भर कई तरह के उत्सव धूमधाम से मनाए जाते हैं। इनमें शारदीय दुर्गा पूजा एक महत्वपूर्ण उत्सव है। दुर्गा पूजा हर साल धूमधाम से मनाया जाता है। यहां की दुर्गा पूजा बाकी दुर्गा पूजा से थोड़ी अलग होती है। यहां दुर्गा पूजा कृष्ण पक्ष की नवमी से ही प्रारंभ हो जाती है और शुक्ल नवमी तक चलती है। यानी 15 दिनों तक यहां पर का विधान होता है। हर साल दुर्गा पूजा उत्साह के साथ यहां मनाया जाता है। कामाख्या धाम में दुर्गा पूजा इस बार 26 सितंबर से शुरू हुआ है। दुर्गा पूजा के साथ-साथ यहां पर नवरात्रि भी बहुत धूमधाम से मनायी जाती है। नवरात्रि में कामाख्या धाम में चंडी पाठ शुरू हो जाता है। दुर्गा पूजा शुरू होने के दिन से ही चंडी पाठ शुरू हो जाता है। और देश-विदेश से काफी संख्या में श्रद्धालु यहां पर चंडी पाठ करने आते हैं। नवरात्रि के समय कामाख्या में कुमारी पूजा का भी विशेष महत्व है। नारी को शक्ति के प्रतीक रूप में देखा जाता है। कामाख्या में नवरात्रि के पहले दिन से ही कुमारी पूजन शुरू हो जाता है। पहले दिन एक कुमारी की पूजा होती है, दूसरे दिन दो कुमारी की पूजा होती है। इस प्रकार कुमारी पूजा दुर्गा पूजा के अंत तक प्रत्येक दिन एक-एक कुमारी की संख्या बढ़ती रहती है। नौ दिवसीय शारदीय नवरात्रि की पूजा गुरुवार से शुरू हो गई है। नवरात्रि के समय मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। दुर्गा पूजा और नवरात्रि के अवसर पर कामाख्या धाम में मां के दर्शन की समय सूची में भी काफी बदलाव किया गया है। नवरात्रि के अवसर पर मंदिर को सुंदर लाइट एवं फूलों से भी सजाया गया है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, 10 घायल

**ग्वालपाड़ा ( हिंस )।** ग्वालपाड़ा जिले के दुधनै इलाके में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि, दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि शनिवार को दुधनै के लोला इलाके में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-17 पर पिकअप वैन और ई-रिक्शा के बीच आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौंके पर ही मौत हो गई। जबकि, दस लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## होजाई जिले के लमडिंग समजिला का उद्घाटन मंत्री नंदिता गारलोसा ने किया



**होजाई ( निसं )।** होजाई जिले के लामडिंग सम-जिला का आज उद्घाटन किया गया राज्य कैबिनेट मंत्री श्रीमती नंदिता गारलोसा ने सम जिला लामडिंग का उद्घाटन किया। उक्त कार्यक्रम जिले के उदाली खंड उन्नयन अधिकारी के कार्यालय, बामुनगांव मे आयोजित हुआ। इस दौरान वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान उनके साथ उपस्थित थे होजाई के विधायक रामकृष्ण घोष, लामडिंग के विधायक शिबू मिश्रा, जिला आयुक्त विद्युत विकास भगवती, होजाई जिला भाजपा अध्यक्ष अनूप देव, होजाई पौर सभा की सभानेत्री चतुर्थी रानी विश्वास। सहीत कई गणमान्य अतिथि व अधिकारी उपस्थित थे। बारिश के बावजूद भारी संख्या में स्थानीय लोग व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए और इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी हुए। राज्य कैबिनेट मंत्री श्रीमती नंदिता गोरलोसा ने इस ऐतिहासिक क्षण में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस अहम फैसले से असम की प्रशासनिक सेवा और सुदृढ़ व मजबूत होगी। उन्होंने कहा लोकप्रिय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में असम निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि अब इस कार्यालय में भी जिला आयुक्त कार्यालय के साथ इनमें भी काम होगा जिससे लोगों को काफी फायदा पहुंचेगा। ऐसे कई काम इन कार्यालय में हो जाएंगे जिसके लिए जिला आयुक्त कार्यालय में पहले जाना पड़ता था।

## मादक पदार्थों के खिलाफ महिलाओं का विरोध-प्रदर्शन

**कामरूप ( हिंस )।** कामरूप (ग्रामीण) जिले के हाजो राजस्व चक्र कार्यालय का घेराव कर शनिवार को सैकड़ों महिलाओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हाजो इलाके में शराब, ड्रग्स, गंज के अलावा जुआ का अवैध कारोबार चल रहा है। जिसकी वजह से इलाके के युवा पीढ़ी काफी बर्बाद हो रही है। महिलाओं ने कहा है कि पुलिस इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। जिससे नाराज होकर 300 से अधिक महिलाओं ने इलाके में मादक पदार्थों की तस्करी के अलावा जुआ पर रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं ने इन सभी बातों को लेकर राजस्व चक्र अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा।

## कामरूप जिला विकास समिति की बैठक आयोजित

**रंगिया ( विभास )।** कामरूप जिला के अक्तूबर महीने की जिला विकास समिति की बैठक आज एकीकृत जिला आयुक्त कार्यालय में जिला आयुक्त देव कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने लोक स्वास्थ्य तकनीकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक निर्माण, कृषि, सिंचाई, समाज कल्याण, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले, जल संसाधन, भूमि संरक्षण आदि विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में लोक निर्माण( गृह ) विभाग द्वारा जारी प्रकल्पों की जानकारी लेते हुए अमीनगांव क्षेत्र में चल रहे विभिन्न बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं के कारण होने वाली यातायात की भीड़ को देखते हुए एकीकृत जिला आयुक्त कार्यालय के प्रवेश मार्ग को चौड़ा करने पर भी चर्चा हुई। उन्होंने वाहनों के निकलने के लिए एक और वैकल्पिक मार्ग की योजना पर जोर दिया। उन्होंने राज्य भर में जल्द ही फिर से शुरू होने वाले खेल महारण कार्यक्रम में जिले से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक



कदम उठाने पर भी जोर दिया। उन्होंने विभागों को कामरूप जिले में केंद्र और राज्य सरकारों की प्रमुख योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए हर संभव प्रयास करने का भी निर्देश दिया। जिला आयुक्त ने कृषि विभाग की पीएम किसान, लोक स्वास्थ्य तकनीकी विभाग की जल जीवन मिशन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। जिला आयुक्त ने विभागों को अपने-अपने विभाग के अंतर्गत चल रही योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट देने तथा योजनाओं के कार्यान्वयन के दौरान आने वाली समस्याओं को भी बैठक में उठाने का निर्देश दिया। बैठक में जिला विकास आयुक्त सुशांत कुमार दत्ता, अतिरिक्त जिला आयुक्त प्रणब दत्ता गोस्वामी, प्राणजीत देब, सुजाता गोगोई और मुनमी कलिता भी उपस्थित थे।

## कृषि नवाचार को प्रेरित करने के लिए चिरांग सहकारी सम्मेलन की तैयारी

**विकसित भारत समाचार**

**चिरांग।** सहकारिता विभाग, बीटीसी, 8 अक्टूबर, 2024 को चिरांग डीईएफ परेड ग्राउंड, डीसी कार्यालय में *चिरांग सहकारी सम्मेलन* का आयोजन कर रहा है। इस महत्वपूर्ण संगोष्ठी का उद्देश्य सहकारी क्षेत्र के भीतर संवाद और नवाचार को बढ़ावा देना है, विशेष रूप से कृषि प्रथाओं में विविधता लाने पर ध्यान केंद्रित करना। सम्मेलन में राज्यसभा सांसद रवांग्रा नरजारी, लोकसभा सांसद जोयंत बसुमतारी, ईएम बीटीसी रंजीत बसुमतारी और ईएम बीटीसी उकील मुशहरी सहित प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति से सम्मानित किया जाएगा। उपस्थित लोगों को पद्म श्री पुरस्कार विजेता स्वर्बेश्वर बसुमतारी, डॉ. राजीव भंडार कायस्थ, अकबर अली अहमद, डॉ. दिगंत गोगोई और रूलेन हजारिका सहित विशेषज्ञ वक्ताओं की एक पंक्ति से लाभ होगा। उनकी अंतर्दृष्टि इंटरैक्टिव कार्यशालाओं और नेटवर्किंग अवसरों से भरे एक दिन के लिए मंच तैयार करेगी, जो सहकारी प्रथाओं को बढ़ाने और वर्तमान चुनौतियों का समाधान करने के लिए डिजाइन किया गया है। चिरांग सहकारी सम्मेलन एक परिवर्तनकारी आयोजन होने का वादा करता है, जो कृषि समुदाय के लिए सार्थक चर्चाओं और व्यावहारिक समाधानों को प्रोत्साहित करता है।

## अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक *पर्यावरण संरक्षण-हमारा दायित्व* का मंचन किया गया



**गुवाहाटी।** अणुव्रत उद्बोधन सप्ताह (1 से 7 अक्टूबर) के अंतर्गत अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के तत्वावधान में अणुव्रत समिति विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसी के तहत शुक्रवार को पर्यावरण शुद्धि दिवस पर नुक्कड़ नाटक *पर्यावरण संरक्षण : हमारा दायित्व* का मंचन शुभम बिल्डवेल सोसायटी में अवकाश जम्मड़ एवं उनकी टीम (एक्टर विला) द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अणुविभा के असम एवं त्रिपुरा प्रभारी छत्तर सिंह चौरड़िया ने अणुव्रत गीत के संगान से की। समिति के अध्यक्ष बजरंग बैद ने स्वागत वक्तव्य दिया। सोसायटी के अध्यक्ष रमेश चंद जैन का समिति द्वारा फुलाम गामोछा, अणुव्रत आचार संहिता बोर्ड एवं अणुव्रत पत्रिका से सम्मान किया गया। इस अवसर पर रमेशचंद जैन ने समिति के कार्यों की सराहना की एवं कहा कि हमलोग मिलकर आगे भी इस तरह के कार्य करते रहेंगे। नाटक के द्वारा यह संदेश दिया गया कि पानी जीवन की मूलभूत आवश्यकता है, पानी व बिजली की बचत, प्रदूषण कमी और हमारी पृथ्वी को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है, पेड़-पौधे ऑक्सीजन के मुख्य स्रोत हैं और वायु प्रदूषण कम करते हैं। नाटक में अवकाश जम्मड़ के साथ मंजू डागा, इंदू डागा, सुश्री निशा बासफोर, संजय लुणावत, मीरा कोठारी, सुश्री लीना दास एवं सुश्री सुष्मिता ने शानदार अभिनय किया, जिनका समिति द्वारा सम्मान भी किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में समिति के संरक्षक सदस्य संतोष पुगलिया का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर समिति के सहमंत्री सम्पत मिश्र व सुरेश मालू भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन समिति के मंत्री संजय चौरड़िया ने किया।

## बकाया वेतन की मांग को लेकर रंगिया पौरसभा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**रंगिया ( निसं )।** रंगिया के पौरसभा कर्मचारियो ने प्रतिकूल मौसम के बावजूद भी विरोध प्रदर्शन किया। पौरसभा कर्मचारियों ने अपनी नौकरियों के सरकारी करण और बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर हड़ताल करते हुए धरना-प्रदर्शन किया। अखिल असम नगर निगम कर्मचारी संघ के अंतर्गत रंगिया पौर इकाई ने आज रंगिया पौरसभा कार्यालय के सामने में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो भविष्य में आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में रंगिया पौरसभा के अधिकांश कर्मचारियों ने भाग लिया।

शर्मा हार्डওয়ের
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित



राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 69 | गुवाहाटी | रविवार, 6 अक्तूबर, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

महात्मा गांधी ने हमें आध्यात्मिकता और आत्मनिर्भरता का मार्ग दिखाया... पेज 4
पूरा विश्व विभिन्न युद्धों से घिरा हुआ, शांति का संदेश वर्तमान समय की... पेज 5
लाहौर में पीटीआई और मरियम सरकार के बीच टकराव की आशंका पेज 7
कर्मठता, अनुशासन, पारिवारिक संस्कारों के साथ पीएम मोदी का हर काम देश... पेज 8

*मुख्यमंत्री ने जालुकबारी सह-जिला मुख्यालय का किया उद्घाटन*

## सह-जिलों से असम के जिला आधारित विकास मॉडल को गति मिलेगी : सीएम




**गुवाहाटी (हि.स.)।** शासन को विकेंद्रीकृत करने और दूरी के बोझ को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज जालुकबारी में आयोजित एक समारोह में जालुकबारी के लिए नए सह-जिला (सम जिला) मुख्यालय का औपचारिक उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि आवश्यक सरकारी सेवाओं तक समय पर पहुंच और जमीनी स्तर पर शासन लाकर नागरिक केंद्रित सेवाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए जिला स्तर से नीचे छोटी प्रशासनिक इकाइयां बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पहले चरण में 39 सह-जिलों की शुरुआत की है। इसके एक हिस्से के रूप में मुख्यमंत्री ने आज औपचारिक रूप से जालुकबारी सह-जिला का उद्घाटन किया और सह-जिला आयुक्त कार्यालय को लोगों की सेवा में समर्पित किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि असम के प्रशासनिक इतिहास में 4 और 5 अक्तूबर को एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जाएगा, क्योंकि 39 सह-जिलों के उद्घाटन से सभी प्रमुख सेवाएं लोगों के दरवाजे पर पहुंच जाएंगी। उन्होंने कहा कि विधायक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, मैंने देखा है कि कई निवासियों को जिला मुख्यालय में बुनियादी सेवाओं तक पहुंचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। यह वास्तव में एक चुनौती थी, जिसका लोगों ने सामना किया, जिसने नए जिलों की मांग को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि सह-जिला मुख्यालयों के शुभारंभ के साथ, हमने स्थानीय शासन को विकेंद्रीकृत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मेरा मानना है कि यह पहल दूरी के बोझ को खत्म करेगी और आवश्यक सेवाओं को लोगों के करीब लाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्ता के विकेंद्रीकरण के आदर्शों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जमीनी स्तर पर प्रभावी शासन के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, असम सह-जिलों को शुरू करने और संचालित करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है, जो जिले की लक्षित प्रशासनिक इकाइयां होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिसीमन की प्रक्रिया के बाद राज्य के सभी 126 विधानसभा क्षेत्रों में समान और सक्षम प्रशासनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण की आवश्यकता महसूस की गई। निकटतम् रिश्तेदार प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पीआरसी, भूमि संबंधी मामले आदि जैसे कार्यों के लिए जिला आयुक्तों के कार्यालय में जाना और समय व्यतीत करना लोगों के लिए बहुत कष्टकारी होता है। इसके अलावा, जिला आयुक्त भी ऐसे कार्यों में व्यस्त रहते हैं, जो समय डीसी जिले के विकास कार्यों के लिए खर्च कर सकते हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के आधार पर सह-जिला बनाने जैसे कदमों से जिले के लोगों का कीमती समय बचेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि लोगों ने उप-विभागों की मांग की है, लेकिन इन प्रशासनिक इकाइयों -शेष पृष्ठ पांच पर

## गुवाहाटी : आगामी दुर्गा पूजा में बारिश डाल सकती खलल



**गुवाहाटी।** असम की राजधानी में पिछले कुछ दिनों से बारिश हो रही है। इस वजह से हाल के दिनों में यातायात में भारी अव्यवस्था देखने को मिली है और आने वाले दिनों में यह एक बड़ी समस्या बन सकती है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में भारतीय मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी की है। साथ ही उन्होंने अगले दो सप्ताह तक क्षेत्र में सामान्य से कम तापमान की भविष्यवाणी की है। ऐसा मौसम निश्चित रूप से दुर्गा पूजा के त्यौहारी दिनों में खलल डाल सकता है, जिससे लोगों को पूजा पंडालों में जाने और शहर के कारोबार में बाधा उत्पन्न हो सकती है। राजधानी के विभिन्न हिस्सों में कई फ्लाईओवर परियोजनाओं का निर्माण भी चल रहा है। रुक्मिणीगांव, भरलुमुख और बीबीसीआई के पास के इलाके में नए प्रस्तावित फ्लाईओवर पर काम शुरू होने के बाद से यातायात की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन बारिश के साथ यात्रियों की समस्या कई गुना बढ़ जाती है। खुदाई से निकलने वाला कीचड़ और मलबा आमतौर पर साइट पर सड़क को ढक देता है। इस तरह यह इलाका दुर्घटनाओं -शेष पृष्ठ पांच पर

## जबलपुर के होटल में ब्लास्ट, एक की मौत, सात झुलसे

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में होटल वेलकम में ब्लास्ट हो गया है। बताया जा रहा है कि होटल में गैस पाइप लाइन की टेस्टिंग के दौरान यह ब्लास्ट हुआ है। इस घटना में एक युवती की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लोग घायल हो गए हैं। मृतका की पहचान जागृति के रूप में की गई है। घायलों में एक इंजीनियर समेत कई लोग शामिल हैं। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत -शेष पृष्ठ पांच पर

## एनआईए ने जैश-ए-मोहम्मद के 10 सदस्यों को हिरासत में लिया

**गुवाहाटी (हि.स.)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को असम पुलिस के सहयोग से ग्वालपाड़ा जिले के कृष्णई इलाके से प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के दस संदिग्ध सदस्यों को हिरासत में लिया है। सुरक्षा बलों ने आतंकी समूह के एक संदिग्ध ठिकाने पर छापामारी की। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने पुष्टि करते हुए कहा कि एनआईए ने जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आतंकवादियों के विरुद्ध आज राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया। असम पुलिस को 10 संदिग्धों को गिरफ्तार करने का जिम्मा दिया गया था। असम पुलिस ने सभी 10 संदिग्धों को गिरफ्तार कर एनआईए को सुपुर्द कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी एनआईए ही दे सकती है। सभी दस संदिग्धों को एक गुप्त स्थान पर ले जाकर उनसे पूछताछ की जा रही है। हिरासत में लिए गए लोगों पर आतंकी संगठन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में शामिल होने का संदेह है, जिसमें भर्ती, धन उगाही और हमलों की योजना बनाना शामिल है।

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

**सुप्रभात**

*अन्न के सिवाय कोई दूसरा धन नहीं है।*
- **आचार्य चाणक्य**

## हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक बनी रंगिया की दुर्गा पूजा



**रंगिया।** असम के रंगिया कस्बे में दुर्गा पूजा सांप्रदायिक सद्भाव का उत्सव है। दुर्गा पूजा हिंदुओं का त्योहार है और शायद बिहू के बाद सबसे ज्यादा मनाया जाने वाला त्योहार है। कस्बे के मुसलमान भी सदियों से दुर्गा पूजा के पीछे अपनी भूमिका निभाते आ रहे हैं। रंगिया में मूर्तियों को बनाने वाली सबसे पुरानी कार्यशालाओं में से एक अजंता शिल्पालय रंगिया और आस-पास के इलाकों में मूर्तियों की जरूरतों को पूरा करती रही है। कार्यशाला के मालिक ने शहर के मुसलमानों की तारीफ की है जो सदियों से उनकी कार्यशाला के लिए कच्चे माल की आपूर्ति करते रहे हैं। अजंता शिल्पालय के मौजूदा मालिक नंदापाल ने कहा कि मैं इस कार्यशाला को चलाने वाली -शेष पृष्ठ पांच पर

## हैती में सेवियन गिरोह के हमले में 70 लोगों की मौत

**पोर्ट-औ-प्रिंस (हि.स.)।** कैरिबियन देश हैती के छोटे शहर पोंट-सोंडे में गुरुवार को सशस्त्र सेवियन गिरोह (ग्रैन ग्रिफ गिरोह) के हमले में कम से कम 70 लोग मारे गए। पोंट-सोंडे राजधानी पोर्ट-औ-प्रिंस से लगभग 71 किलोमीटर (44 मील) उत्तर-पश्चिम में सेंट-मार्क के कम्यून में है। द हैतियन टाइम्स अखबार के अनुसार, डाकुओं के इस हमले में दर्जनों अन्य लोग घायल हो गए। कम से कम 3,000 लोग घर छोड़कर भाग गए। -शेष पृष्ठ पांच पर

*पाकिस्तान यात्रा पर एस जयशंकर की दो टूक*

## बातचीत करने नहीं जा रहा



**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान के दौरे पर जा रहे हैं। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच किसी भी तरह की वार्ता की संभावना को शनिवार को खारिज कर दिया और कहा कि यह एक बहुपक्षीय आयोजन है। जयशंकर ने स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच संबंधों को देखते हुए उनकी पाकिस्तान यात्रा मीडिया का काफी ध्यान आकर्षित करेगी, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि यह किसी बातचीत के लिए नहीं बल्कि एससीओ शिखर सम्मेलन की मजबूरी के कारण जरूरी है। उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह (यात्रा) एक बहुपक्षीय आयोजन के लिए होगी। मैं वहां भारत-पाकिस्तान संबंधों पर चर्चा करने नहीं जा रहा हूं। मैं वहां एससीओ का एक अच्छा सदस्य बनने जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि लेकिन आप जानते हैं, चूंकि मैं एक विनम्र और सभ्य व्यक्ति हूं, इसलिए मैं उसी के अनुसार व्यवहार करूंगा। गौरतलब है कि पाकिस्तान 15 और 16 अक्तूबर को -शेष पृष्ठ पांच पर

### न्यूज गैलरी

## कांगो में नाव हादसा 78 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** मध्य अफ्रीकी देश कांगो के पूर्वी हिस्से में किवु झील में सैकड़ों यात्रियों को ले जा रही एक नौका के पलट जाने से कम से कम 78 लोगों की मौत हो गई। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। दक्षिण किवु प्रांत के गवर्नर जीन-जैक्स पुरुसी ने बताया कि नाव पर 278 लोग सवार थे। उन्होंने कहा कि कम से कम 78 लोगों की मौत हो गई और मृतकों -शेष पृष्ठ पांच पर

## हरियाणा में मतदान के दौरान हिंसा, 30 जख्मी

**चंडीगढ़ (हि.स.)।** हरियाणा में हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बीच शनिवार को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है। शाम तीन बजे तक राज्य में औसतन 49.13 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के दौरान रोहतक और नूंह जिले में दो गुटों में संघर्ष के दौरान कम से कम 30 लोग जख्मी हो गए। रोहतक जिले के महम में सुबह हिंसा की घटनाएं हो रही हैं। पूर्व विधायक बलराज कुंडू व उनके निजी सहायक के कपड़े फाड़ने के बाद गांव भराण में बलराज कुंडू के भाई शिवराज कुंडू जब बूथ पर गए तो कुछ युवकों ने पुलिस व पैरामिलिट्री की मौजूदगी में उन पर हमला बोल दिया। पुलिस मूकदर्शक बनकर सारा घटनाक्रम देखती रही। इस बीच यहां कुंडू के समर्थकों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच खूनी संघर्ष हुआ। इसमें करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए। मौके पर मौजूद दबंगों ने शिवराज कुंडू को बंधक बना लिया। हंगामा बढ़ते देख अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर बुलाया गया। इस हंगामे के कारण करीब आधे घंटे तक मतदान -शेष पृष्ठ पांच पर

## हम बंटेंगे तो बांटने वाले महफिल सजाएंगे : प्रधानमंत्री मोदी



**मुंबई।** पीएम मोदी ने ठाणे में 32,800 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस और अजीत पवार भी मौजूद रहे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने मुंबई मेट्रो लाइन-3 के बीकेसी से आरे जेवीएलआर खंड का उद्घाटन किया, जिसकी लागत लगभग 14,120 करोड़ रुपए है। प्रधानमंत्री ने करीब 12,200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल परियोजना की आधारशिला रखी। इस दौरान मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा कि ये केवल मराठी और महाराष्ट्र का सम्मान नहीं है, बल्कि ये उस परंपरा का सम्मान है, जिसने इस देश को ज्ञान, दर्शन, अध्यात्म और साहित्य की समृद्ध संस्कृति दी है। मैं इसके लिए देश और दुनिया में मराठी बोलने वालों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज महायुति -शेष पृष्ठ पांच पर

## एग्जिट पोल : हरियाणा में कांग्रेस और जम्मू-कश्मीर में गठजोड़ की सरकार



**नई दिल्ली (हि.स.)।** दो राज्यों जम्मू-कश्मीर और हरियाणा से जुड़ी मतदान प्रक्रिया आज पूरी हो गई। मतदान के बाद आए एग्जिट पोल के अनुसार हरियाणा में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिल रहा है और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बहुपक्षीय मुकाबले में किसी को भी स्पष्ट बहुमत नहीं मिल रहा है। यहां सरकार बनाने के लिए गठजोड़ जरूरी होगा। हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों पर आज मतदान सम्पन्न हुआ। एग्जिट पोल के मुताबिक पिछले 10 साल से सत्तारूढ़ भाजपा को इस बार 20-32 तक सीटें मिल सकती हैं। वहीं राज्य में मुख्य विपक्षी पार्टी -शेष पृष्ठ पांच पर

## तेल ठिकानों पर इजराइली हमले की आशंका से ईरान में मचा हड़कंप



**नई दिल्ली।** लगभग मलबे में तब्दील हो चुके गाजा में लड़ाई के साथ-साथ इजराइली सैनिक दक्षिणी लेबनान में भी सैन्य अभियानों में लगे हुए हैं और दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। इसके अलावा बताया जा रहा है कि इजराइल की तैयारी ईरान के तेल ठिकानों को नष्ट करने की भी है। अगर ऐसा हुआ तो दुनिया में तेल के लिए हाहाकार भी मच सकता है। इसलिए पश्चिमी देशों के नेताओं ने इजराइल से संयम बरतने का आग्रह किया है। हम आपको बता दें कि इजराइल की ओर से ईरान पर हमले की जो तैयारियां की जा रही हैं उसमें सैन्य, आर्थिक और यहां तक कि परमाणु लक्ष्यों के खिलाफ हमले भी शामिल हैं। ईरान ने इजराइल की मंशा को भांप कर अपने तेल ठिकानों से तेल को दूसरी जगह स्थानांतरित करना शुरू कर दिया है। ईरान को पता है कि अगर एक भी तेल ठिकाने पर इजराइली मिसाइल गिरी तो पूरा देश लंका की तरह राख में तब्दील हो सकता है। देखा जाए तो ईरान के पास अपेक्षाकृत कमजोर हवाई सुरक्षा है इसलिए वह घबराहट में दिख रहा है। ईरान में इस समय हर ओर अफरातफरी का माहौल दिखाई दे रहा है। माना जा रहा है कि अगर परमाणु स्थलों पर हमला नहीं किया गया तो इजराइल सैन्य या आर्थिक ठिकानों पर हमले जरूर करेगा ताकि ईरान की कमर टूट जाए। दुनिया के कई देश ईरान से तेल का आयात करते हैं जिससे तेहरान को बड़ी आय होती है। यदि ईरान के तेल ठिकाने नष्ट हुए तो दुनिया में तेल की कमी होगी जिससे इस जरूरी ईंधन के भाव बढ़ेंगे और वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ेगी। हम आपको बता दें कि ताजा खबर यह है कि आज तड़के लेबनान के उत्तरी शहर त्रिपोली पर पहली बार इजरायली हमला हुआ इसके बाद बेरूत के उपनगरों में जोरदार बमबारी हुई और इजरायली सैनिकों ने दक्षिणी लेबनान में जमीनी अभियान भी शुरू कर दिया है। इजराइल के तेवर दर्शा रहे हैं कि वह दुश्मन को चारों ओर से -शेष पृष्ठ पांच पर

## नक्सलवाद के विरुद्ध बड़े ऑपरेशन की तैयारी में मोदी सरकार




**नई दिल्ली।** मोदी सरकार में हुए लगातार प्रहार से सिमटते जा रहे नक्सलवाद पर अब अंतिम प्रहार की तैयारी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को नक्सल प्रभावित राज्यों के साथ नई दिल्ली में बैठक करने जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में जनकल्याणकारी योजनाओं में तेजी लाकर इन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के प्रयास के साथ ही सरकार 2026 तक देश को नक्सलमुक्त करने के लिए बड़े ऑपरेशन की रूपरेखा बना सकती है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के विरुद्ध अभी हुई बड़ी कार्रवाई के बीच नक्सली भागकर अन्य राज्यों में शरण न ले सकें, इसे लेकर भी राज्यों को सतर्क और सक्रिय करने की रणनीति अपनाई जा सकती है। अभी ताजा घटनाक्रम है कि छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने 32 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। राज्य में इस वर्ष लगभग 193 नक्सली मारे जा चुके हैं। सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं, सभी प्रभावित राज्यों में लगातार हुई नक्सलरोधी कार्रवाई का ही परिणाम है कि मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड जैसे राज्यों में नक्सली गतिविधियों पर लगभग विराम लग -शेष पृष्ठ पांच पर

# पूरा विश्व विभिन्न युद्धों से घिरा हुआ, शांति का संदेश वर्तमान समय की अनिवार्यता : मुख्यमंत्री धामी



**सिरोही ( हिंस )।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान के मुख्यालय शांतिवन में चल रहे वैश्विक शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को वक्ताओं ने *वसुधैव कुटुम्बकम्* विषय पर चिंतन-मंथन किया। सुबह के सत्र में मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारतीय जीवन दर्शन का सार है वसुधैव कुटुम्बकम। आज पूरा विश्व विभिन्न युद्धों से घिरा हुआ है और लोग वास्तव में तृतीय विश्व युद्ध होने की आशंका भी व्यक्त कर रहे हैं। ऐसे समय में अयं निज: परोवेति गणना लघुचेतसाम् उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम् का संदेश विश्व की शांति के लिए है। यह केवल एक शांति का उपदेश नहीं है, बल्कि वर्तमान समय और परिवेश में एक अनिवार्यता है। सीएम धामी ने कहा कि जैसे नई टेक्नोलॉजी हमें भौतिक सुख प्रदान करती है, वैसे ही आध्यात्मिकता हमें आंतरिक सुख प्रदान करती है। साथ ही शरीर, मन और आत्मा में संतुलन बनाने का काम करती है। वर्तमान में ब्रह्माकुमारीज संस्था नैतिक मूल्यों से लोगों को पथ प्रदर्शित कर रही है। पूरे विश्व के अंदर करोड़ों लोगों के जीवन में बदलाव लाने का कार्य ब्रह्माकुमारीज संस्थान कर रहा है। आध्यात्मिक चिंतन से हमारे जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। इस बदलाव को मैंने अपने जीवन में स्वयं भी महसूस किया है। आध्यात्मिकता केवल जीवन की आवश्यकता नहीं है, बल्कि जीवन की अनिवार्यता है। ब्रह्माकुमारीज एक संस्थान ही नहीं है बल्कि यह कलियुग से सतयुग की स्थापना का एक महान कार्य है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मैं आज यहां स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण में आध्यात्मिकता की महत्वपूर्ण भूमिका को समझने के लिए आया हूं। मैं आप सभी लोगों के बीच जिज्ञासु बनकर आया हूं। यहां आने के बाद अपने भीतर विशेष प्रकार की आंतरिक शांति की अनुभूति हो रही है। करीब 15 साल से ब्रह्माकुमारीज के कार्यक्रमों में जाता रहा हूं। मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी से मुलाकात हुई, उनका आशीर्वाद मिला। खुद को बहुत धन्य महसूस कर रहा हूं। इस दौरान जी मीडिया के प्रबंध संपादक राहुल सिन्हा और जयपुर के दैनिक भास्कर के राज्य संपादक मुकेश माथुर को पत्रकारिता में उनके उल्लेखनीय योगदान पर ब्रह्माकुमारी ? की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्र चेतना पुरस्कार से सम्मानित किया।

# प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों में सभी सीटों पर खिलेगा कमल : मदन राठौड़



**जयपुर ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश के आगामी उप चुनावों को लेकर पूर्ण रूप से तैयार है। भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में लगा दिया है। भाजपा *हर कार्यकर्ता को काम और हर काम के लिए कार्यकर्ता* के ध्येय वाक्य पर निरंतर कार्य कर रही है। ऐसे में संगठन स्तर से आगामी सभी विधानसभा उपचुनावों को लेकर रणनीति तैयार कर ली गई है। भाजपा अपनी सीट पर तो जीत दर्ज करवाएगी ही, वहीं कांग्रेस से उनकी सीट छीन लेंगी और सभी 7 सीटों पर कमल खिलेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा के द्वारा दिए जा रहे बयानों पर कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार लगातार जनहितैषी कार्य कर रही है। भाजपा सरकार मजबूत, सुदृढ़ और अपने एजेंडे पर कार्य करनी वाली सरकार है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को अपनी पार्टी को संभालना चाहिए। कांग्रेस की हो रही दुर्गति को संभालने की बजाए, डोटासरा ताक झांक कर रहे है यह अच्छी आदत नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी है। कोई भी दलित नेता अगर आगे बढ़ता है तो कांग्रेसी उसे टारगेट करते है। कांग्रेस पार्टी हल्की और स्तरहीन राजनीति पर उतर आई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है जो दलित, वंचित और शोषित वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहे है और इन वर्गों को समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ने का कार्य कर रहे है। दलित वर्ग को भी समाज के चलने का अधिकार दिला रहे है और दलित नेताओं को भी राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रहे है।

# जलवायु परिवर्तन गंभीर चुनौती, जनभागीदारी से ही बचेगी धरती : केंद्रीय मंत्री चौधरी




**बीकानेर ( हिंस )।** केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री मंत्री जयंत चौधरी ने शनिवार को राजकीय डूंगर कॉलेज के गांधी वन में संस्था वन का निरीक्षण किया। उन्होंने इस कार्य को पर्यावरण बचाने के लिए प्रेरित करने वाला बताया। इस अवसर पर उन्होंने पारिवारिक वानिकी पर श्रीगंगानगर, अनूपगढ़, हनुमानगढ़, चूरू, बीकानेर और फलौदी सहित 6 जिलों के पारिवारिक वानिकी समिति के प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन पूरे विश्व के सामने सर्वाधिक गंभीर चुनौती है। आम लोगों की प्रत्यक्ष भागीदारी से ही जलवायु को बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश में आदिवासियों की परंपराएं जलवायु को बचाने का जरिया रही हैं। सरकार इन परंपराओं को अक्षुण्ण रखने के लिए प्रयत्नशील है। इस अवसर पर उन्होंने राजकीय डूंगर कालेज में खेल सुविधाएं विकसित करने लिए सांसद निधि से 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि कालेज द्वारा प्रस्ताव भिजवाने पर सांसद निधि से यह राशि जारी कर दी जाएगी। चौधरी ने कहा कि पारिवारिक वानिकी कार्य का नेतृत्व करने वाले डॉ. श्याम सुंदर ज्याणी के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इन कार्यों कोदेश के साथ विदेश में भी सराहना मिली है। उन्होंने कहा कि जलवायु संरक्षण में आम लोगों की भागीदारी जरूरी है। विशेष तौर पर युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जोड़ना जरूरी है। इस पहल से पर्यावरण संरक्षित होगा और हर परिवार पौधारोपण के लिए प्रेरित होगा। इससे पहले चौधरी और दिलावर ने राजकीय डूंगर कालेज में विकसित गांधी वनज का अवलोकन किया। इस दौरान डॉ. ज्याणी ने इस वन में रोपित पौधों और पारिवारिक वानिकी की जानकारी दी।

# घुमंतू समाज ने हर कालखंड में अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष किया : बाबूलाल



**जयपुर ( हिंस )।** घुमंतू समाज ने हर कालखंड में अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष किया। इन्होंने अपनी जन्मभूमि छोड़ दी, लेकिन अपना धर्म नहीं छोड़ा। ये उद्गार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जयपुर प्रांत प्रचारक बाबूलाल ने शुक्रवार शाम को स्वस्तिक भवन, अम्बाबाड़ी, जयपुर में आयोजित घुमंतू जाति उत्थान न्यास - जयपुर महानगर घुमंतू तीर्थ योजना के अंतर्गत घुमंतू युवा मेवाड़ दर्शन यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम को मुख्यवक्ता के रूप में संबोधित करते समय व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारत में अनादिकाल से देशाटन की परम्परा रही है, जिसको तीर्थाटन, भारत भ्रमण और भारत दर्शन भी कहा गया है। यहां तक कि प्रशासनिक सेवा के नवचयनित प्रशिक्षुओं को भी भारत दर्शन पर जाना अनिवार्य होता है। इसका मूल भाव होता है कि हम क्या हैं, इसको समझना। इससे हमारा विचार वैश्विक बनता है। इस विचार के आधार पर ही भारत ने *वसुधैव कुटुम्बकम्* का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यधारा में आने के लिए घुमंतू समाज को सहसमाज के साथ एकाकार होना होगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि घुमंतू समाज के युवाओं को मेवाड़ के ऐतिहासिक प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन करवाने की यह यात्रा सराहनीय है। इससे युवाओं में राष्ट्र गौरव का भाव और अधिक प्रबल होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिद्धी विनायक अस्पताल चौमूं के निदेशक डॉ. एलएन रुण्डला ने की। उन्होंने इस कार्यक्रम से जुड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए घुमंतू समाज के उत्थान के लिए हमेशा अपना योगदान देने के लिए उद्यत रहने की बात कही। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए घुमंतू जाति उत्थान न्यास जयपुर महानगर के संयोजक राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि 1857 की क्रांति में घुमंतू समाज का बड़ा योगदान था। यह समाज हथियार बनाने में निपुण था और व्यापार करने के लिए कई नगरों में जाता थे, इसलिए रास्तों का भी ज्ञान था। अंग्रेजों ने इन्हें अपराधी घोषित कर दिया। यह स्थिति स्वाधीनता के बाद भी अधिक नहीं बदली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इनके लिए शिक्षा और बाल संस्कार केंद्र शुरू किए। इन्हें तीर्थ यात्राएं करवाई। इनके लिए रोजगार मेले आयोजित किए। सौभाग्य से वर्तमान सरकार भी इनके प्रति संवेदनशील है, जिसके चलते दो अक्तूबर को 21 हजार परिवारों को जमीन के निशुल्क पट्टे वितरित किए गए हैं। अब इस समाज को तीर्थाटन से जोड़ने का दायित्व भी संघ प्रेरित संगठन घुमंतू उत्थान न्यास निभा रहा है। उन्होंने बताया कि मेवाड़ दर्शन यात्रा छह अक्तूबर तक रहेगी। इसमें घुमंतू समाज के सौ युवा शामिल हैं। सभी युवा महाराणा प्रताप से जुड़े हल्दीघाटी सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों व मार्ग में आने वाले प्रसिद्ध मंदिरों व किलों का भ्रमण करेंगे।

# जैसलमेर-बाड़मेर हाईवे पर मिनी बस सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ी, तीन की मौत

**बाड़मेर ( हिंस )।** बाड़मेर के शिव इलाके में सगाई कार्यक्रम से लौट रही मिनी बस जैसलमेर-बाड़मेर हाईवे 68 पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ गई। हादसे में पिता सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 लोग घायल हो गए हैं। जिस युवक की सगाई हुई है, वह भी घायल हुआ है। मृतकों में इसके पिता भी शामिल हैं। 11 की हालत गंभीर है, जिन्हें बाड़मेर और जैसलमेर के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। शिव थाने के हैड कांस्टैबल इंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात खोड़ाल गांव स्थित खेतों में काम करके आठ लोग ट्रैक्टर से रवाना हुए थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली के पीछे रिफ्लेक्टर नहीं था। नेशनल हाईवे-68 पर चढ़ने के कुछ आगे चलने के बाद ट्रैक्टर के ड्राइवर ने गाड़ी सड़क किनारे रोक दी। पलभर बाद ही पीछे से आई मिनी बस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। गाड़ी अभी खोड़ाल गांव से बाहर नहीं निकल पाई थी। मिनी बस में सवार जैसलमेर की वाल्मीकि कॉलोनी निवासी अल्लाह बचाया खान (65) ने शुक्रवार को अपने बेटे की बाड़मेर में सगाई की थी। परिवार के 11 लोग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बस से जैसलमेर से बाड़मेर गए थे। रात में ये लोग वापस जैसलमेर लौट रहे थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने के बाद बस पलट गई। इसमें सवार लोग अंदर फंस गए। आसपास के गांव के लोगों ने उन्हें शीशे तोड़कर निकाला और पुलिस को सूचना दी। शिव थाना पुलिस मौके पर पहुंची। छह घायलों को शिव (बाड़मेर) हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बाड़मेर जिला हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। आठ लोगों को फतेहगढ़ (जैसलमेर) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां से सभी को जैसलमेर जिला मुख्यालय रेफर कर दिया गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बाड़मेर में इलाज के दौरान ढेली (55) पत्नी हकीम खान निवासी बरियाड़ा (शिव) की मौत हो गई। यह महिला ट्रैक्टर में सवार थी। वहीं जैसलमेर में इलाज के दौरान बस सवार चचेरे भाइयों मोहम्मद हनीफ (65) पुत्र उस्मान गनी निवासी गांधी कॉलोनी (जैसलमेर) और अल्लाह बचाया (65) पुत्र मोहम्मद गुल निवासी वाल्मीकि कॉलोनी (जैसलमेर) की मौत हो गई। बस में सवार अहसान ने बताया कि अल्लाह बचाया खान के बेटे की सगाई का कार्यक्रम था। चार अक्तूबर की रात में जैसलमेर लौटते समय दुर्घटना हो गई। ट्रॉली में घास भरी थी। सगाई कार्यक्रम में शामिल बाबू खां, अशरफ खां, मेहबूब खां, अकबर अली, साजन अली, रातु खां व दो अन्य को जैसलमेर के जवाहिर हॉस्पिटल लाया गया था। यहां से तीन गंभीर घायलों को जोधपुर रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलने के बाद देर रात तक अस्पताल में परिजन और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# महिला कांग्रेस नेत्री के साथ छेड़छाड़ पर राजनीति गरमाई

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार समाप्त होने से एक दिन पहले हिसार के नारनौंद में दीपेंद्र हुड्डा के कार्यक्रम के दौरान महिला नेत्री के साथ छेड़छाड़ का वीडियो वायरल होने के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी शनिवार को इस मामले में खुलकर मीडिया के सामने बोले तो कुमारी सैलजा ने युवा नेत्री के साथ बातचीत करके आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। दो दिन पहले दीपेंद्र हुड्डा प्रचार के लिए नारनौंद से प्रत्याशी जस्सी पेटवाड़ के पक्ष में रैली को संबोधित करने के लिए गए थे। रैली के दौरान मंच पर कांग्रेस नेत्री सोनिया दूहन के साथ एक व्यक्ति द्वारा छेड़छाड़ की गई।

## पृष्ठ तीन का शेष

### सह-जिलों से ...

में बहुत अधिक शक्ति निहित नहीं है। जबकि, सह-जिलों को अधिक शक्तियां प्रदान की गई हैं, जिससे वे लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक सशक्त बन सकेंगे। ये 39 सह-जिले नागरिक केंद्रित सेवाओं को सुव्यवस्थित करेंगे, क्योंकि उनका संचालन एक निर्धारित भौगोलिक क्षेत्र पर केंद्रित होगा। डॉ. शर्मा ने उम्मीद जताई कि सह-जिला जिले के समग्र विकास की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए लक्षित क्षेत्रों में एकजुट होकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने डीसी के साथ अपनी नियमित समीक्षा बैठकों में असम के विकास में जिला आधारित विकास मॉडल के महत्व को रेखांकित किया है और सह-जिला इस दृष्टि को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण घटक बन जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो दिनों में उनके सहित मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने सह-जिलों के कार्यालयों को लोगों की सेवा के लिए समर्पित किया है। डॉ. शर्मा ने कहा कि यह एक बड़ा प्रशासनिक सुधार है और असम के लोगों के लिए *जीवन की सुगमता* सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान राज्य सरकार के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सह-जिलों के पास भूमि राजस्व, प्रशासनिक और मजिस्ट्रेटी शक्तियां, खाद्य और नागरिक आपूर्ति, आबकारी, आपदा प्रबंधन, लोगों के विकास और कल्याण कार्यों जैसी सेवाओं पर अधिकार क्षेत्र होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस केंद्रित दृष्टिकोण से लोगों की सुविधा और राज्य के विकास के लिए सेवा वितरण में दक्षता सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने सह-जिला मुख्यालय का उद्घाटन करते हुए जालुकबाड़ी सह-जिला मुख्यालय के परिसर में *बकुल* का पौधा भी लगाया। इस अवसर पर गुवाहाटी की सांसद बिजुली कलिता मेधी, जीएमसी के मेयर मृगेन शरणिया और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### गुवाहाटी : आगामी दुर्गा...

के लिए संवेदनशील हो जाता है, खासकर जब दोपहिया वाहन इसमें शामिल होते हैं। इसके अलावा निर्माण कार्य के कारण वाहनों के लिए जगह कम हो जाती है, जिससे चिकन-नेक क्षेत्र बन जाता है और यातायात जाम की समस्या पैदा होती है। इसके अलावा, दुर्गा पूजा उत्सव से पहले खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोग आस-पास के इलाकों से गुवाहाटी आते हैं। बारिश और फ्लाईओवर निर्माण की अन्य दो समस्याओं के साथ, इस मौसम में शहर में वाहनों की बढ़ती संख्या यात्रियों के लिए समस्याओं को और बढ़ा देती है। दुर्गा पूजा उत्सव शुरू होने में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है, ऐसे में यह देखना बाकी है कि क्या मौसम में सुधार होता है और अधिकारी गुवाहाटी में यातायात की समस्या को कम करने में सक्षम होते हैं, या फिर गुवाहाटीवासियों को आगामी पूजा उत्सव के दौरान भी इसी तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### जबलपुर के होटल ...

दल मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। आपको बता दें कि जबलपुर नागपुर रोड में तिलवारा पुल के पास बने इस होटल का उद्घाटन अभी बाकी है।

### हिंदू मुस्लिम एकता...

तीसरी पीढ़ी हूं। हमारी कार्यशाला 1950 के दशक से चल रही है। यहां कोई हिंदू या मुसलमान नहीं है। हिंदू और मुसलमान पीढ़ियों से हमें समान रूप से सामग्री की आपूर्ति कर रहे हैं। अपने एक आपूर्तिकर्ता अब्दुल रहमान का जिक्र करते हुए पाल कहते हैं कि अब्दुल लंबे समय से हमें मिट्टी और चावल की भूसी की आपूर्ति कर रहे हैं। मैं और अब्दुल दोनों अब बूढ़े हो चुके हैं, वह हमारे स्थायी आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। इसी तरह, पाल ने कहा कि खबीर अहमद उन्हें लकड़ी, चावल की भूसी और घास का ढेर प्रदान करते हैं, जो मूर्तियों को बनाने के लिए आवश्यक हैं। मूर्ति निर्माताओं को दुर्गा और अन्य मूर्तियों को बनाने के लिए विशेष मिट्टी की आवश्यकता होती है। पाल ने कहा कि हमें मूर्तियां बनाने के लिए बहुत सारे बांस की भी जरूरत होती है। हिंदू और मुसलमान दोनों ही हमें इस मौसम में जरूरी बांस मुहैया कराते हैं। असम की राजधानी गुवाहाटी से लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित रंगिया एक चहल-पहल वाला शहर है, जहां कम से कम 15 छोटे और बड़े पूजा पंडाल हैं। पाल का अजंता शिल्पालय मूर्तियों के लिए एक मशहूर कार्यशाला है और इस बार उन्होंने और उनकी टीम ने 15 दुर्गा मूर्तियां बनाई हैं - जबकि उनमें से आठ को बाहरी इलाकों में स्थित पूजा पंडालों में ले जाया जाएगा, उनकी सात मूर्तियां केवल रंगिया शहर में स्थित पंडालों में ले जाई जाएंगी।

### हैती में सेवियन...

हैती में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के प्रवक्ता थमीन अल-खेतान ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की है। स्थानीय लोगों ने पुलिस अधिकारियों को संदेश भेजकर मदद की गुहार लगाई है। इस हमले ने पोंट सोंडे क्षेत्र और सेंट-मार्क जैसे पड़ोसी क्षेत्रों के निवासियों में दहशत पैदा कर दी है।

### बातचीत करने नहीं ...

एससीओ शासनाध्यक्ष परिषद (सीएचजी) की बैठक की मेजबानी कर रहा है। अपनी यात्रा के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि मैं इस महीने के मध्य में पाकिस्तान जाने वाला हूं और वह एससीओ शासनाध्यक्षों की बैठक के लिए है। आम तौर पर, प्रधानमंत्री राष्ट्राध्यक्षों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में जाते हैं। यह परंपरा के अनुरूप है। इस साल यह बैठक इस्लामाबाद में हो रही है, क्योंकि यह समूह का नया सदस्य है, बिल्कुल हमारी तरह।

### हरियाणा में मतदान...

प्रक्रिया बाधित हुई। महम विधानसभा हलके की ही एक वीडिया वायरल हो रही है जिसमें कुछ महिलाएं एक महिला को गली में घसीटते हुए ले जा रही हैं। इस बीच नूंह में तीन जगहों पर पथराव व मारपीट की खबर है। नूंह में कांग्रेस व बसपा कार्यकर्ताओं के बीच हुई पथरबाजी की घटना में आधा दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद नूंह में अंतिम पैरा मिलिट्री फोर्स को तैनात कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार राज्य में 03 बजे तक औसतन 49.13 फीसदी मतदान हुआ है। अंबाला जिले में 49.39, भिवानी में 50.31, चरखी दादरी में 47.8, फरीदाबाद जिले में 41.74, फतेहाबाद जिले में 52.46, गुरुग्राम में 38.61, हिसार जिले में 51.25, झज्जर जिले में 49.68, जींद जिले में 53.94, कैथल जिले में 50.58, करनाल जिले में 49.17, कुरुक्षेत्र जिले में 52.13, महेंद्रगढ़ जिले में 53.67, नूंह जिले में 56.59, पलवल जिले में 56.02, पंचकूला जिले में 42.60, पानीपत जिले में 49.40, रेवाड़ी जिले में 50.22, रोहतक जिले में 50.62, सिरसा जिले में 48.78, सोनीपत जिले में 45.86, यमुनानगर जिले में 56.79 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

### हम बंटेंगे तो बांटने ...

सरकार ने मुंबई एमएमआर में 33,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं शुरू की हैं। इसके अलावा, 12,000 करोड़ रुपए से अधिक की ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो रेल की नींव रखी गई है। ये विकास कार्य मुंबई और ठाणे को आधुनिक पहचान देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि ठाणे से बाबा साहेब ठाकरे का खास लगाव था। ये स्व. आनंद दिघे जी का भी शहर है।

### एग्जिट पोल : हरियाणा में ...

कांग्रेस को 55 से 62 सीटें मिल सकती हैं। दूसरी ओर जम्मू-कश्मीर में बहुपक्षीय मुकाबला है। यहां की 90 विधानसभा सीटों पर कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेस का गठबंधन है। भाजपा, पीडीपी और अन्य पार्टियां स्वतंत्र लड़ रही हैं। यहां के एग्जिट पोल के आंकड़ों के अनुसार कांग्रेस-एनसी गठबंधन को 40 से ज्यादा सीटें मिल सकती हैं। वहीं भाजपा अपने दम पर सबसे बड़ी पार्टी बनते हुए 27 से अधिक सीटें जीत सकती है। हरियाणा के एग्जिट पोल के संबंध में *दैनिक भास्कर* के अनुसार भाजपा को 55 से 59, कांग्रेस को 44 से 54, जेजेपी को एक और स्वतंत्र को 01 से 05 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। वहीं *ध्रुव रिसर्च* के मुताबिक भाजपा 22 से 32, कांग्रेस 50 से 64 सीटें हासिल कर सकती है। *पीपल्स पुल्स* के मुताबिक भाजपा 20 से 32, कांग्रेस 49 से 61 और अन्य तीन से चार सीटें ले सकते हैं। वहीं, जम्मू-कश्मीर के सर्वे की बात की जाए तो *दैनिक भास्कर* के अनुसार भाजपा 20 से 25 सीटें, कांग्रेस-एनसी गठबंधन 35 से 40, पीडीपी 04 से 07 और अन्य 12 से 16 सीटें हासिल कर सकते हैं। *इंडिया टुडे-सी* वोटर सर्वे के मुताबिक भाजपा 27 से 32, कांग्रेस-एनसी 40 से 48, पीडीपी 6 से 12 और अन्य 6 से 11 सीटें जीत सकते हैं। पीपल्स पुल्स के अनुसार भाजपा 23 से 27, कांग्रेस-एनसी 46 से 50, पीडीपी 7 से 11 और अन्य 4 से 6 सीटें हासिल कर सकते हैं।

### तेल ठिकानों पर ...

घेरकर घर में घुसकर मारेगा और मारते मारते आखिरकार मार डालेगा। लेबनान के ईरान समर्थित सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह के साथ लगभग एक साल तक हल्के फुल्के संघर्ष के बाद अब इजराइल ने अपने हमलों का तेजी से विस्तार किया है। पहले लड़ाई ज्यादातर इजराइल-लेबनान सीमा क्षेत्र तक ही सीमित थी लेकिन अब यह लेबनान के अंदर पहुंच गई है। इजराइल ने बेरूत के घनी आबादी वाले दक्षिणी उपनगरों, जो हिजबुल्लाह का गढ़ हैं, वहां पर रात में बमबारी की। एक सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि वहां के निवासियों को जगह खाली करने के लिए तीन अलर्ट जारी किए गए और उसके बाद धमाके शुरू कर दिए गए। बताया जा रहा है कि इजराइल के ताजा हमले में हिजबुल्लाह के सैंकड़ों लड़ाके मारे गए हैं। इस बारे में इजराइल ने कहा है कि उसने दक्षिणी उपनगरों में हिजबुल्लाह के खुफिया मुख्यालय को निशाना बनाया था। इस बीच, लेबनान की सरकार का कहना है कि साल भर में वहां 2,500 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें से अधिकतर पिछले दो हफ्तों में मारे गए हैं। बताया जा रहा है कि लेबनानी रेड क्रॉस, लेबनानी सार्वजनिक अस्पतालों और हिजबुल्लाह से संबद्ध बचाव कर्मियों सहित चिकित्सा टीमों और चिकित्सा सुविधाओं में लगे हुए कर्मियों पर हमले भी बढ़ गए हैं। हम आपको बता दें कि लेबनान में हिजबुल्लाह की समानांतर सरकार है। वर्तमान में लेबनानी सेना इजराइल के हमलों का जवाब नहीं दे रही है, बल्कि हिजबुल्लाह के सदस्य हमलों का जवाब दे रहे हैं।

### नक्सलवाद के विरुद्ध ...

चुका है। बाकी के राज्यों छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध प्रदेश, तेलंगाना आदि में भी यह खात्मे की कगार पर हैं। उल्लेखनीय है कि अगस्त में रायपुर में हुई बैठक में गृह मंत्री शाह ने 2026 तक देश को नक्सलमुक्त करने का संकल्प दोहराते हुए कहा था कि अब नक्सलवाद पर अंतिम प्रहार की रणनीति बनाने की आवश्यकता है। साथ ही कहा था कि नक्सलियों के पास अभी बहुत कम समय बचा है, वह चाहें तो आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौट सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, सोमवार को गृह मंत्री द्वारा की जा रही बैठक इसी अंतिम रणनीति को अमल में लाने की तैयारी के लिए है। इसमें नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक सहित केंद्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, केंद्रीय सुरक्षा व खुफिया एजेंसियों के शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे। बताया गया है कि इन सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से आग्रह किया जाएगा कि वह राजनीतिक पहलू को किनारे कर पूरी इच्छाशक्ति के साथ नक्सलवाद के खात्मे में लगें। सुरक्षा बलों द्वारा नक्सलियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की नियमित निगरानी का जिम्मा राज्यों के पुलिस महानिदेशकों को सौंपा जा सकता है, जबकि मुख्य सचिवों से अपेक्षा रहेगी कि वह नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सरकार की विकास योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारने के प्रयास में जुटें, ताकि इन क्षेत्रों के निवासियों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले और वहां नक्लियों को फिर से पैर पसाने का अवसर न मिले। महत्वपूर्ण यह भी है कि छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने गत दिवस ही नक्सलियों पर कड़ी कार्रवाई की है। भय के कारण यह नक्सली अन्य राज्यों में शरण न पा सकें, इसलिए भी अन्य राज्यों को सतर्क किया जा सकता है।

### कांगो में नाव ...

की संख्या बढ़ सकती है। इससे पहले प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नौका पर क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। किटुकू बंदरगाह से कुछ मीटर की दूरी पर नौका डूब गई। यह घटना उस वक्त हुई जब नौका दक्षिण किवु प्रांत के मिनोवा से उत्तर किवु प्रांत के गोमा जा रही थी। इससे पहले जून में, राजधानी किंशासा के पास एक नौका डूबने से 80 यात्रियों की जान चली गई थी। जनवरी में, माई-नडोम्बे झील में नौका डूबने से 22 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले जून में कांगो की राजधानी किंशासा के पास एक नाव डूबने से 80 यात्रियों की जान चली गई थी। जनवरी में माई-नडोम्बे झील में नाव डूबने से 22 लोगों की मौत हो गई थी। कांगो में ऐसी घटनाएं काफी आम हैं। यहां नाव में क्षमता से ज्यादा लोग और सामान भरा जाता है। वहीं, यात्रियों को लाइफ जैकेट भी नहीं दी जाती। ऐसे में लहर उठने पर नाव पलट जाती है। इसके बाद रेस्क्यू ऑपरेशन मुश्किल होता है। इस हादसे में भी ऐसा ही हुआ। नाव में क्षमता से ज्यादा सामान था। पहले पानी शांत था, लेकिन बाद में लहरें चलने लगीं और नाव डूब गई। हादसे में सुरक्षित बचने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि पहले सब शांत था फिर लहरें चलने लगी और बोट झुक गई। ऐसे में ऊपर सवार लोग पानी में कूदने लगे और धीरे-धीरे पूरी बोट डूब गई। एक अधिकारी ने कहा कि मौत का सही आंकड़ा पता करने में कम से कम तीन दिन लग सकते हैं।

संपादकीय

# हरियाणा में बदलाव का चुनाव

**हरियाणा** में मतदान के साथ ही इस दौर का चुनाव सम्पन्न हो जाएगा। जम्मू-कश्मीर में मतदान हो चुका है, जो ऐतिहासिक और शांत रहा। अब दोनों का ही जनादेश 8 अक्तूबर को सार्वजनिक किया जाएगा। ये जनादेश प्रधानमंत्री मोदी की सत्ता की निरंतरता और भाजपा के वर्चस्व के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। दीपावली के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं। जम्मू-कश्मीर में उपराज्यपाल के जरिए केंद्र सरकार का ही शासन है। अब यह संघशासित क्षेत्र है, जहां 2014 के बाद अब चुनाव कराए गए हैं। हरियाणा में 2014 से ही भाजपा की सत्ता है। इन 10 सालों में राजनीतिक और चुनावी समीकरण बिल्कुल बदल गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्वास करते हुए जाट, दलित, ओबीसी समुदायों ने 2014 और 2019 के चुनावों में भाजपा के पक्ष में जो समर्थन और वोट दिए थे, अब 2024 के लोकसभा चुनाव तक बिल्कुल पलट गए हैं। ये समर्थन और मतदान करीब आधे रह गए हैं। हरियाणा में जाट सर्वाधिक 25 फीसदी से अधिक हैं, जबकि दलित आबादी 21 फीसदी है। ये सबसे ताकतवर समुदाय हैं, जो हरियाणा के जनादेश की दशा और दिशा तय कर सकते हैं। इनके अलावा, कोई अन्य समुदाय इतना एकजुट नहीं है। हरियाणा में इन 10 सालों में कोई जाट मुख्यमंत्री नहीं रहा, यह आश्चर्यजनक तथ्य है। हालांकि 2019 में भाजपा ने 'जननायक जनता पार्टी' (जेजेपी) के गठबंधन में सरकार बनाई थी, लिहाजा जेजेपी के नेता दुष्यंत चौटाला को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था, लेकिन वह जाटों के 'प्रतीकात्मक प्रतिनिधि' ही थे। इस बार जाट अपना मुख्यमंत्री बनाने के मूड में हैं। भाजपा के मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ओबीसी नेता हैं, लिहाजा अधिकतर जाट समुदाय भाजपा के खिलाफ ही रहेगा। चूंकि किसान, जवान (अग्निवीर) और पहलवान इन चुनावों के बुनियादी मुद्दे रहे हैं और ये तीनों क्षेत्र जाटों के करीब हैं। खेती में तो 70 फीसदी से ज्यादा जाट ही काम करते हैं। इस तरह जो भी चुनावी ध्रुवीकरण होगा, वह भाजपा-विरोधी हो सकता है। इनके अलावा, बेरोजगारी, सत्ता-विरोधी रुझान, जातीय समीकरण और विभाजन, पेंशन आदि ऐसे मुद्दे हैं, जो हरियाणा के चुनाव को निश्चित तौर पर प्रभावित करेंगे। हरियाणा में बेरोजगारी बेहद उत्तेजक और उन्मादी मुद्दा है। प्रदेश में 2 लाख तो सरकारी नौकरियां ही खाली नहीं हैं, लेकिन राजनीतिक दल आश्वासन बांट रहे हैं। चुनाव जीतने के लिए 'मुफ्तखोरी' की योजनाएं भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही खूब घोषित की हैं और टीवी चैनलों पर रात-दिन विज्ञापन भी चलते रहे हैं। शायद हरियाणा का औसत मतदाता इस तथ्य से अनभिज्ञ है कि राज्य पर 2.70 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। चुनाव के बाद सरकार किस-किस को मुफ्त में हजारों रुपए बांटेगी? मुफ्तखोरी के लिए पैसा कहां से आएगा? बेशक सरकार के सामाजिक दायित्व भी होते हैं। उसे दबे-कुचले, अपाहिज तबके की मदद करनी होती है। क्या राज्य सरकार कटोरा लेकर भारत सरकार से भीख मांगेगी और मुफ्तखोरी में बांटेगी? यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी सकारात्मक और व्यावहारिक नहीं है। हमें लगता है कि 'मुफ्तखोरी' की घोषणाएं महज 'चुनावी लालच' हैं। चुनाव जीतने के बाद क्या होता है, उसके उदाहरण तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल की कांग्रेस सरकारें हैं या आम चुनाव के बाद मुस्लिम महिलाएं कांग्रेस के दफ्तरों पर दस्तक देते हुए 'खटाखट का पैसा' मांग रही हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणा-पत्र में वायदा किया है कि किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देकर उसी पर फसलें खरीदी जाएंगी। दूसरी ओर भाजपा ने एमएसपी पर ही 24 फसलें खरीदने का वायदा किया है। इंनेलो, आम आदमी पार्टी, जेजेपी भी मैदान में हैं, पर बदलाव संभव है।

> जम्मू-कश्मीर में मतदान हो चुका है, जो ऐतिहासिक और शांत रहा। अब दोनों का ही जनादेश 8 अक्तूबर को सार्वजनिक किया जाएगा। ये जनादेश प्रधानमंत्री मोदी की सत्ता की निरंतरता और भाजपा के वर्चस्व के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। दीपावली के बाद महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं। जम्मू-कश्मीर में उपराज्यपाल के जरिए केंद्र सरकार का ही शासन है। अब यह संघशासित क्षेत्र है, जहां 2014 के बाद अब चुनाव कराए गए हैं। हरियाणा में 2014 से ही भाजपा की सत्ता है। इन 10 सालों में राजनीतिक और चुनावी समीकरण बिल्कुल बदल गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्वास करते हुए जाट, दलित, ओबीसी समुदायों ने 2014 और 2019 के चुनावों में भाजपा के पक्ष में जो समर्थन और वोट दिए थे, अब 2024 के लोकसभा चुनाव तक बिल्कुल पलट गए हैं। ये समर्थन और मतदान करीब आधे रह गए हैं। हरियाणा में जाट सर्वाधिक 25 फीसदी से अधिक हैं, जबकि दलित आबादी 21 फीसदी है।

### इजरायल के सामने कमजोर पड़ने लगे तो हौसलाअफजाई के लिए उनके आका ईरान को इजरायल के खिलाफ सामने आना पड़ा

# ईरान-इजरायल के बीच ऐलान-ए-जंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रभावों को ऐसे समझिए

कमलेश पांडे

> ईरान-इजरायल के बीच शुरू हुए ऐलान-ए-जंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव को इसी परिप्रेक्ष्य में जानने-समझने की जरूरत है। समझा जाता है कि जिस तरह से अमेरिका, यूक्रेन की पीठ थपथपा रहा है ; ठीक उसी तरह से रूस, अब फिलिस्तीन, लेबनान और ईरान को शह दे रहा है। क्योंकि उसकी स्पष्ट सोच है कि यूक्रेन में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो की मदद तभी थमेगी, जब वह इजरायल के बचाव में मध्यपूर्व के देशों के साथ सीधे तौर पर उलझेगा।

**दुनिया** का थानेदार अमेरिका और उसका प्रबल प्रतिद्वंद्वी रूस (पूर्व सोवियत संघ का काबिल वारिस) के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो कुछ भी हुआ, हो रहा है अथवा होगा, वह कोई नई बात नहीं है। क्योंकि अमेरिका-इंग्लैंड की युगलबंदी को संतुलित करने के लिए रूस-चीन का गठजोड़ रणनीतिक पूर्वक आगे बढ़ रहा है। इसलिए हाल में ईरान-इजरायल के बीच शुरू हुए ऐलान-ए-जंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव को इसी परिप्रेक्ष्य में जानने-समझने की जरूरत है। समझा जाता है कि जिस तरह से अमेरिका, यूक्रेन की पीठ थपथपा रहा है; ठीक उसी तरह से रूस, अब फिलिस्तीन, लेबनान और ईरान को शह दे रहा है। क्योंकि उसकी स्पष्ट सोच है कि यूक्रेन में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो की मदद तभी थमेगी, जब वह इजरायल के बचाव में मध्यपूर्व के देशों के साथ सीधे तौर पर उलझेगा। यही वजह है कि जब हमास और हिजबुल्लाह जैसे आतंकी संगठन अपने प्रभाव वाले इलाके में इजरायल के सामने कमजोर पड़ने लगे तो हौसलाअफजाई के लिए उनके आका ईरान को इजरायल के खिलाफ सामने आना पड़ा। उधर जब अमेरिका भी इजरायल के साथ खुले मैदान में उतर गया, तो अब ईरान के तरफदारी में रूस की घोषणा की ओर सबकी निगाहें जमीं हुईं हैं। वैसे भी इजरायल पर एकाएक बरसीं 200 ईरानी मिसाइलों के बाद अब इजरायली प्रतिक्रिया कितनी भयानक होगी, इस ओर भी पूरी दुनिया की नजर टिकी हुई है। ऐसा इसलिए कि ईरान के हमले के बाद भी इजरायल का हिजबुल्लाह पर एक्शन थमा नहीं है। उसने लेबनान के बेरूत के दक्षिणी इलाकों में भीषण हवाई हमले किए। मतलब लेबनान में फिर बमबारी की। ये हमले हिजबुल्लाह के अहम ठिकानों पर किए गए। ईरान के हमले के बाद इजरायल ने दो टूक कहा कि हमारा जवाबी ऑपरेशन प्लान तैयार है। हम तय करेंगे कि जवाब कब देना है। जहां भी और जब भी होगा, हम ईरान पर हमला करेंगे। वहीं, ईरान के सेना प्रमुख ने धमकी दी कि अगर उनके देश पर हमला हुआ, तो वो इज़राइल के सारे इंफ्रास्ट्रक्चर को तबाह कर देंगे। इससे तय है कि बात अभी और बढ़ेगी। इसलिए पुनः यह सवाल मौजूं है कि आखिर में प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्वयुद्ध की भयावह त्रासदी को झेलने के बावजूद समकालीन दुनिया स्थाई शांति की परिकल्पना करने के बजाय



तीसरे विश्वयुद्ध की परिस्थितियों को बढ़ावा देने पर क्यों तुली हुई हैं? क्या उनका यह कदम उस लोकतंत्र के मुंह पर करारा तमाचा नहीं है, जो स्वतंत्रता-समानता-बंधुत्व की बात करते हुए नहीं अघाता है। सही मायने में तो अब संयुक्त राष्ट्र संघ भी दुनियावी विरोधाभाषों को खत्म करने या उन्हें सुलझाने की दृष्टि से पूरी तरह से विफल साबित हो चुका है। विशेषज्ञों के मुताबिक, शीत युद्ध कालीन करतूतों की बात यदि छोड़ भी दी जाए, तो समकालीन वैश्विक करतूतें यही इशारे कर रही हैं कि हथियारों के सौदागरों को जिंदा रखने के लिए दुनियाभर में जारी छद्मयुद्धों की बजाए रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध जैसे अन्य युद्ध भी बेहद जरूरी हैं। इसलिए हर ओर विरोधाभासों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सच कहूं तो ये वही ताकतें हैं जो भारत-पाक युद्ध, भारत-चीन युद्ध, चीन-ताइवान युद्ध को लंबा चलने देने की परिस्थिति पैदा करने में जब विफल हुईं तो उन्हें अपने ही पड़ोस में नए-नए मोर्चे खोलने पड़े। क्योंकि दुनिया की फैक्टरियों में जब हथियार बनेंगे तो उनके खपत के लायक नित्य नया क्षेत्र चुनने की पहल तो सत्ताधीशों को करनी ही होगी। बहरहाल, अमेरिकन और रूसी नेतृत्व यही कर रहा है। चीनी और भारतीय नेतृत्व भी इसी उधेड़बुन में पड़ा है। आप मानें या न मानें, लेकिन अमेरिका-रूस गुट को आपस में भिड़ाकर और लंबे युद्ध में उलझाकर उन्हें कमजोर होने देने और खुद को दुनिया का नया थानेदार बनाने की जो चीनी चाल है, और उसके दृष्टिगत भारत की जो चुप्पी है, उससे अमेरिका-रूस दोनों की घिग्गी बंधी हुई है। शायद भारत भी चीन को पछाड़कर यही मंसूबा पाले हुए है। सच कहूं तो भले ही मुस्लिम आतंकवाद कभी अमेरिकी-ब्रिटिश एजेंडा रहा हो, लेकिन अब रूस-चीन गठबंधन भी इसी एजेंडे को आगे बढ़ाकर तेल के खेल में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो को पटखनी देने की रणनीति अख्तियार कर चुका है। जिसका साइड इफेक्ट्स आज इजरायल झेल रहा है और कल भारत के समक्ष भी इजरायल वाली परिस्थिति को पैदा किया जा सकता है, यदि उसका ज्यादा झुकाव अमेरिकी गुट की तरफ हुआ तो। मसलन, पश्चिमी एशिया व मध्यपूर्व एशिया समेत दुनिया के इस्लामिक देशों और इसके कतिपय आतंकी शासकों का दुर्भाग्य यह है कि तेल से अर्जित समृद्धि का सदुपयोग वह अपने मुल्क के नागरिकों को ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के बजाए उन्मुक्त उपभोग, धार्मिक कट्टरता और आतंकवाद की भावना को पैदा करके उसको निर्यात करने में लगा दिया। क्योंकि उनके अंतर्राष्ट्रीय पॉलिटिकल बॉस को यही पसंद है। इससे इजरायल और भारत जैसे देशों की परेशानी बढ़ी, लेकिन वो यह भूल गए कि प्रकृति वही लौटाती है, जो हमलोग बांटते हैं। यही वजह है कि चाहे अमेरिका हो, रूस हो, चीन हो, या बड़े इस्लामिक मुल्क, जब प्रकृति उन्हें छद्मयुद्ध, युद्ध और आतंकवाद की सौगात वापस करने लगी है तो अब ये देश उसे संभालने-झेलने में असमर्थ ही नहीं हैं, बल्कि भौचक्के भी रह जा रहे हैं। आपको ईरान-इराक युद्ध याद होगा। ईरान-अमेरिकी जंग भी याद होगी। तालिबान (अफगानिस्तान)-अमेरिका युद्ध ज्यादा पुरानी बात नहीं हुई है। अमेरिका और सीरिया के बीच जो कुछ हुआ, या हो रहा है, वह सभी जानते हैं। जानकारों के मुताबिक, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, इराक या मध्यपूर्व के देशों में अमेरिकी रणनीति यदि विफल हो रही है, तो उसके पीछे रूस की बहुत बड़ी भूमिका है। आज यदि अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस जैसे बड़े मुल्क इस्लामिक आतंकवाद व कट्टरता की चपेट में हैं, तो इसके पीछे भी रूसी-चीनी अंतर्राष्ट्रीय शह ही है। दिलचस्प बात तो यह है कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी रणनीति बदली है और खुद को उम्मीद से ज्यादा मजबूत बनाया है, इसलिए वह अब अंतर्राष्ट्रीय सत्ता संतुलन का केंद्र बन चुका है। भारत भी अब हथियारों के सौदागरों की टीम में शामिल होने को बेताब है। अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में चीनी चाल के दृष्टिगत ही भारत सरकार सोच-समझकर कोई कदम उठाती है।

दृष्टि कोण

# देश के मुसलमान अब बहकावे में नहीं आते

**देश** के मुसलमानों को गुमराह करने और भडक़ाने की कोशिशें अब नाकाम होने लगी हैं। मुसलमानों को शायद समझ आ गया है कि किस तरह राजनीतिक षड्यंत्रों से दूर रह कर अपने विकास पर ध्यान देना है। यही वजह है कि देश के मुसलमानों ने राजनीतिक दलों के नेताओं, मुल्ला-मौलवियों और हिंदुत्व के कट्टर समर्थकों के उकसावे वाले बयानों को गंभीरता से नहीं लिया। मुसलमानों को यह भी समझ में आ गया है कि चंद सिरफिरों की देशविरोधी हरकतों का समर्थन करने से उनकी कौम का नुकसान होगा। यही वजह है कि हाल ही में हिजबुल्ला के कट्टर आतंकवादी और सर्वोच्च रणनीतिकार हसन नसरुल्लाह के खात्मे के बाद देश से व्यापक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई। इसी तरह हमास और इजराइल युद्ध के दौरान मारे फिलीस्तिनियों को लेकर भी कमोबेश यही रुख कायम रहा। कश्मीर के कुछ इलाकों में सिरफिरों ने हिजबुल्लाह आतंकवादी हसन नसरुल्ला के मरने पर जरूर विरोध प्रदर्शन किया, किंतु देश के बाकी हिस्सों में शांति बनी रही। इसराइल-फिलिस्तीन युद्ध में केंद्र सरकार ने हमास की कड़ी निंदा की। मोदी सरकार इसराइल के साथ खड़ी नजर आई। इसराइल के खिलाफ भारत में बयानबाजी जरूर हुई, किन्तु ब्रिटेन और अमरीका की तरह कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ। गौरतलब है कि इन दोनों देशों में इसराइल के खिलाफ जबरदस्त रैलियां निकाली गई, धरने-प्रदर्शन किए गए। अमरीका में काफी बवाल हुआ। अमरीकी विश्वविद्यालय राजनीति का अखाड़ा बन गए। विश्वविद्यालयों पर पुलिस कार्रवाई की नौबत आ गई। मानवाधिकार और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का पाठ दुनिया को पढ़ाने वाले अमरीका की खूब किरकिरी हुई। कमोबेश यही हाल ब्रिटेन का हुआ। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों से निपटने में ब्रिटिश सरकार के हाथ-पैर फूल गए। यूरोप के कुछ देशों में भी इसी तरह के प्रदर्शन हुए। इजराइल ने हमास के सर्वोच्च राजनीतिक नेता इस्माइल हानिया को ईरान के दौरे के दौरान विस्फोट से उड़ा दिया। इस पर कई देशों में व्यापक प्रतिक्रिया हुई, किन्तु भारत में कहीं भी कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हुआ। आश्चर्य की बात यह है कि भारत और विश्व के मुस्लिम जगत से जुड़े मुद्दों को लेकर देश के मुसलमानों ने चुनिंदा स्थानों पर प्रतीकात्मक प्रतिक्रिया जताई, किन्तु कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने जमकर उछलकूद मचाई। मुसलमानों ने ऐसे मुद्दों को ज्यादा महत्व नहीं दिया। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35-ए हटाए जाने के बाद कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने मुसलमानों का सच्चा हितैषी साबित करने के लिए जमकर विरोध किया। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने नेशनल कान्फ्रेंस से चुनावी गठबंधन किया। शेख अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कान्फ्रेंस ने चुनावी घोषणा में धारा-370 को वापस लाने का ख्याली पुलाव पकाया है। कांग्रेस हिंदू वोटों की नाराजगी के डर से इस पर चुप्पी साधे हुए है। देश के मुसलमानों को यह समझ आ गया है कि जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उनके हितों पर कोई असर डालने वाला नहीं है। यह मुद्दा देश के आम मुसलमानों का नहीं है। यह पाक परस्त आतंकवाद से जुड़ा हुआ मामला है। केंद्र सरकार ने तीन तलाक को खत्म कर दिया। मुस्लिम महिलाओं से जुड़े तीन तलाक के मुद्दे पर भी देश में सिर्फ लखनऊ और पुणे में विरोध प्रदर्शन हुआ। यह प्रदर्शन भी ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर हुआ। देश में अन्य हिस्सों में मुसलमानों ने इस पर कोई व्यापक प्रतिक्रिया नहीं जताकर पर्सनल लॉ बोर्ड के इरादों को विफल कर दिया। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019 (सीएए) 11 दिसंबर 2019 को भारत की संसद द्वारा पारित किया गया था। इसने अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए भारतीय नागरिकता प्रदान करके नागरिकता अधिनियम 1955 में संशोधन किया। भारत में 2014 तक पात्र अल्पसंख्यकों को हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई बताया गया। सीएए के तहत देश के स्थायी निवासी मुस्लिम समुदाय को छोडक़र तीन मुस्लिम बहुल पड़ोसी मुल्कों से आने वाले बाकी धर्मों के लोगों को नागरिकता देने का प्रावधान है। सीएए के विरोध में मुद्दे पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने खूब हंगामा किया। इस कानून के तहत यह साफ जाहिर था कि देश में लंबे अर्से से रहने वाले मुसलमानों को इसके दायरे में शामिल नहीं किया गया है।

कुछ अलग

# पब्लिक विज्ञापन देख खुश है

**पब्लिक** की खुशी का ठिकाना नहीं है। विज्ञापन जो देख लिया है। विज्ञापन अखबारों में छपा है। अखबारों में वैसे और भी कई कुछ छपता है जिस पर कभी पब्लिक का ध्यान जाता है तो कभी नहीं भी जाता। लेकिन बड़े से पेज का विज्ञापन हो और उसमें नेताजी की बड़ी सी तस्वीर लगी हो और तस्वीर में उनका मुखड़ा चमक रहा हो तो पब्लिक का ध्यान विज्ञापन पर जाता है। विज्ञापन में जो लिखा होता है, उससे पब्लिक गदगद हो जाती है। विज्ञापन बनाने वाले को सैल्यूट ठोकती है। इतनी सफाई से विज्ञापन बनाकर उसमें इतना कुछ लिख दिया होता है कि पब्लिक को लगता है, वह व्यर्थ में ही सरकार की आलोचना कर रही थी। सरकार ने तो इतने सारे काम गिना दिए हैं। इतना काम करते-करते सरकार कब सोई होगी। कब जागी होगी। कब भोजन किया होगा। कहीं काम करते-करते भूखी तो नहीं सो गई होगी। कहीं सरकार के कंधे तो नहीं दुख रहे होंगे। वैसे भी सरकार के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी होती है। सरकार को कंधों की मसाज के लिए कुछ बंदे रखने चाहिए। पब्लिक को सरकार से सहानुभूति होने लगती है। और बीच-बीच में खुद पर गुस्सा भी आता है कि ख्वामख्वाह सरकार को लानत दी जा रही थी। सरकार ने चाहे हकीकत में उतने काम नहीं किए, जितने विज्ञापन में दर्शाए हैं लेकिन सरकार ने विज्ञापन में सब हरा-हरा तो दिखाया है। यह सरकार का करिश्मा है। इस करिश्मे के आगे पब्लिक नतमस्तक है। पब्लिक का नतमस्तक होना लोकतंत्र में बहुत मायने रखता है। पब्लिक विज्ञापन देखकर खुश है। नेताजी विज्ञापन में अपनी मुस्कुराती हुई तस्वीर को देखकर खुश हैं और मीडिया वाले इसलिए खुश हैं कि चलो सरकार से कुछ और न सही, लेकिन विज्ञापन तो मिल गया। सब विज्ञापन की माया है। यह विज्ञापन की माया ही तो है कि एक मरियल सा व्यक्ति भी किसी टॉनिक में अपनी चौड़ी छाती फुलाकर खड़े किसी अभिनेता को देखकर तुरंत केमिस्ट के पास टॉनिक खरीदने पहुंच जाता है। एक सांवला छोकरा गोरेपन की क्रीम खरीदने दौड़ता है। यानी विज्ञापन असर करता है। दिल से दिमाग तक असर करता है। अब सरकार के विज्ञापन पर पब्लिक फिदा न हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। चुनावी बेला में उस विज्ञापन को अखबारों में देखकर पड़ोसी राज्य की जनता सोचने लगती है कि काश वह भी इस राज्य में पैदा न होकर उस राज्य में पैदा होती तो उसे भी मुफ्त में कितनी सारी सुविधाएं मिल जाती। यानी विज्ञापन ईर्ष्या भी पैदा करता है। उस विज्ञापन को देखकर दूसरे राज्य का नेता प्रशासनिक तंत्र को निर्देश देता है कि मेरी तस्वीर भी इसी तरह एक बड़े से विज्ञापन में लगाकर उसमें सरकार की सारी लंबी चौड़ी स्कीमें लिख दो। उस विज्ञापन के बड़े-बड़े होर्डिंग नेशनल हाईवे पर लगा दो ताकि पूरे राष्ट्र में हमारे नाम की गूंज हो जाए। यानी विज्ञापन कंपीटीशन भी पैदा करता है। यह जमाना कंपीटीशन का है। नेताओं में एक दूसरे को लंगड़ी लगाने का कंपीटीशन लगा है। पब्लिक खुश हो रही है। इसलिए खुश हो रही है कि चलो नेता लोग एक दूसरे से लड़ भिड़ रहे हैं और मुल्क का मनोरंजन हो रहा है। नेता लोग मनोरंजन ही तो करते हैं। और कुछ करना इनके बस की बात कहां होती है। ऐसे नेता जब अपने कारनामों की वजह से जांच एजेंसियों के हत्थे चढ़ जाते हैं तो भी पब्लिक का भरपूर मनोरंजन होता है। पब्लिक में खड़े दो बंदे एक दूसरे को आंख मार कर कहते हैं कि अब होगी नेताजी की डिबरी टाइट।

देश दुनीया से

# चंदेल वंश की महानतम वीरांगना : रानी दुर्गावती

> राजाओं ने मध्यकालीन युग में बुंदेलखंड नामक भौगोलिक क्षेत्र एवं कुछ आसपास के क्षेत्रों पर शासन किया। हिमाचल प्रदेश में 697 से 1849 ई. में एक राज्य के रूप में तथा 1849 से 1948 तक एक रियासत के रूप में कहलूर रियासत में चंद्रवशी चंदेल राजपूत वंश का शासन रहा। यद्यपि राजा वीर चंद 697-738 ई. तक इस राज्य के संस्थापक रहे, लेकिन इसका नाम राजा कहल चंद, जिनका शासन 890-930 ई. के आसपास रहा, के नाम पर रखा गया। इस कहलूर रियासत में अंतिम शासक राजा आनंद चंद रहे, जिन्होंने कहलूर रियासत की बागडोर 1933 से संभाली तथा ताउम्र 12 अक्तूबर 1983 तक राजा की पदवी को सुशोभित करते रहे। स्वतंत्रता के पश्चात राजा आनंद चंद ने भारत की संसद के ऊपरी सदन राज्य सभा में बिहार से प्रतिनिधित्व किया।

**वर्तमान** के मध्य प्रदेश एवं कुछ भाग उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड में 9वीं से 15वीं शताब्दी तक चंदेल राजवंश का शासन रहा। इतिहासकार आर.सी. मजूमदार (1977) द्वारा लिखित पुस्तक के अनुसार 831 ई. से लेकर 1315 ई. तक खजुराहो, कालिंजर एवं महोबा से इन राजाओं ने मध्यकालीन युग में बुंदेलखंड नामक भौगोलिक क्षेत्र एवं कुछ आसपास के क्षेत्रों पर शासन किया। हिमाचल प्रदेश में 697 से 1849 ई. में एक राज्य के रूप में तथा 1849 से 1948 तक एक रियासत के रूप में कहलूर रियासत में चंद्रवशी चंदेल राजपूत वंश का शासन रहा। यद्यपि राजा वीर चंद 697-738 ई. तक इस राज्य के संस्थापक रहे, लेकिन इसका नाम राजा कहल चंद, जिनका शासन 890-930 ई. के आसपास रहा, के नाम पर रखा गया। इस कहलूर रियासत में अंतिम शासक राजा आनंद चंद रहे, जिन्होंने कहलूर रियासत की बागडोर 1933 से संभाली तथा ताउम्र 12 अक्तूबर 1983 तक राजा की पदवी को सुशोभित करते रहे। स्वतंत्रता के पश्चात राजा आनंद चंद ने भारत की संसद के ऊपरी सदन राज्य सभा में बिहार से प्रतिनिधित्व किया। 1952-1957 तक लोकसभा सदस्य रहे। इससे पहले 12 अक्तूबर 1948 से 26 जनवरी 1950 तक बिलासपुर के मुख्य आयुक्त भी रहे। लगभग 1400 से अधिक वर्ष के चंदेल वंश इतिहास ने इस देश को नारी शक्ति की विरासत के रूप में आज तक की सर्वश्रेष्ठ वीरांगनाओं में से एक रानी दुर्गावती भी दी है। रानी दुर्गावती मात्र रानी ही नहीं, लेकिन अतीत का गौरव और वर्तमान समय की पीढियों की आदर्श हैं। 5 अक्तूबर को रानी दुर्गावती का 500वां जन्म दिन है। इस महारानी का प्रेरक स्मरण 500 वर्षों के बाद भी मन को गौरवान्वित एवं शरीर को प्रफुल्लित करता है। रानी दुर्गावती का नाम भारत की महानतम् वीरांगनाओं की सबसे अग्रिम पंक्ति में आता है जिन्होंने मातृभूमि और अपने आत्म सम्मान की रक्षा हेतु अपने प्राणों को बलिदान कर दिया। 5 अक्तूबर 1524 को दुर्गाष्टमी के दिन नवरात्रि का उत्सव चल रहा था। कालिंजर के राजा कीरत सिंह चंदेल के घर एक पुत्री का जन्म हुआ, इसलिए नामकरण किया दुर्गावती। रानी का जन्म कालिंजर (उत्तर प्रदेश) के बुंदेलखंड क्षेत्र में बांदा जिले में स्थित पौराणिक संदर्भ वाले एक ऐतिहासिक दुर्ग में हुआ। यह विश्व धरोहर स्थल प्राचीन नगरी खजुराहो के निकट ही स्थित है। कालिंजर दुर्ग भारत के सबसे विशाल और अपराजेय किलों में एक माना जाता है। चंदेलों द्वारा बनाया गया यह किला चंदेल वंश के शासनकाल की भव्य वास्तुकला का बेहतरीन उदाहरण है। यह किला भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है। जब चंदेल शासक आए तो इस पर महमूद गजनवी, कुतुबुद्दीन ऐबक और हुमायुं ने आक्रमण कर इससे जीतना चाहा, लेकिन कामयाब नहीं हो पाए। अंत में 1569 में अकबर ने यह किला जीतकर बीरबल को उपहार में दिया। बाल्यकाल में ही राजा कीरत सिंह ने राजकुमारी दुर्गा को शस्त्र चलाना सिखाया और अपने कौशल के कारण कुछ दिनों में ही दुर्गावती शस्त्र चलाने में प्रवीण हो गई। इसकी कीर्ति आसपास के क्षेत्रों में फैल गई। गोंडवाना क्षेत्र के पराक्रमी राजा वीर दलपत शाह के पास दुर्गावती के संस्कारों के साथ-साथ पराक्रम की बातें भी पहुंच गई। दलपत शाह भी एक सुंदर एवं पराक्रमी राजकुमार थे। इस तरह चंदेल राजवंश की राजकुमारी जो कि बचपन से ही अत्यंत कुशाग्र, शौर्यवान, धर्मनिष्ठ, राष्ट्रभक्त और निर्णय लेने में दक्ष थी, ने एक जनजाति समूह के बलिष्ठ युवा राजकुमार दलपत शाह से अपना विवाह करना स्वीकार किया। रानी दुर्गावती एवं दलपत शाह के प्रेम और परिणय की कथाएं आज भी उस क्षेत्र में प्रचल्लित हैं। कुछ वर्षों बाद 1545 ई. में इनके एक पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई जिसका नाम वीर नारायण सिंह रखा गया। दुर्भाग्य से रानी दुर्गावती एवं राजा दलपत शाह का दांपत्य जीवन मात्र 5 वर्ष का ही रहा। राजा की अल्प आयु मृत्यु के उपरांत संकट की घड़ी में रानी ने अपना धैर्य नहीं खोया तथा बड़ी हिम्मत के साथ काम लिया। प्रजा ने एक प्रजावत्सल मां का रूप देखा। पति के पीछे सती हो जाने के बदले रानी ने विधवा रहते हुए भविष्य को संवारने का काम किया। आदर्श कामकाज के लिए इतिहास में जिन राज्य शासनों का उल्लेख है, उनमें गोंडवाना भी शामिल है। पति की अकस्मात मृत्यु के बाद अपने पुत्र का राज्याभिषेक करके रानी ने स्वयं गढ़मंडला के शासन की कमान संभाली। रानी दुर्गावती के गोंडवाना साम्राज्य की संपन्नता और समृद्धि की चर्चा कड़ा और मानिकपुर के सूबेदार आसफ खान द्वारा मुगल दरबार में की गई। धूर्त और चालाक अकबर ने लूट और विधवा रानी को कमजोर समझते हुए तथा बलपूर्वक गोंडवाना साम्राज्य हथियाने के उद्देश्य से रानी को आत्म समर्पण के लिए धमकाया। उसने महारानी को यह संदेश भिजवाया 'अपनी सीमा राज की, अमल करो परमान। भेजो नाग सुपेत सोई, अरू अधार दीवान।' परंतु स्वाभिमानी तथा स्वतंत्रता प्रिय रानी नहीं मानी। फिर धूर्त अकबर का एक और संदेश आया कि 'स्त्रियों का काम रहता कातने का है' तो रानी ने जवाब में एक सोने का पींजन भेजा और कहा कि आपका काम रूई धुनकने का है।

आप का नजरीया

# भीख से भविष्य तक डा. पिंकी

**वह** भीख के माहौल में पैदा हुई, लेकिन चलने के लिए एक समाज सेवी संस्था का सहारा मिला तो आंखों में चमक और भविष्य का रास्ता दिखाई दिया। कल तक जिन हाथों में भीख का कटोरा था, आज स्टैथोस्कोप के साथ वह डाक्टरी पेशे की पहचान बन चुकी है। इस अद्भुत सफलता की कहानी की किरदार है डा. पिंकी हरयान। धर्मशाला की झुग्गी-झोंपड़ी से चीन के मेडिकल कालेज से मेडिकल की पढ़ाई करके लौटी एक बेटी। उसने अपनी भूख को भविष्य बना लिया, अपने ही कदमों पर मानवता को चला लिया। यह एक ऐसी कहानी है जिसके सबक व्यक्तिगत हैं और सामाजिक भी। इससे राष्ट्रीय नीतियां, कार्यक्रम और परिवेश की हकीकत सामने आ जाती है। 'वहां कितने आईने हर लम्हे टूटे होंगे, जहां तेरी तस्वीर मुकम्मल हुई होगी।' आज भीख के दानों को भी गुरूर आया होगा, सामने जब डा. पिंकी का सफर आया होगा। वो चली तो मकलोडगंज की गलियों में हाथ फैलाए मांगने, लेकिन टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट ने उसे जीवन के साथ चलना सिखा दिया। साढ़े चार साल की बच्ची को बीस साल के सफर ने धर्मशाला की झोंपड़ी से चिकित्सा जगत की पायदान तक पहुंचा दिया। यह महज इत्तफाक नहीं, श्रम नहीं, रिकार्ड नहीं, बल्कि जीने का दीपक जलाने का प्रयास है। पिंकी के जीवन के अंधेरे आज भी देश की झुग्गी-झोंपडियों में आबाद हैं, लेकिन न वहां कोई 'टोंगलेन' जैसी संस्था पहुंची और न ही वहां के सपने बदले। पिंकी और डा. पिंकी के बीच सपनों की बुनियाद, आगे बढने की इच्छाशक्ति और जीवन को पढने-गढने की प्रतिज्ञा ने पिछले दो दशकों के सारे इम्तिहान और परिणाम सामने ला दिए। यूं तो यही काम आजादी के बाद से जारी है। सरकारों के लक्ष्य हमेशा तपते सूरज के नीचे उत्थान की रोशनी और समाज की बेडियों के समक्ष, कई विकल्प-कई समाधान लिए खड़े हैं, लेकिन जहां प्रयत्न गैर सरकारी मंच पर अनुकरणीय हो जाएं, वहां दिशाएं बदलती हैं। एक अकल्पनीय शक्ति ने पेट भरने की मजबूरी को आगे बढने की लालसा में बदल दिया। देश अस्सी करोड़ लोगों की भूख मिटाने के लिए मुफ्त राशन दे रहा है, लेकिन क्या वहां पिंकी को उसके मुकाम के सपने मिल जाएंगे। क्या पिंकी के सपने साधारण, सामाजिक व राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में संभव हैं। क्या सरकारी स्कूल के हर बच्चे को हम पिंकी बनाने का रास्ता दिखा रहे हैं। टोंगलेन ने यह अंतर पैदा किया। संस्था ने झुग्गी को तमाम व्यसनों से दूर महकना सिखाया, नतीजतन एक छोटा सा पिंकी नाम का दीया अब सूरज की तरह प्रकाशमान है। ऐसी कहानियां और भी होंगी और असाधारण सफलताओं के उदाहरण कम नहीं, लेकिन यहां किरदार हमसे सवाल पूछ रहा है। दिशा के हालात से पूछ रहा है कि हम ऐसे परिदृश्यों में झांकते क्यों नहीं और हमारी नीतियों की गूंज के बावजूद, विश्व की सबसे बड़ी झोंपड़पट्टी धारावी में देश क्यों आज भी मजबूर-अपाहिज खड़ा है। भारत में टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट के संचालक जामयांग ने साबित कर दिया कि गरीबी और भूख के बीच से भी मोती चुने जा सकते हैं।



# अमेरिका-ब्रिटेन ने किया यमन एयरपोर्ट पर हमला, हूती विद्रोहियों ने दी चेतावनी

**बैरूत।**
पश्चिम एशिया में तनाव के बीच अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन पर हवाई हमला कर दिया है। अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन की राजधानी सना और होदेइदाह एयरपोर्ट समेत यमन के कई हिस्सों पर हमले किए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि हमलों में धमार शहर के दक्षिण क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया है। अमेरिका ने यह कार्रवाई लाल सागर में एक अमेरिकी जहाज को निशाना बनाए जाने के बाद की है।

बता दें कि यमन के हूती विद्रोहियों ने विगत दिवस लाल सागर में विस्फोटकों से लैस एक ड्रोन दागा, जो एक पोत से टकराया और एक मिसाइल भी दूसरे जहाज से टकराई। इजराइल-हमास युद्ध के क्षेत्रीय टकराव में तब्दील होने की संभावना के बीच, यह हमला विद्रोहियों द्वारा वाणिज्यिक जहाजों पर पिछले कुछ सप्ताहों में किया गया। हूती विद्रोहियों ने इजराइल के ऊपर उड़ रहे एक अमेरिकी सैन्य ड्रोन को मार गिराने के बाद इजराइल को निशाना बनाकर सैन्य अभियान तेज करने की धमकी दी थी।

पोत पर हमला लाल सागर में बंदरगाह शहर होदेदा से करीब 110 किलोमीटर दूर हुआ। हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजरने वाले पोत को निशाना बनाकर हमले हाल में तेज कर दिए हैं। ब्रिटिश सेना ने चेतावनी दी कि एक पोत के कैप्टन ने अपने जहाज के पास पानी में गतिविधियां देखीं जो संभवत: पोत पर दागी गई मिसाइल या ड्रोन थे। चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं और पोत अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है। मिसाइल से किया गया एक अन्य हमला एक अलग जहाज को निशाना बनाकर किया गया जो स्वेज नहर उत्तर की ओर जा रहा था और उस पर सशस्त्र सुरक्षाकर्मी सवार थे। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने बाद में एक पूर्व में रिकॉर्ड किये गए संदेश में, दोनों हमलों की जिम्मेदारी ली है।

## न्यूज ब्रीफ

### जापान ने लेबनान से 11 नागरिकों, चार फ्रांसीसी व एक अन्य को सुरक्षित जॉर्डन पहुंचाया



**टोक्यो।** जापान ने युद्ध की लपटों से घिरे लेबनान से अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालना शुरू कर दिया है। जापान सरकार ने कहा कि इजराइल और ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स के एक विमान ने शुक्रवार को 16 लोगों को लेबनान से पड़ोसी देश जॉर्डन पहुंचाया। जापान टुडे समाचार पत्र के अनुसार, इन सभी जापान के विमान से जॉर्डन पहुंचाया गया। गुरुवार सुबह पश्चिमी जापान के टोटोरी के एएसडीएफ बेस से विमान को भेजा गया। जापान के नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए रक्षामंत्री जनरल नकातानी के आदेश पर सी-2 परिवहन विमान को जॉर्डन में स्टैंडबाय पर रखा गया। जापान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, लेबनान से सुरक्षित निकाले गए लोगों में ग्यारह जापानी नागरिक, चार फ्रांसीसी नागरिक व एक अन्य विदेशी व्यक्ति को सुरक्षित जॉर्डन पहुंचा दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इजराइल-हिजबुल्लाह की शुरुआती झड़प के समय लेबनान में लगभग 50 जापानी नागरिक थे। इनमें से दो व्यक्ति पहले ही सरकार के सहयोगी से चार्टर विमान से रवाना हुए। यह गुरुवार को साइप्रस पहुंचे। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि एक अन्य सी-2 परिवहन विमान को जापानी नागरिकों की संभावित निकासी के लिए टोटोरी से जॉर्डन भेजा गया। वह ग्रीस के लिए उड़ान भरने वाला है।

### बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति एक्यूएम बदरुद्दोजा चौधरी का 94 वर्ष की आयु में निधन



**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति एक्यूएम बदरुद्दोजा चौधरी का निधन हो गया। राजधानी के उत्तरा स्थित महिला मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वह 94 वर्ष के थे। ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार (अंग्रेजी संस्करण) प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति बदरुद्दोजा चौधरी लंबे समय से विभिन्न शारीरिक जटिलताओं से पीड़ित थे। उनके पुत्र माही बी चौधरी ने कहा कि उनका पार्थिव शरीर बारीधारा स्थित बदरुद्दोजा चौधुर के आवास पर ले जाया जाएगा। रविवार सुबह उनका पार्थिव शरीर मुंशीगंज के श्रीनगर स्थित उनके गांव ले जाया जाएगा। वहीं उन्हें दफनाया जाएगा।

### चटगांव बंदरगाह में तेल टैंकर में लगी आग, चालक दल के सदस्य की मौत



**ढाका।** चटगांव बंदरगाह में बांग्लादेश शिपिंग कॉर्पोरेशन के तेल टैंकर में आग लग गई। इससे चालक दल के सदस्यों में हड़कंप मच गया। वह तेल टैंकर से कूद गए। इस दौरान चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई। तेल टैंकर में लगी आग तेजी से फैल गई। उसने चटगांव बंदरगाह के बाहरी लंगरगाह पर बांग्लार शौरभ को अपनी जद में ले लिया। बांग्लार ज्योति पर घातक विस्फोट और आग लगने के पांच दिन बाद बांग्लार शौरभ में आग लगी। खबर के मुताबिक, बांग्लादेश तटरक्षक पूर्वी क्षेत्र के मीडिया अधिकारी लेफ्टिनेंट शाकिब महबूब ने चालक दल के सदस्य की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तटरक्षक दल ने कुल 46 लोगों को बचाया गया, जबकि दो अन्य तैरकर किनारे पर आ गए। तटरक्षक अधिकारी ने बताया कि टैंकर में आग लगने के बाद पानी में कूदे 22 लोगों में से एक को पटेंगा समुद्री तट के पास गंभीर हालत में पाया गया। उसे चट्टोग्राम मेडिकल कॉलेज अस्पताल (सीएमसीएच) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उल्लेखनीय है कि 30 सितंबर को चट्टोग्राम बंदरगाह पर ईंधन से भरे लाइटरेज जहाज पर विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी।

# लाहौर में पीटीआई और मरियम सरकार के बीच टकराव की आशंका



**लाहौर।**
पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और मरियम नवाज शरीफ सरकार के बीच टकराव की आशंका बढ़ गई है। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र डॉन की खबर के अनुसार, लाहौर में पीटीआई और पंजाब सरकार के बीच टकराव लगभग तय लग रहा है। सरकार ने पीटीआई के महंगाई में कटौती, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और पार्टी संस्थापक इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर मीनार-ए-पाकिस्तान पर होने वाले विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।

पीटीआई के प्रदर्शन को %करो या मरो% कह रही है। उसकी कोशिश है कि प्रदर्शन निर्धारित कार्यक्रम पर हो। सरकार ने घोषणा की है कि वह धारा 144 के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेगी। उल्लेखनीय है कि सरकार रावलपिंडी और अन्य जिलों में पीटीआई प्रदर्शनकारियों को सफलतापूर्वक रोक चुकी है। अब लाहौर विरोध को कुचलने के लिए राज्य मशीनरी और सभी कानूनी शक्तियों का उपयोग करने का निर्णय लिया है।

मीनार-ए-पाकिस्तान में प्रभावशाली प्रदर्शन करने की रणनीति के हिस्से के रूप में पीटीआई नेतृत्व ने अपनी लाहौर इकाई के नेताओं को गिरफ्तारी से बचाने के लिए शुक्रवार को इस्लामाबाद डी-चौक पर विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए नहीं आने का निर्देश दिया था।

पीटीआई पंजाब के कार्यवाहक अध्यक्ष हम्माद अजहर ने उम्मीद जताई कि लाहौरवासी बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। अवाम मौजूदा सरकार के कथित फासीवाद को खारिज कर देगी।

पंजाब सरकार का कहना है कि लाहौर में आठ अक्टूबर तक धारा 144 लागू रहेगी। सरकार ने लाहौर, रावलपिंडी और अटक में अर्धसैनिक रेंजर्स की नौ कंपनियों को तैनात कियाहै। इस बीच पुलिस ने 600 पीटीआई कार्यकर्ताओं को उनके घरों और कार्यालयों से उठा लिया है।

मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ ने मुख्य सचिव, गृह सचिव और आईजीपी के साथ मैराथन बैठकें कीं और उनसे सड़कों पर आने वाले पीटीआई समर्थकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। गृह विभाग में स्थापित एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से पीटीआई के आंदोलन की निगरानी करने की व्यवस्था की गई है। पुलिस को धारा 144 को तोड़ने वालों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया है।

पीटीआई नेता शायन बशीर ने कहा कि मीनार-ए-पाकिस्तान में हकीकी आजादी के लिए प्रस्ताव पारित करने के साथ इमरान खान का जन्मदिन मनाया जाएगा। पीटीआई लाहौर के महासचिव अवैस यूनुस ने कहा है कि लाहौर बताएगा, लाहौर कप्तान का है।

### जाकिर नाइक का व्याख्यान कराची में, पार्किंग के लिए सड़कें रहेंगी बंद

**कराची।** भारत में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में घिरे विवादास्पद इस्लामी उपदेशक डॉ. जाकिर नाइक पाकिस्तान के कराची में व्याख्यान देंगे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। पाकिस्तान के चैनल एआरवाई न्यूज के अनुसार,डॉ. जाकिर नाइक के व्याख्यान के मद्देनजर कराची यातायात पुलिस ने ट्रैफिक में बदलाव किया है। वाहनों की पार्किंग के लिए कुछ सड़कों को बंद करने का फैसला किया गया है। यह कार्यक्रम जिन्ना बाग के पास बारा दरी में शाम सात बजे शुरू होगा। कराची यातायात पुलिस के अनुसार, वाहनों की पार्किंग दो निर्दिष्ट स्थलों पर उपलब्ध होगी- वाईएमसीए ग्राउंड और डीजे कॉलेज ग्राउंड। यहां से लोगों को पोलो ग्राउंड तक पैदल जाना होगा। बारा दरी की तरफ जाने वाली सड़कें अवान सदर रोड और फवारा चौक से खजूर चौक तक का रास्ता बंद रहेगा। आईआई चंद्रगढ़ रोड और शाहीन चौक से आने वाले वाहनों को जियाउद्दीन रोड और खजूर चौक के रास्ते पीआईडीसी की ओर निर्देशित किया जाएगा। पीआईडीसी से यातायात को क्लब रोड और मेट्रोपोल से क्लिफ्टन या शाहराह-ए-फैसल की ओर भेजा जाएगा। आगे के डायवर्जन में शाहीन कॉम्प्लेक्स सिग्नल से यातायात शामिल है, जो एमआर कयानी चौक और जैनब मार्केट की ओर जाएगा और फव्वारा चौक से अवारी सिग्नल की ओर जाएगा, जो शाहराह-ए-फैसल और तीन तलवार की ओर जाएगा। सिंध क्लब चौक से मेट्रोपोल और फव्वारा चौक के दोनों किनारों को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। कराची ट्रैफिक पुलिस ने निवासियों और कार्यक्रम में आने वाले लोगों को व्यवधान से बचने के लिए तदनुसार अपने मार्गों की योजना बनाने की सलाह दी है।

# नेपाल में बाढ़ प्रभावित 12 जिले आपदाग्रस्त घोषित



**काठमांडू।**
नेपाल सरकार ने बाढ़ प्रभावित 12 जिलों में आपदाग्रस्त घोषित किया है। सिंहदरबार में हुई कैबिनेट की बैठक में सरकार ने यह घोषणा की। इन जिलों का प्राथमिकता के आधार पर पुनर्निर्माण कराया जाएगा। कैबिनेट ने राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण कार्यकारी समिति की अनुशंसा के आधार पर इन जिलों में अगले तीन महीने के लिए आपदाग्रस्त घोषित किया है।

कैबिनेट बैठक के बाद गृहमंत्री रमेश लेखक ने बताया कि इन जिलों में ताप्लेजुङ, पांचथर, संखुवासभा, काभ्रे, ललितपुर, सोलुखुम्बु, दोलखा, सिन्धुली, रामेछाप, मकवानपुर, सिन्धुपाल्चोक और धादिङ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अब इन जिलों में राहत और पुनर्निर्माण के लिए सभी अधिकार केंद्र सरकार के पास रहेंगे। प्रदेश सरकार और स्थानीय सरकार को केंद्र सरकार के निर्णय के मुताबिक ही काम करना होगा।

उल्लेखनीय है कि 27 और 28 सितंबर को लगातार बारिश के साथ आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण ढाई सौ लोगों की मौत हो गई । इस दौरान 169 लोग घायल हो गए। गृह मंत्रालय के मुताबिक 18 लोग अभी भी लापता हैं। बाढ़ के कारण देश में कई सड़कें अवरुद्ध हैं।

### भारत में घुसपैठ कर रहे चार लोगों को बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने गिरफ्तार किया

**ढाका।** बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने जेसोर के शरशा में पंचभुलेट सीमा के माध्यम से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने का प्रयास करते समय तीन महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी को शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे पंचभुलेट सीमा के पास एक खेत से दबोचा गया। खबर की अनुसार, गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में 20 वर्षीय अपू दास, अर्पिता शिकदर (30), 37 वर्षीय मंजूश्री ज्वारदार और एक 14 साल की लड़की शामिल है। खुलना 21-बीजीबी बटालियन के कैप्टन लेफ्टिनेंट कर्नल खुर्शीद अनवर ने चारों की गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि चारों को शरशा पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है।

# नेपाल में भारत से तस्करी कर लाए गए 11 करोड़ का सोना जब्त, महाराष्ट्र के दो युवक गिरफ्तार




**काठमांडू।**
भारत से तस्करी कर लायी गयी सोने की बड़ी खेप के साथ महाराष्ट्र के सांगली जिले के दो युवकों को नेपाल पुलिस ने शनिवार तड़के गिरफ्तार किया। दोनों युवक अपने शरीर और जूतों में छिपाकर आठ किलो सोना नेपाल में बेचने जा रहे थे। जब्त सोने की कीमत 11 करोड़ रुपये आंकी गयी है।

मकवानपुर जिले के पुलिस अधीक्षक विश्वराज खड़का ने शनिवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि रक्सौल-बीरगंज सीमा से नेपाल में प्रवेश करने वाले इन युवकों को बीरगंज से करीब 55 किमी दूर हेटौड़ा के पास गिरफ्तार किया गया। सोने की तस्करी के बारे में गोपनीय सूचना मिलने के बाद यह जांच अभियान चलाया गया था। उन्होंने बताया कि भोर में करीब 03 बजे बीरगंज से हेटौड़ा की तरफ आ रही स्कूटी को रोक कर जांच की गयी। इस दौरान महाराष्ट्र के सांगली जिला निवासी अभिषेक अजीनाथ कुटी और राहुल भिट्टीहाल (27 वर्ष) के पास से 8 किलो 43.97 ग्राम सोने के बिस्कुट मिले। नेपाल के बाजार में इसकी कीमत 11 करोड़ रुपये के करीब है।

पुलिस की पूछताछ में युवकों ने बताया कि मुंबई से सोने की यह खेप वो चितवन में किसी को डिलिवरी करने जा रहे थे लेकिन किस व्यक्ति को यह देना है और चितवन में कहां देना है, इस बात की जानकारी उन्हें नहीं दी गयी थी। खड़का के मुताबिक तीन दिन पहले ही करीब एक किलो तस्करी के सोने सहित यहीं पर गिरफ्तार किए गए बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के फुलवरिया बरेवा निवासी 34 वर्षीय सुजीत सर्राफ को गिरफ्तार किया गया था। उसी के बयान के आधार पर सोने की यह बड़ी खेप पकड़ी गयी है।

# बर्ड फ्लू का प्रकोप, वियतनाम के चिड़ियाघरों में 47 बाघों की मौत ने बढ़ाई चिंता



**हनोई।**
दक्षिणी वियतनाम के चिड़ियाघरों में बर्ड फ्लू के कारण एक तेंदुआ, तीन शेर और 47 बाघों की मौत हो गई है। इसने स्वास्थ्य अधिकारियों के बीच चिंता बढ़ा दी है कि यह वायरस मनुष्यों को भी संक्रमित कर सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह घटनाए अगस्त और सितंबर में दो चिड़ियाघरों में हुई हैं। ये चिड़ियाघर लॉन्ग एन प्रांत के प्राइवेट माई क्विन सफारी पार्क और राजधानी हो ची मिन्ह सिटी के डोंग नाई में स्थित हैं। नेशनल सेंटर फॉर एनिमल हेल्थ डायग्नोसिस के परीक्षण परिणामों ने पुष्टि की है कि जानवरों की मौत एच5एन1 टाइप ए वायरस के कारण हुई है। चिड़ियाघरों के कर्मचारियों में अभी तक बर्ड फ्लू के लक्षण नहीं मिले हैं। चिड़ियाघरों ने इस घटना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। वाइल्ड लाइफ संरक्षण पर केंद्रित एक गैर सरकारी संगठन के मुताबिक 2023 के आखिर तक वियतनाम में कुल 385 बाघ चिड़ियाघरों में रह रहे थे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि 2022 के बाद से एच5एन1 सहित इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण स्तनधारियों में घातक प्रकोप के मामले बढ़ रहे हैं। डब्ल्यूएचओ ने चेतावनी दी है कि एच5एन1 संक्रमण मनुष्यों में हल्के से गंभीर तक हो सकता है और कुछ मामलों में यह घातक भी हो सकता है। वियतनाम ने मार्च में डब्ल्यूएचओ को इस वायरस के कारण एक इंसानकी मौत की सूचना दी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि चिड़ियाघरों में जानवरों को संक्रमित मुर्गी का मांस खाने से वायरस का संक्रमण फैला होगा। बाघों में पहले भी एवियन इन्फ्लूएंजा का प्रकोप देखा गया है। 2003 और 2004 में जब यह बीमारी दक्षिण-पूर्व एशिया में फैली थी, तब 24 लोग इससे संक्रमित हो गए थे। 2004 में, थाईलैंड में दुनिया के सबसे बड़े प्रजनन फार्म में दर्जनों बाघ की बर्ड फ्लू से मौत् हो गई थी या उन्हें मार दिया गया था। इस स्थिति ने वियतनाम में स्वास्थ्य अधिकारियों को सतर्क कर दिया है, और भविष्य में इस वायरस के संभावित खतरे को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

### नेतन्याहू टॉयलेट गए, कुछ देर बाद बाहर आए...फिर ब्रिटेन में मचा हड़कंप

**जेरुसलेम।** इजरायल पिछले एक साल से हमास के साथ युद्ध में व्यस्त है और फिलिस्तीन में हमास, लेबनान में हिज्बुल्ला, और ईरान के खिलाफ कई मोर्चों पर संघर्ष कर रहा है। हालांकि, इस छोटे देश के लिए इतनी लंबी अवधि तक युद्ध में बने रहना आसान नहीं है, लेकिन अमेरिका सहित पश्चिमी देश इजरायल के साथ खड़े हैं।हाल ही में, ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर जासूसी का आरोप लगाया है। उन्होंने अपनी किताब अनलीशेड में 2017 के एक घटनाक्रम का उल्लेख किया है, जब नेतन्याहू ने ब्रिटेन की यात्रा की थी। जॉनसन ने कहा कि नेतन्याहू के वॉशरूम जाने के बाद उनके कार्यालय में एक सुनने वाला उपकरण, जिसे थंडरबॉक्स कहा जाता है, पाया गया। यह नेतन्याहू का लंदन में पहला दौरा था और उन्होंने जॉनसन से बाथरूम का उपयोग करने की अनुमति मांगी थी। जॉनसन ने यह भी उल्लेख किया कि यह एक संयोग हो सकता है।इजरायल पर पहले भी अपने मित्र देशों की जासूसी के आरोप लग चुके हैं।

# विश्व बैंक को कार्बन बेचने से नेपाल को मिलेंगे 1600 करोड़ रुपये




**काठमांडू।**
विश्व बैंक के साथ हुए समझौते के मुताबिक नेपाल को इस महीने के भीतर कार्बन की बिक्री से 1600 करोड़ रुपये मिलेंगे। वन तथा पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार 2018 से 2024 तक तराई के 13 जिलों के जंगलों के माध्यम से कार्बन डाइऑक्साइड को कम करने के लिए नेपाल को यह राशि मिलने वाली है।

तराई भूमि परिधि कार्यक्रम के तहत मधेश के सर्लाही जिले में बागमती नदी से लेकर सुदूरपश्चिम प्रदेश के भारतीय सीमा में रहे महाकाली नदी तक 24 लाख टन कार्बन भंडारण के लिए नेपाल को 1600 करोड़ रुपये मिलेंगे। वन मंत्रालय के प्रवक्ता बद्रीराज ढुंगाना के मुताबिक अक्टूबर के अंत तक विश्व बैंक ने नेपाल को यह राशि भुगतान करने की सूचना दी है।

उन्होंने बताया कि जब विश्व बैंक के साथ शुरुआत में इस संबंध में समझौता हुआ था, तो यह सहमति बनी थी कि पैसा वन मंत्रालय अंतर्गत रहे वन विकास कोष के माध्यम से आएगा। लेकिन वित्त मंत्रालय ने देश के कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए इस तरह के फंड को किसी मंत्रालय में लाने के बजाए केन्द्रीय रिजर्व फंड में सीधे जमा करने की शर्त रखी है। वित्त मंत्रालय ने अपनी टिप्पणी में कहा है कि केन्द्रीय रिजर्व फंड में पैसा आने के बाद ही उसे वन विकास कोष में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। विश्व बैंक ने सरकार से इस मामले को स्पष्ट करने का अनुरोध करते हुए पत्राचार किया है।

विश्व बैंक के नियमों में कार्बन ट्रेडिंग से प्राप्त आय का 80 प्रतिशत स्थानीय लाभार्थी जनजातीय/आदिवासी समुदायों पर खर्च करने का प्रावधान है। वन मंत्रालय के प्रवक्ता ढुंगाना ने बताया कि इसके लिए सरकार ने एक योजना को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि 2018 में नेपाल की राष्ट्रीय रेड प्लस रणनीति, राष्ट्रीय वन आधार स्तर को विशेष रूप से कार्बन व्यापार के संबंध में मंजूरी दी गई थी। फिर 2019 से 2024 तक तराई क्षेत्र के 13 जिलों में कार्बन ट्रेडिंग के लाभों को साझा करने के लिए कार्बन उत्सर्जन न्यूनीकरण कार्यक्रम तैयार किया गया है

इस केंद्र के प्रमुख एवं संयुक्त सचिव नवराज पुडासैनी ने बताया कि कार्यक्रम 13 जिलों के 17 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लागू किया गया है। नेपाल के वन क्षेत्र से प्रति हेक्टेयर औसतन 167 टन कार्बन भंडारण किया गया है। संयुक्त सचिव पुडासैनी के अनुसार नेपाल के तराई क्षेत्र के 13 जिलों में कार्बन उत्सर्जन न्यूनीकरण कार्यक्रम चलाया गया है और 2028 तक कार्बन डाइऑक्साइड गैस उत्सर्जन को 34.2 मिलियन टन कम करने का लक्ष्य लिया गया है। पहले चरण में 2023 में मापे जाने पर 2.3 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन कम किया जा चुका है।

# कर्मठता, अनुशासन, पारिवारिक संस्कारों के साथ पीएम मोदी का हर काम देश के नाम : सीएम योगी

**लखनऊ, (हि. स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का व्यक्तिगत जीवन अनुशासन व सादगी से भरा है। सामान्य नागरिक, कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने शून्य से यात्रा प्रारंभ की। अपनी कर्मठता, विचार परिवार से मिले अनुशासन, पारिवारिक संस्कारों के जरिए हर काम देश के नाम के लक्ष्य के साथ उन्होंने जीवन को आगे बढ़ाया तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के संवैधानिक प्रमुख (भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री) के रूप में हम सभी का नेतृत्व कर रहे हैं। आर. बाला सुब्रमण्यम की पुस्तक उनके विस्तृत स्वरूप का उल्लेख करती है। हर किसी को इस पुस्तक का अवलोकन करना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन सभागार में आयोजित सेवा पखवाड़ा संगोष्ठी को संबोधित किया। योगी ने आर बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित पुस्तक पॉवर विदिनः द लीडरशिप लीगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की। यह कार्यक्रम लखनऊ समेत प्रदेश के अनेक जनपदों में भी आयोजित किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्मदिवस पर उन्हें नमन करते हुए उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर भी प्रकाश डाला।

**प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्तित्व को प्रस्तुत करती है पुस्तक** – मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आर बालासुब्रमण्यम द्वारा लिखित पुस्तक 'पॉवर विदिनः द लीडरशिप लीगेसी ऑफ नरेंद्र मोदी' पीएम के संपूर्ण व्यक्तित्व को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करती है। यह केवल पुस्तक नहीं है, बल्कि शून्य से शिखर की यात्रा का नाम है, जिसे नया भारत न केवल देख रहा है, बल्कि उसके अनुसार जीवन भी जी रहा है। मोदी के सक्षम व विजनरी लीडरशिप में नए भारत का दर्शन हो रहा है। वे सेवा के संकल्प की जिस यात्रा को लेकर बढ़े हैं, उसे समृद्धि की नई ऊंचाई तक पहुंचाने और विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों के प्रतिफल को इस पुस्तक के माध्यम से देश-दुनिया के सामने रखने का प्रयास किया गया है।

**लक्ष्य के साथ विकसित भारत का रास्ता भी बताना पीएम मोदी के विजनरी नेतृत्व का गुण** – योगी ने कहा कि कोई भी देश अचानक विकसित नहीं हुआ। उन सभी ने बड़े विजन व लक्ष्य के साथ काम किया। जब देश आजादी का अमृत महोत्सव



मना रहा था तो प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का रोडमैप दिया और इसके लिए पंच प्रण का रास्ता भी बताया। लक्ष्य देने के साथ ही रास्ता बताना विजनरी नेतृत्व का गुण होता है। दस वर्ष के कार्यकाल के दौरान पीएम मोदी ने मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल को धरातल पर उतारने का कार्य भी दिया। भारत को इंफ्रास्ट्रक्चर के रूप में समृद्ध किया। जहां कोई नहीं पहुंच पाया, वहां भारत का चंद्रयान पहुंचा है।

**समावेशी विकास व कल्याणकारी योजनाओं का किया अनुभव** – मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के समावेशी विकास व कल्याण योजनाओं का हर किसी ने अनुभव किया। 'सर्वे भवन्तु सुखिन, सर्वे सन्तु निरामया' भारत की ऋषि परंपरा की देन रही है तो वहीं 2014 में मोदी ने सबका साथ, सबका विकास का मंत्र दिया। संकट आने पर नेतृत्वकर्ता का गुण होता है कि डटकर मुकाबला करने के लिए खुद को तैयार करे और जनता के उद्धार का मार्ग प्रशस्त कर सके। कोरोना के समय पीएम मोदी ने देखा कि श्रमिक वर्ग, कारीगर, हस्तशिल्पी के रोजगार पर बुरा असर पड़ा तो उन्होंने 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा दी।

**मोदी जी के विजनरी लीडरशिप में सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित हुई भाजपा** – सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी का प्रयास रहा कि भाजपा केवल सत्ता प्राप्त करने वाली पार्टी न बने। भारत यदि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है तो भारत का वास्तविक प्रतिनिधित्व करने वाली भाजपा को सबसे बड़े लोकतंत्र के सबसे बड़ी पार्टी के रूप में गौरव प्राप्त हो, यह भी पीएम मोदी के विजनरी लीडरशिप में संभव हो पाया। यदि देश किसी आपदा या चुनौती से घिर गया हो तो 'सेवा ही संगठन' के मूल मंत्र का ध्यान रखते हुए उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया, इस पर कोरोना के दौरान भाजपा के लाखों कार्यकर्ता जनता की सेवा में लग गए थे। कोविड प्रबंधन को सफलतापूर्वक बढ़ाने में भारत ने बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत किया।

**मोदी के नेतृत्व में असम, त्रिपुरा, ओडिशा में भी बनी भाजपा सरकार** – योगी ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में भाजपा ने कठिन क्षेत्रों में भी पहुंच बनाई। असम में जब भाजपा ने पहली बार सरकार बनाई तो आपके बीच से ही कार्यकर्ता डॉ. महेंद्र सिंह को प्रभारी के रूप में भेजा गया। त्रिपुरा में भाजपा सरकार बनी। मणिपुर, अरुणांचल, मेघालय व नागालैंड में भाजपा के सहयोग से सरकार चल रही है।

**स्वच्छ भारत मिशन व मन की बात के जरिए जनता से जुड़े हैं पीएम मोदी** – मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री जनता-जनार्दन के साथ पीएम कनेक्ट हैं। बिना जनसहभागिता के कार्यक्रम नहीं होता है। उनका हर कार्यक्रम देश के नाम होता है और इसमें जनसहभागिता होती है। स्वच्छ भारत मिशन भी इसका उदाहरण है। मन की बात में पीएम ने आमजन से जुड़ी ज्वलंत समस्याओं को उठाया। अब पद्म पुरस्कार ऐसे तबके को मिल रहा है, जो विशिष्ट कार्य करने के बावजूद इससे अछूते थे। उन्होंने कहा कि यूपी में 2.62 करोड़ से अधिक परिवारों को शौचालय देकर नारी गरिमा का भी आह्वान किया गया है।

## 2 अक्टूबर के दिन हम अपने अन्दर की एक बुराई को त्यागने का संकल्प लें : जिलाधिकारी



**कानपुर देहात, (हि.स.)।** जनपद में बुधवार को जिलाधिकारी आलोक सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ देश के दो महापुरूषों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती कलेक्ट्रेट भवन में भव्य पूर्वक मनायी गयी। जिलाधिकारी द्वारा दोनों महापुरुषों के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण,पुष्प अर्पित किया गया तथा गांधी जी व शास्त्री जी के जीवन संघर्ष, उनके देश सेवा, उनके जीवन मूल्य पर प्रकाश डाला गया। महात्मा गांधी का प्रसिद्ध भजन रघुपति राघव राजा राम गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि दोनों विभूतियों के विचार आज भी प्रासंगिक है। दोनों ने हमें यह सिखाया कि अपने अन्दर व्याप्त बुराइयों पर दृढइच्छा शक्ति से नियंत्रण किया जा सकता है। उन्होंने गांधी के इस विचार पर जोर देकर कहा कि जितनी आवश्यकता हो उतना ही उपयोग करें, क्योंकि प्रकृति मनुष्य की आवश्यकता को पूरा कर सकती है लालच को नहीं। उन्होंने कहा जो बदलाव आप दूसरे में देखना चाहते हैं वह पहले स्वयं में करें, व्यक्ति के विचारों और कर्मो में अंतर नहीं होना चाहिए, हमेशा अपने दायित्व को याद रखें तथा उसे निभाने के लिए हमेशा तत्पर रहे, कर्तव्यों का निर्वहन कर उदाहरण पेश करें। उन्होंने कहा कि अपने सहकर्मियों के साथ सद्भावपूर्ण व्यवहार करें और सभी को साथ लेकर चले तभी इन महापुरूषों के बताये गये रास्ते पर चल सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि आज इस विशिष्ट दिन पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने अन्दर की एक बुराई को त्यागे और जीवन में सकारात्मकता को अपनायें। उन्होंने कहा कि जीवन में स्वच्छता का अत्यन्त महत्व है, स्वच्छ रहना मूल भूत जरूरत है, जो हमारे व्यक्तित्व में निखार लाती है। स्वच्छता, सत्य, अहिंसा हमारे जीवन को पूरी तरह से बदल सकते है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार व अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशव नाथ गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमित राठौर, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शालिनी उत्तम, जितेंद्र कटियार, कलेक्ट्रेट के अधिकारीगण व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## करोड़ों रुपये से बनाए गए स्टेडियम में लटक रहे ताले

**हमीरपुर, (हि.स.)।** हमीरपुर जिले में करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए स्टेडियम में ताले लटक रहे है। स्टेडियम में इन्ट्री न मिलने नौजवान सड़कों किनारे दौडऩे को मजबूर हैं। तहसील और ग्रामीण स्तर पर बने स्टेडियम में जिम और अन्य मशीनें भी अब जंग खा रही है। डिपार्टमेंट भी स्टेडियम की सेवाएं नौजवानों को देने में हाथ खड़े किए है। जिससे नौजवानों में मायूसी देखी जा रही है। हमीरपुर जिले के सुमेरपुर क्षेत्र के टिकरौली गांव में कई करोड़ रुपये की लागत से कई साल पहले एक मिनी स्टेडियम बनवाया गया था। ताकि ग्रामीण इलाकों के नौजवान विभिन्न खेलों के लिए तैयारी कर सके। लेकिन स्टेडियम नौजवानों के लिए मजाकबन गया है। जिला युवा कल्याण अधिकारी राहुल सिद्धार्थ के मुताबिक पांच साल पहले गांव के नवयुवकों की प्रतिभा को निखारने केलिए मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया गया था जिसमें पांच करोड़ रुपये की लागत खर्च हुई है। स्टेडियम में जिम मशीने रनिंग ग्राउंड, बैंडमिंटन हाल समेत तमाम व्यवस्थाएं की गई थी। इस स्डेयिम दो साल पहले डिपार्टमेंट को हैंडओवर भी कर दिया गया था। शुरू में कुछ प्रतियोगिताएं कराई गई थी लेकिन काफी अर्से से अब स्टेडियम में ताले लटक रहे है। पूरा स्टेडियम ही वीरान हो गया है। स्टेडियम ग्राउंड में कई फीट तक जंगली घास उग आई है जिससे इसमें चलना फिरना दूभर है। स्टेडियम मैदान में कंकड़ पड़े है जो रनिंग के दौरान पैरों में चुभ जाते है। गांव के लोगबाहर दौड़ लगाने को मजबूर है।

**चार साल पहले ग्रामीण इलाके में कई करोड़ रुपये के फंड से बनाया गया था स्टेडियम** शासन की मंशा के तहत वर्ष 2019-20 में टिकरौली गांव में मिनी स्टेडियम की सौगात गांव के नौजवानों को मिली थी। इसकेनिर्माण में करीब पांच करोड़ रुपये की लागत आई है। स्टेडियम के अंदर लाखों रुपये कीमत की जिम मशीनें भी लगाई गई थी वहीं बैंडमिंटन हाल, वॉंक पथ, फुटबाल व बॉंलीवाल सहित तमाम खेलकूद की व्यवस्थाएं की गई थी। जो अब मौजूदा में खस्ताहाल हो रही है। नौजवानों को इस स्टेडियम की सेवाएं भी सालों से नहीं मिल रही है। व्यायाम टीचर मोहन सिंह ने बताया कि बारिश से ग्राउंड में घास उग आई है।

## महिला अस्पताल में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बना कंट्रोल रूम



**अयोध्या, (हि.स.)।** रामनगरी अयोध्या के अस्पतालों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर व्यापक स्तर पर काम शुरू कर दिया है। इस कड़ी में सबसे पहले महिला अस्पताल में पहल हुई है। अस्पताल में महिला चिकित्सक व मरीजों की सुरक्षा के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है तथा 24 घंटे सीसी कैमरों की मदद से परिसर के चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ हुई हैवानियत के बाद देश भर के चिकित्सकों में उबाल आ गया था। महिला और महिला चिकित्सक की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सबसे पहले प्रदेश की योगी सरकार ने अस्पतालों की सुरक्षा को मजबूत करने का निर्देश दिया था। अयोध्या में महिला अस्पताल की सीएमएस ने महिलाओं के दर्द को समझते हुए अस्पताल में कंट्रोल रूम की स्थापना की है।

**भूतल पर हुई कंट्रोल रूम की स्थापना** – परियोजना के अनुसार, अस्पताल की नई बिल्डिंग में भूतल आयुष्मान कॉर्नर के निकट ही कंट्रोल रूम स्थापित कराया गया है। इस कंट्रोल रूम में तीन शिफ्ट में गार्डों की ड्यूटी लगाई गई है।

## थाना शहर कोतवाली में जारी है किसानों का अनिश्चितकालीन धरना



**बिजनौर, ( हि.स.)।** थाना परिसर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत का बेमियादी धरना तीसरे दिन भी बदस्तूर जारी है। किसान यूनियन ने सहकारी गन्ना समिति चुनाव में धांधली करने का आरोप लगाते हुए 30 सितंबर को धाने की शुरूआत की थी। थाना शहर कोतवाली में धरने पर बैठे किसानों ने बुधवार 2 अक्टूबर को थाना प्रांगण में ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर यूनियन के जिला अध्यक्ष सत्यवीर सिंह उर्फ सोनू के नेतृत्व में दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपने उद्बोधन में सोनू चौधरी ने कहा कि महात्मा गांधी केवल भारत ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में शांति, सत्य तथा अहिंसा के महान प्रवर्तक के रूप में पूजनीय हैं। उन्होंने कहा कि भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री भी हमारे देश के अनमोल रत्नों में से एक हैं। उनकी सादगी, उनकी ईमानदारी तथा देश को सशक्त करने और किसान को मजबूत करने के उनके प्रयास और उनकी विचारधारा अनुकरणीय है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे इन महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और अपने राष्ट्र को मजबूत करने के लिए अपना भरसक प्रयास करने के लिए सदैव तत्पर रहें` शीर्ष नेतृत्व के आदेश अनुसार धरना अनिश्चितकालीन जारी है, गन्ना समिति के डेलीगेट के चुनाव में लोकतंत्र की हत्या की गई है। लोकतंत्र को बचाने के लिए जो भी शीर्ष नेतृत्व का आदेश होगा, उसका पालन किया जाएगा। 6 अक्टूबर को गन्ना आयुक्त डाली बाग लखनऊ में हजारों की संख्या में किसान जिला बिजनौर से पहुंचेंगे, जिसमें पहुंचने की अपील की गई। इस मौके पर मुकेश सिंह, शमशेर सिंह, चीमा, जितेंद्र पहलवान, कोमन सिंह, तिलकराम खोबे, वीरेंद्र सिंह, शीशराम सिंह, बालमुकंद सिंह, मरगूब अहमद, दीपक तोमर, योगेंद्र सिंह, मसरूर शेख, कल्याण सिंह, मोनू, रजनीश, मुकुल, अंकुर सिंह, डॉक्टर विजय पाल सिंह, गोविंदा, सागर सिंह, राकेश सिंह, वीर सिंह ड्वास, यादराम सिंह, कपिल कुमार धांसू सिंह आदि मौजूद रहे ।

## श्री राम लाल समिति अयोध्या धाम के श्री रामलला मंदिर का कर रही निर्माण



**रांची, ( हि.स.)।** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा पंडालों का निर्माण अंतिम चरण में है। शारदीय नवरात्रि 3 अक्टूबर से शुरू हो रहा है। सभी पूजा समिति पंडाल को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। वही मूर्तिकार मां की मूर्तियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं। इसी क्रम में रांची के धुर्वा स्थित पुराना विधानसभा मैदान में श्री राम लाल समिति के सौजन्य से इस वर्ष राज्य के सबसे बड़ा पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। समिति के महासचिव कुणाल अजमानी ने बुधवार को बताया कि इस वर्ष अयोध्या के नवनिर्मित श्री राम मंदिर का प्रारूप बनाया जा रहा है। यह पंडाल अयोध्या धाम के श्री राम लला के श्री राम मंदिर जैसा दिखेगा। पंडाल में भक्त श्री राम लला के दर्शन भी कर पाएंगे । साथ ही मैदान में 26 फीट ऊंची बजरंगबली की विशाल 4 डी प्रारूप आकर्षण का केंद्र रहेगी। पंडाल के गर्भ गृह में मां भवानी का दर्शन भी श्रद्धालु कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि पंडाल की लंबाई 170 फीट और चौड़ाई 120 फीट होगी जबकि पंडाल 100 फीट ऊंचा होगा। भव्य मां का दरबार भी बनेगा अभूतपूर्व लाइटिंग भी देश अन्य स्थानो से मंगाई जा रही है जो पंडाल के अंदर रंग बिरंगी साज सज्जा को ओर भी सुंदर दिखाएगी। माँ की मूर्ति विशाल, अद्भुत, अलौकिक होगी प्रभु श्री राम की प्रतिमा सिलिकॉन की बनी होगी जो प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से अयोध्या में स्थापित भगवान श्री राम की प्रतिमा जैसी रहेगी जिसका भक्तजन दर्शन करेंगे। मां दुर्गा की प्रतिमा 32 फीट चौड़ी ओर 19 फीट ऊंची होगी। अजमानी ने बताया कि इस बार का पूजा पंडाल पूरे झारखंड में अब तक का सबसे बड़ा पंडाल होगा और श्रद्धालु भक्तों के लिए एक आकर्षण का केंद्र भी रहेगा। तृतीय 5 अक्टूबर के दिन श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिया जाएगा। पंडाल के निर्माण में लगभग 98 लाख रुपए खर्च होंगे।

## बापू एक विचार हैं, जो हमेशा अजर-अमर हैं : हेमंत सोरेन

### मुख्यमंत्री ने दी गांधी जयंती की शुभकामनाएं



**रांची, (हि.स.)।** गांधी जयंती पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बुधवार को ट्वीटर पर लिखा है, "गांधी जयंती के अवसर पर झारखण्ड समेत समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। बापू एक विचार हैं, जो हमेशा अजर-अमर हैं। अहिंसा, प्रेम, सत्याग्रह और स्वतंत्र जीवन के बापू के विचार मानव जाति को व्यवस्थित और संकल्पित होकर समाज के समग्र विकास में महती भूमिका निभाने के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर शत-शत नमन।" हेमंत सोरेन ने देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें भी याद किया है और ट्वीट कर लिखा है कि "देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर शत-शत नमन।"

## झारखंड के साहिबगंज में बम विस्फोट कर रेलवे ट्रैक उड़ाया, लोगों की सजगता से बड़ा हादसा टला



**साहिबगंज, (हि.स.)।** झारखंड के साहिबगंज जिले के बरहेट में अज्ञात अपराधियों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। दरअसल, मंगलवार की आधी रात में पश्चिम बंगाल फरक्का एमजीआर ट्रैक पर बम विस्फोट हुआ है, जिससे पटरी क्षतिग्रस्त हो गयी है। घटना के बाद स्थानीय पुलिस पदाधिकारी व एनटीपीसी के अधिकारी छानबीन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार साहिबगंज जिले के बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत रांगा घुट्टु टोला से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित एमजीआर रेल लाइन पोल संख्या 40/1 के समीप बुधवार रात कुछ अज्ञात लोगों ने बम विस्फोट कर दिया। इसकी जानकारी ग्रामीणों को बुधवार की अहले सुबह उस वक्त हुई जब वे वहां से गुजर रहे थे। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना एनटीपीसी के कर्मियों व पुलिस अधिकारियों को दी। ग्रामीणों के अनुसार, उस ट्रैक से ललमटिया से फरक्का की ओर जाने वाली एक मालगाड़ी करीब सुबह छह बजे गुजरने वाली थी लेकिन उससे पहले ही ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त रेलवे ट्रैक को देख लिया, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गयी। इसके बाद एनटीपीसी के कर्मियों ने उस मालगाड़ी को पोल संख्या 42/2 के पास रोक दिया। एनटीपीसी के नाइट गार्ड जितेंद्र साह ने बताया कि मंगलवार की रात करीब 11.30 बजे में ड्यूटी के दौरान उसने विस्फोट की आवाज सुनी थी लेकिन टायर फटने की आशंका की वजह से वह उस वक्त ध्यान नहीं दिया। सुबह मुंशी द्वारा पटरी में बम ब्लास्ट की सूचना मिलते ही सीनियर अधिकारियों को अवगत कराया गया। घटना से महज 10 फीट की दूरी पर एक तार भी बरामद किया गया है। इधर, घटना के बाद बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह, जामुदा राजमहल एसडीपीओ विमल त्रिपाठी, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार समेत अन्य पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन कर रहे हैं। इस संबंध में साहिबगंज के एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले जांच कर रही है। एफएसएल की टीम भी आ रही है। हर बिंदु जांच की जाएगी। हालांकि, उन्होंने इसे नक्सली घटना मानने से इनकार किया है।

## आपसी सौहार्द व सबका विकास को जिला प्रशासन कृतसंकल्पित : डीएम

**मधुबनी, (हि.स.)।** जिला मुख्यालय सहित सुदूर ग्रामीण परिवेश में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती मनायी गयी। सरकारी संस्थान सहित सार्वजनिक पुस्तकालय व ग्रामीण सभागारों में बुधवार को गांधी जयन्ती के अवसर पर संभाषण प्रस्तुत किया गया। मधुबनी मुख्यालय स्टेशन स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर नौ बजे पूर्वाह्न में माल्यार्पण किया गया। अवसर पर डीएम अरविन्द कुमार वर्मा, सदर एसडीओ अश्वनी कुमार, डीडीसी सहित जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी व शहर के गणमान्य विशिष्ट लोग उपस्थित रहे। अवसर पर डीएम ने कहा कि गांधी जयन्ती हम सभी के लिए मुख्य संदेश सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान को बलवती बनाना है। स्वच्छ भारत की कल्पना ग्रामीण परिक्षेत्र की साफ-सफाई से ही संभव है। समाज में आपसी सौहार्द माहौल बनाने के साथ ही सबका विकास को जिला प्रशासन कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि गांधी जी का सत्य अहिंसा की मार्ग समय की मांग है। गांधी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम में मुख्यालय के बुद्धिजीवी लोगों की खासे भागीदारी रही। यहां जिला प्रशासन के वरीय प्रशासनिक अधिकारी द्वारा कवि कोकिल विद्यापति व बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित की गई। डीपीआरओ परिमल कुमार ने बताया कि बुधवार को जिला प्रशासन द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जयन्ती मनाया गया।

## पूर्वी चंपारण के 70 से ज्यादा विद्यालयों में घुसा बाढ़ का पानी




**पूर्वी चंपारण, (हि.स.)।** जिले में बाढ और तटबंधो के टूटने के कारण कई प्रखंडों के स्कूलो में पठन-पाठन ठप्प है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार करीब 70 से ज्यादा सरकारी विद्यालयों में बाढ का पानी प्रवेश कर गया है,जिस कारण इन विद्यालयों में पढाई बाधित है। वही इन विद्यालयों के शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति संबंधित प्रखंड के अन्य विद्यालयों में कर दी गई है। बताया गया कि इन विद्यालयों में कुछेक के परिसर में तो कुछ के सभी कमरों में पानी फैल गया है। वही कुछ विद्यालयों के फर्श पर दो फीट से उपर तक पानी जमा है।वही कई विद्यालयो के पहुंच पथ पर भी पानी भर गया है। डीईओ संजीव कुमार के अनुसार फिलवक्त जिले के 15 प्रखंड के 72 विद्यालय बाढ से बुरी तरह प्रभावित है,जिसमे सर्वाधिक सुगौली प्रखंड के 18 विद्यालय है,वहीं दूसरे नंबर पर ढाका प्रखंड के 13 विद्यालयों के बच्चों की पढाई प्रभावित हुई है। रामगढ़वा प्रखंड के दस विद्यालयों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। आदापुर प्रखंड में तीन, अरेराज में पांच, बंजरिया में चार, बनकटवा में एक छौडादानो में एक, चिरैया में एक, केसरिया में पांच, मोतिहारी सदर प्रखंड में एक, पहाड़पुर में दो, पताही में एक, रक्सौल में एक, संग्रामपुर के छह विद्यालयों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है।इसके साथ ही दो कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भी बाढ की चपेट में है।

## पूर्वी चंपारण के 10 और फर्जी डिग्री वाले शिक्षको पर प्राथमिकी




**पूर्वी चंपारण, (हि.स.)।** जिले में फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी कर रहे 10 और शिक्षकों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इस प्रकार अब तक 24 फर्जी डिग्रीधारी शिक्षकों पर केस दर्ज हो चुका है। निगरानी विभाग की इस कारवाई के बाद जिले में फर्जी डिग्री पर शिक्षक बने लोगो में हड़कंप है। जानकारी के अनुसार निगरानी विभाग ने मंगलवार को जिले के कल्याणपुर और चकिया थाना क्षेत्र के 10 फर्जी शिक्षको को चिन्हित प्राथमिकी दर्ज कराई है। वही इसके पूर्व निगरानी विभाग ने जिले के बंजरिया, पीपराकोठी व तुरकौलिया थाना में 14 शिक्षको के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा चुकी है। निगरानी विभाग ने कल्याणपुर थाना मे जिन फर्जी डिग्रीधारी शिक्षको पर प्राथमिकी दर्ज करायी है,उसमे राजकीय प्राथमिक विद्यालय बिशनपुर में कार्यरत शिक्षक रानू पासवान,नव सृजित प्राथमिक विद्यालय बांस घाट(पासवान टोला)की शिक्षिका विभा कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरकी कुवआं की शिक्षिका मनोरमा कुमारी। चकिया थाना में जिनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया है उसमे एनपीएस फुलवरिया के शिक्षक जयप्रकाश कुमार यादव, प्राथमिक विद्यालय अहिमन छपरा के शिक्षक अजय राम, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलौला उर्दू के शिक्षक संतोष कुमार महतो, उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलौला उर्दू की शिक्षिका चंद्र लता कुमारी यू एम एस सिसवा बसंत की शिक्षिका सुधा कुमारी,प्राथमिक बिद्यालय बंशी बाबा शम्भू चक के शिक्षक संतोष कुमार,यू एम एस बहुआरा की शिक्षिका मुन्ना कुमारी शामिल है। उल्लेखनीय है कि उच्च न्यायालय के आदेश पर निगरानी विभाग विभिन्न विधालयो में पदस्थापित शिक्षको की शैक्षणिक योग्यता की जांच कर रही है, जिसमे फर्जी डिग्री की पुष्टि होने के बाद उक्त कारवाई की जा रही है। निगरानी विभाग के डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि इन फर्जी शिक्षकों पर कानूनी कार्रवाई तय है। साथ ही इनको सैलरी के रूप में मिले पैसे की भी वसूली हो सकती है।

## जिले के अधिकारियों ने सड़क पर लगाया झाड़ू, राष्ट्रपिता को दी श्रद्धांजलि



**अररिया (हि.स.)।** अररिया जिला प्रशासन की ओर से गांधी जयंती के मौके पर बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई।समाहरणालय स्थित परमान सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीएम अनिल कुमार समेत जिले के वरीय अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की अपील आमलोगों से की। परमान सभागार में श्रद्धांजलि कार्यक्रम में डीडीसी रोजी कुमारी, एडीएम राजमोहन झा, फारबिसगंज एसडीएम शैलजा पांडे, सदर एसडीएम अनिकेत कुमार, एसडीपीओ रामपुकार सिंह, डीपीआरओ सोनी कुमारी समेत जिले के सभी वरीय अधिकारियों ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और गांधीवाद को लेकर अपने अपने विचार रखे,जिसके उपरांत जिला प्रशासन की ओर से स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत डीएम समेत जिले के सभी अधिकारी चांदनी चौक में सड़क पर उतरकर झाड़ू लगाते हुए सफाई कार्यक्रम चलाया। मौके पर डीएम ने आमजनों से घरों की सफाई के साथ अगल बगल के इलाके मुहल्लों में साफ सफाई रखने की अपील की।साथ ही महात्मा गांधी के सिद्धांत और विचारधारा को अपने जेहन में उतारने को अपील की।



# स्विगी की 10 मिनट में खाना डिलीवर करने की सेवा 'बोल्ट' शुरू

**नई दिल्ली।**
ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी ने घोषणा की कि वह कुछ चुनिंदा फूड आइटम्स को 10 मिनट में डिलीवर करने की सेवा 'बोल्ट' शुरू कर रही है। स्विगी की इस नई सेवा का उद्देश्य ग्राहकों को और तेज़ और सुविधाजनक सेवा प्रदान करना है। फिलहाल, यह सेवा भारत के 6 प्रमुख शहरों हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली, पुणे, चेन्नई और बेंगलुरु के चुनिंदा स्थानों पर शुरू की गई है। आने वाले हफ्तों में इसे और भी जिलों में विस्तार दिया जाएगा। कंपनी ने कहा है कि इसका मकसद ग्राहकों को बिना किसी इंतजार के लंच, डिनर या ब्रेकफास्ट के लिए जल्दी से खाना उपलब्ध कराना है। 'बोल्ट' सेवा के तहत, स्विगी दो किलोमीटर के दायरे में मौजूद चुनिंदा रेस्तरां से त्वरित फूड डिलीवरी करेगी। इस सेवा के तहत बर्गर, बिरयानी, नाश्ते के सामान, और पेय पदार्थ जैसे आइटम्स पेश किए जाएंगे, जिन्हें बनाने में कम समय लगता है। इसके साथ ही, आइसक्रीम, मिठाई, और स्नैक्स जैसी वस्तुओं की भी डिलीवरी दी जाएगी जो पहले से पैक होकर तैयार होती हैं। स्विगी के फूड मार्केटप्लेस के सीईओ रोहित कपूर ने कहा, बोल्ट हमारे मिशन का अगला कदम है, जो उपभोक्ताओं को बेजोड़ सुविधा प्रदान करता है। दस साल पहले, स्विगी ने फूड डिलीवरी का औसत समय 30 मिनट तक कम करके एक नई क्रांति लाई थी, और अब हम इस समय को और भी घटाने जा रहे हैं।

कंपनी ने स्पष्ट किया कि उनके डिलीवरी पार्टनर्स को बोल्ट और नियमित ऑर्डर के बीच कोई जानकारी नहीं दी जाएगी, ताकि सेवा की गुणवत्ता में कोई अंतर न हो। स्विगी की यह नई पहल प्रतिद्वंदी जोमैटो को कड़ी चुनौती देने वाली है, और कंपनी इसे अपने आगामी आईपीओ से पहले एक बड़ा कदम मान रही है। बता दें कि ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंनियों के बीच तेज डिलीवरी की होड़ बढ़ती जा रही है। अभी तक ई-कॉमर्स कंपनियां 10 मिनट में सामान डिलीवरी पर जोर दे रही थीं, वहीं अब स्विगी ने इस दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नया इलेक्ट्रिक स्कूटर एलएमएल स्टार जल्द होगा लांच



**नई दिल्ली ।** दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी एलएमएल ने अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर एलएमएल स्टार की लॉन्चिंग की घोषणा की है। एलएमएल स्टार का डिजाइन एक अनुभवी इटालियन डिजाइन टीम द्वारा तैयार किया गया है, जिन्होंने पहले डुकाटी, फरारी, यामाहा और कावासाकी जैसे प्रमुख ब्रांडों के साथ काम किया है। कंपनी अब पेट्रोल स्कूटर या बाइक की बजाय पूरी तरह इलेक्ट्रिक स्कूटर पर ध्यान केंद्रित कर रही है। एलएमएल ने इलेक्ट्रिक स्कूटरों की मैन्युफैक्चरिंग और रिसर्च के लिए सायरा इलेक्ट्रिक ऑटो प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। एलएमएल स्टार का डिज़ाइन अत्याधुनिक होगा, जिसमें फ्लैट फ्लोर बोर्ड और मैक्सी स्कूटर डिज़ाइन शामिल है। सीट के नीचे और पिलियन ग्रैब हैंडल पर लाल रंग के एक्सेंट इसे आकर्षक बनाते हैं। फ्रंट एप्रन में डीआरएलएस और ऑटोमैटिक हेडलैंप के साथ डुअल-टोन डिज़ाइन की विशेषताएँ दी गई हैं। हालांकि, स्कूटर की बैटरी, रेंज और प्रदर्शन के बारे में अधिक जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है। लेकिन तस्वीरों से यह स्पष्ट होता है कि इसमें एक मिड-माउंटेड मोटर है, जो बेल्ट ड्राइव सिस्टम के जरिए रियर व्हील को पावर देती है। इसके अलावा, स्कूटर को टेलिस्कोपिक फोर्क और साइड माउंटेड मोनोशॉक पर लटकाया गया है, जिससे इसकी सवारी का अनुभव बेहतर होगा। ब्रेकिंग के लिए इसमें आगे और पीछे डिस्क ब्रेक्स हैं, और इसमें सिंगल चैनल एबीएस जैसे फीचर्स भी शामिल हो सकते हैं।एलएमएलका यह नया इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर और ओला जैसी प्रतिस्पर्धी कंपनियों के लिए चुनौती पेश करेगा। कंपनी की योजना है कि एलएमएल स्टार को आगामी फेस्टिव सीजन में भारतीय बाजार में लॉन्च किया जाए, जिससे उत्सव के दौरान ग्राहकों को आकर्षित किया जा सके।

### सेबी प्रमुख को लोक लेखा समिति ने 24 को किया तलब



**नई दिल्ली ।** देश के प्रमुख नियामक प्राधिकरणों के कामकाज की समीक्षा के लिए संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) ने सेबी प्रमुख को तलब किया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के प्रमुखों को 24 अक्टूबर को समिति के समक्ष पेश होने के लिए बुलाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस बैठक में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग और संचार मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों को भी बुलाया गया है। सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और ट्राई के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी के प्रतिनिधि भी समिति के समक्ष अपनी संस्थाओं के कामकाज पर रिपोर्ट दे सकते हैं। यह समीक्षा उस समय हो रही है जब अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद के बाद नियामक संस्थाओं की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। इस संदर्भ में समिति का यह निर्णय महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### भारतीय विशेषज्ञों को लाकर कार्यबल को सुदृढ़ करेगा रूस

**मॉस्को ।** यूक्रेन के साथ वार में उलझा रूस अब भारतीय विशेषज्ञों को अपने देश में लाकर अपने कार्यबल को सुदृढ़ करने जा रहा है। इस पहल की घोषणा नेशनल एसोसिएशन ऑफ बिल्डर्स (नोस्ट्रॉय) ने की। इसके तहत भारत से विशेषज्ञों को रूसी निर्माण स्थलों पर काम करने के लिए आकर्षित किया जाएगा। नोस्ट्रॉय के अध्यक्ष एंटोन ग्लुश्कोव ने येकातेरिनबर्ग में एक अंतरराष्ट्रीय निर्माण फोरम के दौरान बताया कि भारत कुशल श्रम बाजार में विशाल संभावनाएं प्रदान करता है, और रूस भारत के साथ साझेदारी विकसित कर रहा है। इसका उद्देश्य निर्माण उद्योग में श्रम शक्ति की गुणवत्ता और विशेषज्ञता को बढ़ाना है। यह योजना रूसी अधिकारियों द्वारा विदेशी श्रमिकों, विशेष रूप से भारत और उज्बेकिस्तान से आने वाले श्रमिकों की योग्यता को प्रमाणित करने पर आधारित है। नोस्ट्रॉय इन श्रमिकों के आवास, परिवहन और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने में सहायता करेगा। इस पहल का उद्देश्य रूस में कार्यरत अयोग्य श्रमिकों की संख्या को घटाकर कुल कार्यबल का 20 प्रतिशत करना है, जो वर्तमान में 80 प्रतिशत तक है। रूसी उप प्रधान मंत्री मारत खुसनुल्लिन के अनुसार, यह पहल देश में चल रही श्रम की कमी को दूर करने के लिए की जा रही है। रूसी निर्माण स्थलों पर 200,000 श्रमिकों की कमी है, जिसे यह परियोजना पूरा करने में मदद करेगी।

# आने वाले साल में कम होगी लीथियम आयन बैटरी की कीमत

### देश के इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को उम्मीद




**नई दिल्ली ।**
देश के इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं को अगले 12 माह के दौरान लीथियम आयन बैटरी की कीमत में 5 से 10 प्रतिशत की गिरावट होने की उम्मीद है। उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बैटरियां मुख्य तौर पर चीन से आती हैं और चीनी बैटरियों पर अमेरिका द्वारा लगाए गए दंडात्मक टैरिफ के बाद इन बैटरियों के सस्ते होने की उम्मीद है। कुछ दिन पहले ही बाइडेन प्रशासन द्वारा तय की गई टैरिफ से इन बैटरियों के चीनी निर्यात पर गंभीर असर पड़ सकता है। अपने घरेलू उद्योग को प्रतिस्पर्धा से बचाने ने अमेरिका ने इस साल से इलेक्ट्रिक वाहन के लिए जरूरी लीथियम आयन बैटरी पर आयात शुल्क 7.5 फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया है।

चीन की अतिरिक्त बैटरी उत्पादन क्षमता से प्रेरित पिछली भारी गिरावट के कारण वाहन विनिर्माताओं की लागत में गिरावट आने की संभावना है। भारतीय विनिर्माताओं के लिए निकल मैंगनीज कोबाल्ट (एनएमसी) बैटरियों की कीमत सितंबर में कम होकर 90 डॉलर प्रति किलोवॉट हो गई है, जो छह माह पहले 100 डॉलर थी यानी इसमें 10 फीसदी की गिरावट आई। इसके अलावा, लीथियम आयरन फॉस्फेट (एलएफपी) बैटरियां भी पहले से कहीं ज्यादा किफायती हो गई हैं। भारत के लिए एलएफपी सेल की कीमत सितंबर में घटकर 65 से 70 डॉलर प्रति किलोवॉट हो गईं, जो छह महीने पहले 75 डॉलर थी। एलएफपी और सामान्यत: उपयोग की जाने वाली एनएमसी बैटरियों की कीमत में इस अंतर के बाद कई कंपनियों को सस्ते विकल्पों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया है। उदाहरण के लिए एथर एनर्जी ने अपने आईपीओ मसौदे में बताया है कि वह अपने कुछ इलेक्ट्रिक स्कूटरों में एलएफपी बैटरी के उपयोग पर विचार कर रही है और इसका परीक्षण पहले से ही चल रहा है। टाटा मोटर्स और एमजी मोटर्स जैसी कार विनिर्माता कंपनियां पहले से ही अपने कुछ मॉडलों में एलएफपी बैटरी का उपयोग कर रहे हैं।

ईवी कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने कहा, फिलहाल, सभी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियां ज्यादातर चीन से बैटरी आयात करती हैं। ऐसी चिंताएं हैं कि विभिन्न उत्पादों पर अमेरिका द्वारा तय किए गए टैरिफ के बाद चीन भारत में अपना माल भेज सकता है, लेकिन लीथियम आयन बैटरी के साथ ऐसी चिंता नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत में अभी तक इसका विनिर्माण कोई नहीं कर रहा है और किसी भी देशी उत्पादन को बढ़ने में कम से कम साल 2026 तक का वक्त लगेगा। हमें इस मौके का फायदा लेना चाहिए।' ओला इलेक्ट्रिक अगले साल से लीथियम आयन बैटरी बनाना शुरू कर सकती है मगर शुरू में कंपनी सिर्फ अपने वाहनों के लिए लीथियम बैटरी तैयार करेगी।

### इंडिगो का बुकिंग सिस्टम हुआ फेल, उड़ान संचालन प्रभावित, एयरपोर्ट पर यात्रियों की लंबी कतारें

**नई दिल्ली।** एयरलाइंस इंडिगो का सिस्टम शनिवार को तकनीकी कारणों से बेहद धीमी गति से काम कर रहा है। इंडिगो के पूरे नेटवर्क में यह समस्या आई है। कंपनी के बुकिंग सिस्टम में गड़बड़ी के चलते उड़ान सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। इस वजह से एयरपोर्ट पर यात्रियों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एयरलाइन की बुकिंग प्रणाली दोपहर 12 बजे से प्रभावित होनी शुरू हुई, लेकिन करीब एक घंटे बाद 1.05 बजे परिचालन फिर शुरू हो पाया। हालांकि, अभी भी ये पूरी तरह से अभी काम नहीं कर रहा है। इसके चलते यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे विभिन्न एयरपोर्ट्स पर चेक-इन और सामान की जांच के लिए यात्रियों की लंबी कतारें दिख रही हैं। कंपनी ने 'एक्स' पोस्ट पर बयान जारी कर बताया है कि हम फिलहाल अपने पूरे नेटवर्क में अस्थायी तौर पर सिस्टम के धीमा होने की समस्या से जूझ रहे हैं। एयरलाइन ने कहा है कि इससे हमारी वेबसाइट और बुकिंग सिस्टम प्रभावित हुई है। इसकी वजह से यात्रियों को थोड़ा ज्यादा इंतजार करना पड़ रहा है। चेक इन धीमा हो रहा है और एयरपोर्ट्स पर लंबी कतारें हैं। कंपनी ने कहा कि हमारी एयरपोर्ट टीम उपलब्ध है और सभी की सहायता करने और एक सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। आश्वस्त रहें, हम यथाशीघ्र स्थिरता और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए लगन से काम कर रहे हैं। कंपनी ने कहा है कि हमें हुई असुविधा के लिए खेद है। इस समय के दौरान आपकी समझदारी और धैर्य की सराहना करते हैं।

# एक्स की कीमत में भारी गिरावट, प्लेटफार्म वैल्यू 9.4 बिलियन डॉलर हुई



**नई दिल्ली।**
सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स की कीमत में भारी गिरावट देखने को मिली है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एलन मस्क द्वारा 44 बिलियन डॉलर में खरीदे गए इस प्लेटफार्म की वैल्यू अब सिर्फ 9.4 बिलियन डॉलर रह गई है, जो करीब 80फीसदी की गिरावट है। यह गिरावट मुख्य रूप से प्लेटफार्म की घटती विज्ञापन आय और कंटेंट से जुड़ी चिंताओं के कारण मानी जा रही है।

जब 2022 में एलन मस्क ने ट्विटर का अधिग्रहण किया था, तब यह एक बड़ी चर्चा का विषय बना था। मस्क ने इसे निजी कंपनी बनाते हुए 44 बिलियन डॉलर खर्च किए थे। लेकिन अब रिपोर्ट के मुताबिक मस्क की इस डील के बाद से एक्स की वैल्यू में भारी कमी आई है। अगस्त 2024 में एक्स के शेयरों की कीमत 4.2 मिलियन डॉलर आंकी गई है, जो जुलाई की तुलना में 24फीसदी कम है और 2022 में मस्क द्वारा इसे खरीदे जाने के समय 19.66 मिलियन डॉलर थी। विश्लेषकों का कहना है कि एक्स की घटती वैल्यू का सबसे बड़ा कारण इसके विज्ञापन राजस्व में गिरावट है। मस्क के अधिग्रहण के बाद, प्लेटफार्म पर चरमपंथी और विवादित कंटेंट के चलते कई बड़े विज्ञापनदाता इससे दूरी बनाने लगे। एक वैश्विक सर्वेक्षण के मुताबिक 26फीसदी मार्केटर्स ने 2024 में एक्स पर अपने विज्ञापन खर्च को कम करने की योजना बनाई है। इसके साथ ही, केवल चार फीसदी विज्ञापनदाताओं का मानना है कि एक्स पर विज्ञापन सुरक्षित हैं, जबकि गूगल पर यह आंकड़ा 39फीसदी है। 2023 में एलन मस्क द्वारा एक विवादास्पद पोस्ट के बाद कई ब्रांड्स ने एक्स पर विज्ञापन देना बंद कर दिया। मस्क ने इसके लिए माफी तो मांगी, लेकिन ब्रांड्स से कहा कि आप खुद को संभालें। इसके बावजूद एक्स का दावा है कि प्लेटफार्म पर 570 मिलियन मंथली एक्टिव यूजर्स हैं, लेकिन रिसर्च के मुताबिक अमेरिका में इसके एक्टिव यूजर्स की संख्या 2023 से 11फीसदी तक कम हो गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि फिडेलिटी की यह वैल्यूएशन काफी आक्रामक हो सकती है। विशेषज्ञ का कहना है कि एक्स की वास्तविक वैल्यू इतनी कम नहीं हुई होगी और मस्क के एआई स्टार्टअप एक्सएआई के कारण लंबे समय में यह प्लेटफार्म अधिक मूल्यवान हो सकता है।

# महिंद्रा थार रॉक्स को मिलीं 1.76 लाख से ज्यादा बुकिंग



**नई दिल्ली ।**
स्वदेशी कंपनी महिंद्रा की महिंद्रा थार रॉक्स 5-डोर कार की गुरुवार को बुकिंग शुरू की गई है। बुकिंग शुरु होने के सिर्फ एक घंटे के बाद ही इस एसयूवी को 1,76,218 यूनिट्स की बुकिंग मिल गई है। महिंद्रा थार रॉक्स में पहला 2.0-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 162एचपी की पावर और 330एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। वहीं दूसरा 2.2-लीटर डीजल इंजन दिया गया है, जो 152एचपी की पावर और 330 एनएम का टॉर्क पैदा करता है।

दोनों इंजन मैनुअल ट्रांसमिशन गियरबॉक्स से जोड़े गए हैं। इस गाड़ी में नया 10.25-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस एप्पल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो कनेक्टिविटी, डिजिटल कलर इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, पैनोरमिक सनरूफ, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, रियर एसी वेंट, डुअल-टोन अपहोल्स्ट्री, थ्री-प्वाइंटेड सीट बेल्ट, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल (ईएससी) और 6 एयरबैग जैसे फीचर्स दिए गए हैं। बता दें कि महिंद्रा थार रॉक्स भारतीय बाजार में 15 अगस्त को लॉन्च की गई थी। इस गाड़ी के बेस पेट्रोल वेरिएंट (एमएक्सआई) की शुरुआती कीमत 12.99 लाख और बेस डीजल वेरिएंट की शुरुआती कीमत 13.99 लाख रुपए एक्स-शोरूम है।

# अंबानी अब भी दुनिया के अमीरों की सूची में 14वें और एशिया में पहले स्थान पर

### निवेशकों के 16 लाख करोड़ रुपये का हुआ नुकसान





**नई दिल्ली ।**
चालू सप्ताह में घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 4,000 अंक से अधिक नीचे गिर गया। इस गिरावट के कारण निवेशकों को 16 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सेसेंक्स में शुक्रवार को हुई गिरावट से रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 1.62 अरब डॉलर (लगभग 13,612 करोड़ रुपये) की गिरावट दर्ज की गई, जिससे उनकी कुल संपत्ति घटकर 105 अरब डॉलर हो गई। इसके बावजूद, अंबानी दुनिया के अमीरों की सूची में 14वें और एशिया में पहले स्थान पर बने हुए हैं। इस साल उनकी संपत्ति में 8.93 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। अमेरिकी शेयर बाजार में शुक्रवार को तेजी देखने को मिली, जिससे वहां के अरबपतियों की संपत्ति में भी वृद्धि हुई। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क की संपत्ति में सबसे अधिक 6.73 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई, जिससे उनकी कुल संपत्ति 263 अरब डॉलर हो गई। मस्क पहले स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद मार्क जकरबर्ग 211 अरब डॉलर और जेफ बेजोस 209 अरब डॉलर के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

अन्य प्रमुख अरबपतियों में बर्नार्ड अरनॉल्ट (193 अरब डॉलर), लैरी एलिसन (183 अरब डॉलर), बिल गेट्स (161 अरब डॉलर), लैरी पेज (151 अरब डॉलर), वॉरेन बफे (146 अरब डॉलर), स्टीव बाल्मर (145 अरब डॉलर), और सर्गेई ब्रिन (142 अरब डॉलर) शामिल हैं। दूसरी ओर, अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी 100 अरब डॉलर के क्लब से बाहर हो गए हैं।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 बिलियन डॉलर पार, विदेशी मुद्रा भंडार ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचा



**नई दिल्ली ।**
भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 बिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर गया है। पहली बार विदेश मुद्रा भंडार इस ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंचा है। बीते महीने 27 सितंबर 2024 को समाप्त हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 12.588 बिलियन डॉलर के उछाल के साथ 704.885 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले हफ्ते 692.29 बिलियन डॉलर था। इस बढ़ोतरी के पीछे मुख्य कारण एफपीआई (विदेशी पोर्टफोलियो निवेश) में भारी वृद्धि है, जिससे फॉरेन करेंसी रिजर्व में इजाफा हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (ऋब्ढ्ढ) द्वारा 4 अक्टूबर 2024 को जारी डेटा के अनुसार, फॉरेन करेंसी एसेट्स में 10.46 बिलियन डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे यह 616.154 बिलियन डॉलर हो गया। इसके अलावा, सोने के दामों में उछाल से आरबीआई के गोल्ड रिजर्व की वैल्यूएशन में भी बढ़ोतरी हुई, जो 2.184 बिलियन डॉलर की बढ़त के साथ 657.96 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। एसडीआर (स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स) में भी 308 मिलियन डॉलर की वृद्धि देखी गई, जिससे इसका स्तर 18.54 बिलियन डॉलर हो गया है। हालांकि, इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड में जमा रिजर्व में 71 मिलियन डॉलर की गिरावट के साथ यह 4.38 बिलियन डॉलर पर आ गया। बैंक ऑफ अमेरिका ने अनुमान जताया है कि मार्च 2026 तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 745 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। बैंक ऑफ अमेरिका के एनालिस्ट राहुल बजोरिया और अभय गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय बैंक बड़े विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर सहज दिख रहा है, क्योंकि यह आकस्मिक बाहरी जोखिमों के खिलाफ एक मजबूत बफर के रूप में कार्य कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का भंडार अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले मजबूत है, हालांकि यह अति-प्रचुर नहीं है।

# ड्रेगन की चालाकी आई काम, अर्थव्यवस्था में 15 दिन में 269 लाख करोड़ की वृद्धि

**नई दिल्ली।**
चीन ने हाल ही में अपने शेयर बाजार और अर्थव्यवस्था को सुधारने बड़ा दांव खेला है। इस दांव के चलते 15 दिनों में चीन ने करीब 269 लाख करोड़ रुपए यानी 3.25 ट्रिलियन डॉलर का मार्केट कैप बढ़ा लिया है। यह रकम इतनी बड़ी है कि स्विट्जरलैंड, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के कुल मार्केट कैप का भी मुकाबला नहीं कर सकती।

चीन के बैंकिंग और रियल एस्टेट सेक्टर पिछले कुछ समय से दबाव में थे। बैंकों की सुरक्षा के लिए टैंक तक तैनात करने पड़े थे। इस स्थिति से निपटने के लिए चीन ने एक दांव खेला और भारी राहत पैकेज जारी कर दिया। इस राहत पैकेज का असर 15 दिनों में ही साफ दिखाई देने लगा है, जिससे चीन के शेयर बाजार का मार्केट कैप बढ़कर 10.1 ट्रिलियन डॉलर और हांगकांग शेयर बाजार का मार्केट कैप 6 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। चीन के प्रमुख शेयर बाजार शंघाई कंपोजिट इंडेक्स पर लिस्टेड 37 कंपनियों के स्टॉक्स में करीब एक हजार फीसदी का आया है। हांगकांग के हेंगसेंग स्टॉक एक्सचेंज पर भी 19 कंपनियों के शेयरों में 50 से 100 फीसदी इजाफा हुआ है।

चीन के केंद्रीय बैंक पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने प्रमुख ब्याज दर को 1.7 फीसदी से घटाकर 1.50 फीसदी कर दिया है। इसके अलावा, सरकार ने 142 अरब डॉलर का निवेश भी अर्थव्यवस्था में किया। इन कदमों का नतीजा यह हुआ कि लोन की ब्याज दरें 50 आधार अंक नीचे चली गईं, जिससे देश के पांच करोड़ से ज्यादा परिवारों को आर्थिक राहत मिली।

शेयर बाजार को बूस्ट करने के लिए ब्रोकर्स को 71 अरब डॉलर की स्वैप फैसिलिटी भी दी गई, जबकि लिस्टेड कंपनियों को रीफाइनेंसिंग का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया। इस प्रकार के प्रयासों ने चीन के शेयर बाजार में 17 फीसदी का उछाल देखा है। चीन की यह आर्थिक रणनीति न केवल घरेलू स्तर पर, बल्कि वैश्विक वित्तीय बाजार में भी असर डाल रही है। इसके परिणामस्वरूप चीन ने साबित कर दिया है कि वह वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी मजबूती बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।

# आईफा 2024 में शाहरुख-करण में देखने को मिली घनिष्ठता




**मुंबई (ईएमएस)।** आईफा 2024 में बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान और बहुमुखी प्रतिभा के धनी करण जौहर की घनिष्ठता देखने को मिली। हाल ही में अबू धाबी में आयोजित हुए आईफा 2024 में दोनों ने अभिनेता विक्की कौशल के साथ कार्यक्रम की मेजबानी की। इस दौरान दोनों के बीच मजेदार बातचीत हुई। कार्यक्रम के दौरान, शाहरुख खान, जो काले रंग की टक्सीडो और सफेद शर्ट में नजर आए, ने रिटायरमेंट के विषय पर एक दिलचस्प टिप्पणी की। उन्होंने कहा, दिग्गजों के बारे में सबसे बड़ी बात यह है कि उन्हें पता होता है कि कब रुकना है, कब रिटायर होना है। महान सचिन तेंदुलकर, फुटबॉलर सुनील छेत्री और टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर की तरह, वे सभी जानते हैं कि कब रिटायर होना है। मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि आपको भी संन्यास लेना चाहिए। कृपया वापस जाएं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। करण जौहर ने इस मजाकिया टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा, तो, उस मानक के अनुसार, आप रिटायर क्यों नहीं हो जाते? शाहरुख ने चुटीले अंदाज में कहा, मैं और धोनी अलग-अलग दिग्गजों की लीग से हैं, हम कई बार नहीं कहने के बावजूद आईपीएल में दिखाई देते रहते हैं। इस दौरान दर्शकों में बैठे विक्की कौशल ने कहा, रिटायरमेंट दिग्गजों के लिए होती है। किंग हमेशा के लिए होते हैं। इस पर करण ने कंफ्यूज होकर चारों ओर देखा और पूछा, यह किसने कहा? यह किसने कहा? विक्की ने अपना हाथ उठाया और कहा, सर, यह मैं हूं। शाहरुख ने इस पर हंसते हुए कहा, उन्होंने जो भी कहा वह बहुत अच्छा था। आईफा मंच पर शाहरुख, करण और विक्की ने मिलकर एक बेहतरीन माहौल बनाया। तीनों ने मिलकर शाहरुख की हालिया फिल्म पठान के गाने झूमे जो पठान पर डांस भी किया, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम में उनकी मस्ती और एक-दूसरे के प्रति दोस्ती ने सबको बहुत मनोरंजन प्रदान किया।

# धड़क 2 की उम्मीदों पर खरा उतरने का दबाव है : सिद्धांत चतुर्वेदी



**मुंबई (ईएमएस)।** हाल ही में अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी ने धड़क 2 को लेकर अपनी भावनाएं साझा की। सिद्धांत चतुर्वेदी ने स्वीकार किया कि इस फिल्म की उम्मीदों पर खरा उतरने का दबाव है। सिद्धांत ने आईफा 2024 के मौके पर कहा, फिल्म में मेरा किरदार भारतीय सिनेमा में देखे गए किरदारों से काफी अलग है। यह एक चुनौतीपूर्ण भूमिका है, जिसके लिए, बहुत अधिक भावनात्मक गहराई की आवश्यकता होती है। मैं तृप्ति के साथ इसे पर्दे पर जीवंत करने के लिए उत्सुक हूं। इस 31 वर्षीय अभिनेता ने 2019 में गली बॉय से अपने करियर की शुरूआत की थी। इसके बाद उन्होंने बंटी और बबली 2, गहराइयां, फोन भूत और खो गए हम कहां जैसी सफल फिल्मों में काम किया। उनकी हालिया रिलीज युधरा में सिद्धांत ने पहली बार एक्शन में हाथ आजमाया है। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, यह एक सपना सच होने जैसा था। मैं एक अभिनेता के रूप में लगातार सीख रहा हूं और बढ़ रहा हूं। प्रत्येक फिल्म मेरे लिए नई चुनौतियां और अवसर पेश करती है। सिद्धांत ने आगे कहा कि अब वह अपनी क्षमताओं पर अधिक आश्वस्त महसूस कर रहे हैं। मैं हमेशा अपनी सीमाओं से परे खुद को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा हूं, मेरा मानना है कि यही बात मुझे मेरे काम के प्रति उत्साहित रखती है। इसके अलावा, अभिनेता 29 सितंबर को आईफा रॉक्स की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। पहली बार मेजबानी के बारे में उन्होंने कहा, आईफा रॉक्स की मेजबानी करना एक सपने के सच होने जैसा है, खासकर जब मैंने गली बॉय के लिए 2021 में आईफा पुरस्कार जीता था। मैं इस तरह के प्रतिष्ठित कार्यक्रम का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। सिद्धांत चतुर्वेदी का यह सफर उनकी मेहनत, लगन और नए विचारों के प्रति खुलापन दिखाता है। धड़क 2 और अन्य परियोजनाओं के माध्यम से, वह अपने फैंस के लिए न केवल उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का प्रयास कर रहे हैं, बल्कि एक नए दिशा में भी बढ़ रहे हैं। बता दें कि मई में इस फिल्म की घोषणा की गई थी, जो 2018 की फिल्म धड़क का आध्यात्मिक सीक्वल है और तमिल फिल्म पेरीयेरम पेरूमल की रीमेक है। इसमें तृप्ति डिमरी भी मुख्य भूमिका में हैं।

# वाल्मीकि रामायण का बहुप्रतीक्षित एनीमे रूपांतरण आएगा सिनेमाघरों में



**मुंबई (ईएमएस)।** वाल्मीकि रामायण का बहुप्रतीक्षित एनीमे रूपांतरण 18 अक्टूबर को भारतीय सिनेमाघरों में आएगा। इस फिल्म में मूल अंग्रेजी डबिंग के साथ नई हिंदी, तमिल और तेलुगु डबिंग भी शामिल होगी, जिससे यह और भी व्यापक दर्शकों तक पहुँच सकेगी। गीक पिक्चर्स इंडिया, एए फिल्म्स और एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा वितरित की जा रही यह फिल्म, 18 अक्टूबर को भारत भर के सिनेमाघरों में नए डब किए गए संस्करणों के साथ रिलीज होगी। प्रशंसक रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा के आगामी थिएटर रिलीज को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इस एनीमे रूपांतरण में बाहुबली, बजरंगी भाईजान और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए मशहूर पटकथा लेखक श्री वी. विजयेंद्र प्रसाद की प्रतिभा का योगदान है, जो इस प्रोजेक्ट को और भी विशेष बनाता है। फिल्म को जापान में बनाया गया था और इसके निर्माण में दोनों देशों के करीब 450 कलाकारों ने सहयोग किया था। फिल्म का पहला प्रदर्शन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में हुआ था, लेकिन राम जन्मभूमि से संबंधित विवादों के कारण यह सिनेमाघरों में अधिक समय नहीं टिक पाई। पिछले साल, आदिपुरुष की आलोचना के बीच इस फिल्म की तुलना की गई थी, जिससे इसकी मांग बढ़ी थी। दशहरा और दिवाली के त्यौहारों के मौसम में रिलीज होने वाली रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस रामा एक सिनेमाई उत्सव का वादा करती है, जिसमें भारतीय संस्कृति की समृद्धि और जापानी एनीमे की चमक का अद्भुत संगम होगा।

# देवरा पार्ट-1 ने की शानदार 82 करोड़ रुपये की ओपनिंग



पहले दिन फिल्म देवरा पार्ट-1 ने शानदार 82 करोड़ रुपये की ओपनिंग की। अब तक, देवरा पार्ट-1 ने कुल 112 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। साउथ डायरेक्टर कोराताला शिवा की नई फिल्म देवरा पार्ट-1 ने रिलीज के महज दो दिन के अंदर ही 100 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म, जिसमें जाह्नवी कपूर, जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान मुख्य भूमिका में हैं। इसके कमाई के इस रफ्तार को देखकर ऐसा लगता है कि यह फिल्म 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन सकती है। इससे पहले यह रिकॉर्ड कल्कि 2898 एडी के नाम था, जिसमें प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन ने अभिनय किया था। फिल्म के लीड हीरो एनटीआर जूनियर ने बताया कि उन्होंने बॉलीवुड से जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान को कास्ट किया है ताकि फिल्म को पूरे देश में बराबरी से दर्शकों के बीच पेश किया जा सके। यह रणनीति अब सफल होती नजर आ रही है, क्योंकि फिल्म न केवल साउथ बल्कि नॉर्थ के सिनेमाघरों में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

# बालीवुड में राधिका मदान के छह साल हुए पूरे



**मुंबई (ईएमएस)।** प्रतिभाशाली एक्ट्रेस राधिका मदान के भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के छह साल पूरे हो चुके हैं। राधिका मदान ने अपने निडर प्रदर्शन से एक अमिट छाप छोड़ी है। हर भूमिका में उनकी प्रामाणिकता ने उन्हें आलोचकों की सराहना और एक समर्पित प्रशंसक वर्ग दिलाया है, और उन्हें भारतीय सिनेमा के सबसे चमकदार सितारों में से एक के रूप में स्थापित किया है। विशाल भारद्वाज की पटाखा में उनके पदार्पण ने दिखाया कि वे एक साहसी और जिंदादिल राजस्थानी लड़की चंपा की भूमिका को निभाने में कितनी सक्षम हैं। अपनी प्रभावशाली शुरूआत के बाद, राधिका ने अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखा। मर्द को दर्द नहीं होता जैसी एक्शन से भरपूर फिल्म में उन्होंने अपने दम पर जटिल फाइट सीक्वेंस करके दर्शकों को चौंका दिया। इस फिल्म में सुप्री के उनके किरदार ने उनकी बहुमुखी प्रतिभा और शारीरिक कौशल को दर्शाया। उनका प्रयोग करने का उत्साह वहीं नहीं रुका। उन्होंने अंग्रेजी मीडियम में कॉमिडी में कदम रखा, जिसमें उनकी हास्य समयबद्धता और विभिन्न जॉनर में ढलने की क्षमता साबित हुई। इसके बाद उन्होंने सजनी शाइन का वायरल वीडियो, सास बहू और फ्लेमिंगो और प्रेरणादायक बायोपिक सरफिरा जैसी फिल्मों में गहरे और गंभीर किरदार निभाए। इन सभी फिल्मों में उन्होंने विविध किरदार निभाए, अपनी बहुमुखी प्रतिभा और परतदार पात्रों को निभाने की क्षमता साबित की, जो उन्हें एक अभिनेता के रूप में भी आगे बढ़ाया। राधिका का हर प्रदर्शन उनकी जोखिम लेने की क्षमता, अपने काम के प्रति अनवरत समर्पण और उनकी स्क्रिप्ट चयन की दृष्टि को दर्शाता है, जो परंपराओं को चुनौती देता है। उनकी निडर छवि, पर्दे पर और पर्दे के बाहर, उन्हें दूसरों से अलग बनाती है। इन वर्षों में, राधिका ने एक कलाकार के रूप में अपनी अद्भुत श्रेणी और विकास का प्रदर्शन किया है, जिससे उन्हें आलोचकों की प्रशंसा और दर्शकों का प्यार मिला है। उनके सधे हुए प्रदर्शनों ने उन्हें इंडस्ट्री में एक शक्तिशाली कलाकार के रूप में स्थापित किया है, क्योंकि उन्होंने चुनौतीपूर्ण और असामान्य भूमिकाओं को स्वीकार किया है। इसमें कोई शक नहीं कि उनके हुनर ने उन्हें आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। बता दें कि पटाखा में चंपा के रूप में उनके ब्रेकआउट किरदार से लेकर उनकी नवीनतम फिल्म सरफिरा में रानी की भूमिका तक, राधिका ने लगातार खुद को विविध और जटिल किरदारों से चुनौती दी है।

# अपकमिंग फिल्म जिगरा की रिलीज की तैयारी




**मुंबई (ईएमएस)।** अपकमिंग फिल्म जिगरा की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने प्रमुख भूमिका निभाई है। आलिया ने अपना एक शानदार नया फोटोशूट करवाया है, जिसकी एक झलक उन्होंने अपने फैंस के साथ सोशल मीडिया पर शेयर की है। इंस्टाग्राम पर आलिया के 85.3 मिलियन फॉलोअर्स हैं। इस प्लेटफॉर्म पर अभिनेत्री ने कई आकर्षक तस्वीरें शेयर की है। फोटोज में उन्हें ब्लू और ग्रे रंग की ब्रालेट टॉप में देखा जा सकता है, जिसे उन्होंने काले कोट और बेज ट्राउजर के साथ खूबसूरत तरीके से पेयर किया है। अपने सिग्नेचर मिनिमल मेकअप के साथ, उन्होंने अपने छोटे बालों को खुला रखा और सिल्वर इयररिंग्स और मैचिंग रिंग्स के साथ अपने लुक को पूरा किया। उन्होंने अपनी पोस्ट में मजाकिया अंदाज में कैप्शन देते हुए लिखा, जिगरा का ट्रेलर देखा? जिससे प्रशंसकों का उत्साह बढ़ गया। इस पोस्ट को रश्मिका मंदाना, वरुण धवन और अनन्या पांडे जैसी मशहूर हस्तियों ने लाइक किया। प्रशंसकों ने भी उनकी जमकर तारीफ की। निर्देशक वासन बाला ने जिगरा को निर्देशित किया है। इसमें वेदांग रैना, मनोज पाहवा, राहुल रवींद्रन और राहुल नंदा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। आलिया ने 2012 में करण जौहर की टीनएज फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इसमें उनके साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन थे। इसके बाद वह हाईवे, हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया, उड़ता पंजाब, बद्रीनाथ की दुल्हनिया, राजी, गली बॉय, गंगूबाई काठियावाड़ी, आरआरआर, ब्रह्मास्त्रः पार्ट वन - शिवा और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जैसी फिल्मों में नजर आईं। उन्होंने अभिनेता रणबीर कपूर से शादी की है। उन्होंने 14 अप्रैल, 2022 को मुंबई में पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाज से शादी की थी। दंपति की एक बेटी है जिसका नाम राहा है। बता दें कि आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म 11 अक्टूबर, 2024 को राजकुमार राव-तृप्ति डिमरी स्टारर-विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के साथ सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा, आलिया शिव रवैल के निर्देशन में बनी फिल्म अल्फा में मुंज्या फेम एक्टर शरवरी वाघ के साथ भी नजर आएंगी। अल्फा वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की एक जासूसी थ्रिलर मूवी है। इस प्रोजेक्ट को यशराज फिल्म्स के बैनर तले आदित्य चोपड़ा ने फंड किया है।

# काइली की बोल्ड तस्वीरों ने इंटरनेट का तापमान बढ़ाया



हाल ही में हॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस काइली जेनर ने अपनी नई तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों को देखकर उनके फैंस के होश उड़ गए हैं। इन बोल्ड तस्वीरों ने इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। तस्वीरों में काइली जेनर ने काले रंग की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जो उनके फिगर को बखूबी उभार रही है। ड्रेस की कटिंग से दिखाई दे रहा क्लीवेज उनकी जवानी को बखूबी दर्शा रहा है। उन्होंने अपने लुक को गोल्डन कंगन और न्यूड मेकअप के साथ पूरा किया है, जबकि उनके वेवी बाल उनके लुक को और भी आकर्षक बना रहे हैं। फैंस काइली की इन तस्वीरों को बार-बार देख रहे हैं और कमेंट्स के जरिए उनकी तारीफ कर रहे हैं। काइली जेनर हॉलीवुड इंडस्ट्री का एक जाना-पहचाना नाम हैं, जो अपनी अदाओं और फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं।

हाल ही में, उन्होंने म्यूजिक वीडियो स्टक विद यू और वैप में भी अभिनय किया, जिसमें उनके किरदार को काफी सराहा गया था। इसके अलावा, वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और नियमित रूप से अपने फैंस के साथ नई तस्वीरें शेयर करती हैं।

# गुरु रंधावा से लिया केआरके ने पंगा, रंधावा दिया जवाब

हाल ही में बॉलीवुड एक्टर कमाल आर खान यानि कि केआरके ने पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा के साथ एक नया पंगा ले लिया। मामला तब शुरू हुआ जब गुरु ने अपनी आगामी पंजाबी फिल्म शाहकोट का पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया। केआरके ने इस पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए, गुरु को 2 रुपये का अभिनेता और धोबी कह दिया। गुरु रंधावा इस टिप्पणी से नाराज हो गए और उन्होंने तुरंत केआरके को जवाब दिया। उन्होंने कहा, भाई, आप मुझसे उम्र में बड़े हैं, लेकिन मैं आपसे बिल्कुल भी प्रेरित नहीं हूं। पहले फिल्म देख लो फिर पता चलेगा कि आपको धोबी पसंद है या नहीं... आपका ट्वीट 2 रुपये का था। इसके बाद, दोनों के बीच ट्विटर पर तीखी बहस शुरू हो गई। केआरके ने एक और ट्वीट करते हुए लिखा, अरे केआरके दुनिया के नंबर 1 आलोचक हैं, केआरके को चुनौती मत दो, तुम 2 रुपए के एक्टर हो।

# भूमि ने पहनी सफेद और ट्रांसपेरेंट रंग की अजीब पोशाक



हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने 2024 जीक्यू बेस्ट ड्रेस्ड अवार्ड्स में शिरकत की, जहां उनका अजीब ड्रेसिंग सेंस सुर्खियों में केंद्र बन गया। भूमि ने इस इवेंट में सफेद और ट्रांसपेरेंट रंग की एक पोशाक पहनी, जिसमें एक अनोखा शीशे का कॉरसेट था। इस कॉरसेट पर सांप लिपटे हुए थे, जो उनकी ड्रेस को एक अजीब लेकिन आकर्षक लुक दे रहा था। उन्होंने मिनिमल मेकअप और खुले बालों के साथ अपने लुक को पूरा किया और कैमरे के सामने आत्मविश्वास के साथ पोज देती नजर आईं। हालांकि, भूमि का यह लुक सोशल मीडिया पर लोगों के लिए पसंदीदा नहीं रहा। कई यूजर्स ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया और उनके इस पहनावे की तुलना उर्फी जावेद से करने लगे। एक यूजर ने टिप्पणी करते हुए कहा, मुझे तो लगता है कि उर्फी का ड्रेसिंग सेंस इनसे कई गुना अच्छा है।

वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, बुलेट प्रूफ नागिन। भूमि पेडनेकर ने अपने अनोखे स्टाइल से फिर से साबित कर दिया है कि वह अपने फैशन के साथ प्रयोग करने से नहीं कतराती हैं, लेकिन उनकी इस नई ड्रेसिंग चॉइस ने निश्चित रूप से कुछ प्रशंसा और आलोचना दोनों को आकर्षित किया है।

## सूडोकु नवताल- 6932

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6931 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## शब्दजाल - 7679

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | म | मा | है | लो | ब्र | द | र | ह | क | ल |
| हा | टी | सू | ह | गु | ल | जी | स | ल | क | क |
| हे | वी | औ | द | अं | ला | त | र | म | ल | भी |
| रा | र | दा | र | ल | क | म | ओ | र | सु | अ |
| म | स | न | ष | ब | म | मी | छ | बा | न | ल |
| प | मी | त्या | स | जि | ब | क | प | बू | स | वि |
| के | ह | बु | की | टी | म | ली | टे | ल | र | दा |
| न | पू | कु | छ | कु | छ | हो | ता | है | प | ना |
| प | हे | ली | सू | ह | प | ने | ने | ल | जी | क |
| म | व | म | ब | फा | दी | र | ह | री | क | ह |
| म | ह | न | ह | म | तु | म | न | ज | ल | ना |

शब्दजाल में रानी मुखर्जी की 10 फिल्में के नाम ढूंढिए.नाम ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

कभी अलविदा ना कहना, बाबूल, पहेली, हमतुम, सत्या, हे राम, हैलो ब्रदर, गुलाम, बंटी और बबली, कुछ कुछ होता है

### शब्दजाल - 7678 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | म | प | कु | क | या | म | त | ला | नी | क |
| ए | रा | र | ज | इं | डो | ने | ह | क | जं | प |
| क | त | दे | अ | म | न | इ | दि | न | ग | म |
| हि | न | शी | मा | ज | ल | स | वा | प | प | घा |
| न्दू | म | बा | थ | त | न | उ | ना | ख | री | त |
| स्ता | जे | बु | र | रा | द | बी | म | ल | ड़ | सा |
| नी | मा | दे | सो | व | जा | स | स्ता | पी | ख | न |
| रा | दे | श | बा | च | प | जी | ना | ड़ | भ | क |
| ल | दि | ल | क | ले | दा | र | ल | क | थ | त |
| क्षि | ज | ति | त | हि | द | ह | मा | ह | ल | है |
| ते | रा | जा | क | दि | अ | ग्नि | व | र्षा | स | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6632

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 3 | | 4 | | 5 |
| 1 | 22 | 7 | 34 | 6 | 43 | |
| | 4 | | 5 | | 6 | |
| | 30 | 5 | 26 | 1 | 30 | 2 |
| 6 | 5 | 2 | | 7 | | 1 |
| | 36 | | 36 | 3 | 29 | 4 |
| | 1 | | 6 | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6631 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 |
| 6 | 35 | 5 | 31 | 2 | 27 | 1 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 1 | 33 | 6 | 32 | 4 | 31 | 2 |
| 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 4 | 33 | 3 | 30 | 6 | 35 | 6 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# कोच से अलग होने के बाद इगा स्विएटेक ने वुहान ओपन से नाम वापस लिया

**वारसॉ।**
विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्विएटेक ने कोच टॉमस विक्टरोवस्की के साथ सहयोग समाप्त करने के बाद वुहान ओपन से नाम वापस ले लिया। शुक्रवार को स्विएटेक ने एक बयान में उक्त जानकारी दी।

पोलिश खिलाड़ी ने डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के लिए पंजीकरण कराया था, लेकिन शुक्रवार को, इसके शुरू होने से तीन दिन पहले, आयोजकों को उनके नाम वापस लेने की सूचना दी गई। विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी एक नए कोच की तलाश में लगी हुई हैं।

स्विएटेक ने शुक्रवार को एक बयान में लिखा, अपने करियर में तीन साल तक सबसे बड़ी सफलताएँ हासिल करने के बाद, कोच टॉमस विक्टरोवस्की और मैंने अपना सहयोग समाप्त करने का फैसला किया। विक्टरोवस्की ने पोलिश खिलाड़ी को चार ग्रैंड स्लैम खिताब दिलाए। स्विएटेक ने कहा, कोच विक्टरोवस्की तीन सीज़न पहले मेरी टीम में शामिल हुए, जब मुझे वास्तव में बदलाव और एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता थी। उनके अनुभव, विश्लेषणात्मक और रणनीतिक दृष्टिकोण और टेनिस के विशाल ज्ञान का मतलब था कि कुछ महीनों बाद मुझे ऐसी सफलताएँ मिलने लगीं, जिनके बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। हमारा लक्ष्य दुनिया में नंबर एक बनना था। 4 अप्रैल, 2022 को, स्विएटेक ने इतिहास में पहली पोलिश महिला के रूप में डब्ल्यूटीए विश्व रैंकिंग के लीडर के रूप में पदार्पण किया। उन्होंने 75 सप्ताह तक बढ़त बनाए रखी, और 11 सितंबर, 2023 को बेलारूसी आर्यना सबलेंका से हार गई।

आठ सप्ताह के बाद, वह शीर्ष पर लौट आई और तब से वह अग्रणी है। सितंबर की शुरुआत में, 23 वर्षीय खिलाड़ी यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जेसिका पेगुला से हार गई। फिर वह सियोल और बीजिंग में होने वाले टूर्नामेंट से हट गई। स्विएटेक ने कहा, मेरे लिए इस महत्वपूर्ण बदलाव के कारण, मैं खुद को अगले कुछ सप्ताह एक नए कोच के साथ काम करना शुरू करने के लिए दे रही हूँ।

## न्यूज ब्रीफ

### शंघाई मास्टर्स के तीसरे दौर में पहुंचे अल्कराज

**शंघाई।** चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज ने शनिवार को चीन के शांग जुनचेंग को



सीधे सेटों में हराकर शंघाई मास्टर्स के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अल्कराज ने पहले गेम में ब्रेक लिया और 6-2, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। पिछले महीने चेंगदू ओपन में एटीपी टूर एकल खिताब जीतने वाले केवल दूसरे चीनी खिलाड़ी बने शांग, दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ कुछ ज्यादा हासिल नहीं कर सके। अल्कराज ने मैच के बाद कहा, मैं हाल ही में वास्तव में अच्छा टेनिस खेल रहा हूं इसलिए मैं इसे जारी रखना चाहता हूं और इसे महसूस करना चाहता हूं, मैंने सिर्फ एक अभ्यास किया था और फिर सीधे इस मैच में पहुंच गया, इसलिए पहले मैच में यह स्तर दिखाने में सक्षम होने पर मुझे वास्तव में गर्व है। अल्कराज ने नौ मैचों की जीत के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया, उन्होंने हाल ही में बीजिंग में चाइना ओपन जीता, और फाइनल में शीर्ष क्रम के इतालवी जैनिक सिनर को हराया।

### फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल हुए एलेक्स टेल्स



**रियो डी जेनेरियो।** बोटाफोगो के लेफ्ट-बैक एलेक्स टेल्स को चिली और पेरू के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है, ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 31 वर्षीय टेल्स एटलेटिको माइनिरो के गुइलहर्मे अराना की जगह लेंगे, जिन्हें कोपा डो ब्रासिल में वास्को दा गामा पर 2-1 के घरेलू जीत के दौरान बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। टेल्स, जिनके करियर में मैनचेस्टर यूनाइटेड, इंटर मिलान और सेविला सहित अन्य क्लबों के लिए खेल चुके हैं, 2019 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से ब्राजील के लिए 12 बार खेल चुके हैं। एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट के फटने के कारण ग्लीसन ब्रेमर को टीम से बाहर किए जाने के 24 घंटे से भी कम समय बाद उनकी वापसी हुई। पेरिस सेंट-जर्मेन के लुकास बेराल्डो ने जुवेंटस के सेंट्रल डिफेंडर की जगह ली। ब्राजील 10 अक्टूबर को सैंटियागो में चिली से और पांच दिन बाद ब्रासीलिया में पेरू से भिड़ेगा। पांच बार का विश्व चैंपियन वर्तमान में दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में पांचवें स्थान पर है, जिन्होंने अपने पहले आठ मैचों में से केवल तीन जीते हैं। चिली और पेरू क्रमशः नौवें और 10वें स्थान पर हैं ।

### 2024-25 की पहली कोलकाता डर्बी में भिड़ेंगे मोहन बागान और मोहम्मडन एससी

**कोलकाता।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 सीजन की पहली कोलकाता डर्बी आज शाम खेली जाएगी, जब मोहन बागान सुपर जायंट और मोहम्मडन एससी साल्ट लेक स्टेडियम में भिड़ेंगे। इन दोनों टीमों ने अब तक तीन-तीन मैच खेलकर चार-चार अंक बटोरे हैं। इस मैच के बाद आईएसएल मैचवीक 4 का अंत हो जाएगा और लीग अंतरराष्ट्रीय ब्रेक पर चली जाएगी। ये दोनों टीमें आईएसएल में पहली बार भिड़ेंगी। मैरिनर्स ने लीग में जिन टीमों का पहली बार सामना किया है, उनके खिलाफ अपने 11 मैचों में सात जीते हैं और दो ड्रा खेले और दो हारे हैं। चेन्नइयन एफसी पर जीत के साथ ही मोहम्मडन एससी आईएसएल में अपना पहला अवे मैच जीतने वाली पांचवीं टीम बन गई। अगर ब्लैक पैंथर्स मैरिनर्स को हरा देते हैं, तो वे शुरुआती दोनों अवे मैचों में जीतने वाली आईएसएल इतिहास की दूसरी टीम बन जाएंगे। मैरिनर्स ने अब तक तीन मैचों में सात गोल खाए हैं जिससे स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना चिंतित हैं। उन्होंने टीम की अटैकिंग फॉर्मेशन में एक खामी का पता लगाया है, जो इस समस्या की वजह है। मोलिना ने कहा, हम बहुत ज्यादा गोल खा रहे हैं। कुछ गोल डिफेंस की गलतियों के कारण खा रहे हैं, लेकिन ज्यादातर गोल अटैकिंग फॉर्मेशन में खामियों के कारण खा रहे हैं। लिहाजा, हमें सुधार करने की जरूरत है। मोहम्मडन एससी के रूसी हेड कोच एंड्री चेर्निशोव का मानना है कि चेन्नइयन एफसी के खिलाफ अपनी पहली जीत से उनकी टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। उन्होंने कहा, मैरिनर्स मजबूत टीम हैं। हम उनका सम्मान करते हैं। लेकिन हम भी मजबूत हैं; हम इस लीग में अच्छा फुटबॉल खेलना चाहते हैं। हमने पिछले तीन मैचों में यह दिखाया है। शुरुआती दो मैचों के बाद, खिलाड़ी समझ गए थे कि वे अच्छी फुटबॉल खेल सकते हैं। अब उन्हें समझ आ गया है कि वे आईएसएल में मैच जीत सकते हैं और यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# हॉकी इंडिया लीग की वापसी पर हरमनप्रीत सिंह ने कहा भारतीय हॉकी के लिए इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता

**बेंगलुरू।**
**हॉकी इंडिया ने गुरुवार को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सात साल के अंतराल के बाद हॉकी इंडिया लीग के वापसी की घोषणा की। संशोधित एचआईएल 2024-25 में 8 पुरुष टीमें और 6 महिला टीमें शामिल होंगी, जो देश में पहली स्टैंडअलोन महिला लीग होगी जो पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी। लीग 28 दिसंबर को दो स्थानों रांची, झारखंड में मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और राउरकेला, ओडिशा के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जाने वाले मैचों के साथ शुरू होगी।**



महिला लीग का समापन 26 जनवरी 2025 को रांची में होगा जबकि पुरुषों का फाइनल 1 फरवरी 2025 को राउरकेला में होगा।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह पिछले संस्करण में एक उभरते सितारे थे, और उन्होंने अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का अध्ययन करने के अवसर का उपयोग किया। उन्होंने कई मौकों पर भारत में हॉकी के स्तर को बढ़ाने के लिए लीग को श्रेय दिया है और इसकी घोषणा के बाद बेहद खुशी हैं।

हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, भारतीय हॉकी के लिए हॉकी इंडिया लीग से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। पिछली बार यह सीखने का एक शानदार अनुभव था और मुझे यकीन है कि सभी हॉकी खिलाड़ी लीग में भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। यह युवाओं के लिए भी दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने, उनके सोचने के तरीके, उनके खेलने के तरीके में सूक्ष्म अंतरों को देखने और उन अच्छी आदतों को अपनाने का प्रयास करने का एक शानदार अवसर होगा जो वे नोटिस करते हैं।

हरमनप्रीत सिंह ने 2017 हॉकी इंडिया लीग के दौरान छह गोल किए और उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। तब से उन्होंने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए 234 मैचों में 205 गोल करके हॉकी जगत में तहलका मचा दिया है।

उन्होंने कहा, हॉकी इंडिया लीग मेरे विकास का एक बड़ा हिस्सा था। लीग ने मुझे अलग-अलग कोचों के तहत अलग-अलग खेल शैलियों से अवगत कराकर अपने कौशल को बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान किया। लीग में खेलना, विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना आपके दिमाग को खोलता है और आपको कई दृष्टिकोण और सोचने के तरीके प्रदान करता है। यह सब भारतीय हॉकी के पुनरुत्थान में अभिन्न था और इसने निश्चित रूप से टोक्यो ओलंपिक में हमारे प्रदर्शन को प्रभावित किया जहां हमने कांस्य पदक जीता।

एचआईएल 2024-25 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होगी। प्रत्येक फ्रेंचाइजी 24 खिलाड़ियों की एक टीम बनाएगी, जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी (4 जूनियर खिलाड़ियों को अनिवार्य रूप से शामिल करना) और 8 अंतरराष्ट्रीय सितारे शामिल होंगे। नीलामी में खिलाड़ियों को 2, 5 और 10 लाख के आधार मूल्य के साथ तीन स्लैब में विभाजित किया जाएगा।

उन्होंने कहा, हॉकी इंडिया लीग इस बार बहुत बड़ी होगी; एक महिला लीग भी होगी जो दोनों स्थानों पर एक ही समय पर चलेगी। मुझे विश्वास है कि यह अनुभव भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक बनने की यात्रा में अमूल्य साबित होगा। नीलामी जल्द ही होने वाली है और मैं भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। जहां तक मेरी बात है, मैं यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि मैं किस टीम का प्रतिनिधित्व करूंगा और हॉकी क्रांति कब फिर से शुरू करूंगा।

# प्रो कबड्डी लीग ने 11वें संस्करण के कार्यक्रम में किये कुछ मामूली बदलाव







**नई दिल्ली।**
आगामी प्रो कबड्डी लीग सीजन 11, जो 18 अक्टूबर से शुरू होने वाला है, ने शुक्रवार को अपने कार्यक्रम में कुछ मामूली बदलाव किए हैं। मैचों के कार्यक्रम या तारीखों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, केवल कुछ तारीखों के पहले और दूसरे मैच के बीच अदला-बदली की गई है। पीकेएल का 11वां संस्करण 18 अक्टूबर को हैदराबाद में तेलुगू टाइटन्स और बेंगलुरु बुल्स के बीच होने वाले पहले मैच के साथ शुरू होगा। इस मैच में घरेलू टीम तेलुगू टाइटन्स और उसके स्टार रेडर पवन सेहरावत का मुकाबला बेंगलुरु बुल्स के लिए वापसी करने वाले प्रदीप नरवाल से होगा। इस बार, पीकेएल तीन शहरों के प्रारूप में लौटेगा, जिसका 2024 संस्करण 18 अक्टूबर से 9 नवंबर तक हैदराबाद के गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में शुरू होगा। इसके बाद यह 10 नवंबर से 1 दिसंबर तक दूसरे चरण के लिए नोएडा इंडोर स्टेडियम में स्थानांतरित होगा। तीसरा चरण 3 दिसंबर से 24 दिसंबर तक पुणे के बालेवाड़ी बैडमिंटन स्टेडियम में शुरू होगा।

प्रो कबड्डी लीग 11 के शेड्यूल में ये बदलाव हैं: 23 अक्टूबर: मैच 11 – तमिल थलाइवाज बनाम पुनेरी पलटन; मैच 12 – गुजरात जायंट्स बनाम यू मुंबा, 2 नवंबर: मैच 29 – यूपी योद्धा बनाम पटना पाइरेट्स; मैच 30 – बेंगलुरु बुल्स बनाम तेलुगु टाइटंस, 3 नवंबर: मैच 31 – बंगाल वारियर्स बनाम हरियाणा स्टीलर्स; मैच 32 – पुनेरी पल्टन बनाम यू मुंबा, 4 नवंबर: मैच 33 – पुनेरी पल्टन बनाम गुजरात जायंट्स; मैच 34 – बेंगलुरु बुल्स बनाम तमिल थलाइवाज , 5 नवंबर: मैच 35 – जयपुर पिंक पैंथर्स बनाम यूपी योद्धा; मैच 36 – यू मुंबा बनाम दबंग दिल्ली के.सी., 6 नवंबर: मैच 37 – पटना पाइरेट्स बनाम यू मुंबा; मैच 38 – तमिल थलाइवाज बनाम तेलुगु टाइटंस , 7 नवंबर: मैच 39 – बंगाल वॉरियर्स बनाम दबंग दिल्ली के.सी.; मैच 40 – हरियाणा स्टीलर्स बनाम गुजरात जायंट्स , 18 नवंबर: मैच 61 – तेलुगु टाइटंस बनाम हरियाणा स्टीलर्स; मैच 62 – बेंगलुरु बुल्स बनाम यू मुंबा , 21 नवंबर नवंबर: मैच 67 – बंगाल वॉरियर्स बनाम तेलुगू टाइटन्स; मैच 68 – बेंगलुरु बुल्स बनाम हरियाणा स्टीलर्स , 22 नवंबर: मैच 69 – तमिल थलाइवाज बनाम यूपी योद्धाज; मैच 70 – जयपुर पिंक पैंथर्स बनाम दबंग दिल्ली के.सी., 25 नवंबर: मैच 75 – पुणेरी पल्टन बनाम जयपुर पिंक पैंथर्स; मैच 76 – यू मुंबा बनाम बेंगलुरु बुल्स।

# पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर हुए बेन स्टोक्स

**नई दिल्ली।**
इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। कथित तौर पर वह अभी भी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं। स्टोक्स की अनुपस्थिति में ओली पोप टीम की कप्तानी करेंगे।

अगस्त में हंड्रेड के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद स्टोक्स श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में घरेलू सीरीज से बाहर हो गए थे, उनके अब और क्रिसमस के बीच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड में छह टेस्ट मैचों में के लिए कप्तानी फिर से शुरू करने की उम्मीद थी।

स्टोक्स शुक्रवार को मुल्तान में लगभग 40 डिग्री की गर्मी में प्रशिक्षण के दौरान एक या दो ओवर फेंके। उनकी अनुपस्थिति से इंग्लैंड को एक बार फिर इस पर काम करने की जरूरत है।

सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने कहा, वह अपनी चोट से अच्छी तरह उबर रहा है, लेकिन हमें अभी तक पता नहीं है।

टीम के संतुलन के बारे में पूछे जाने पर,



क्रॉली ने जवाब दिया, हमारे पास गेंद और बल्ले के साथ बहुत सारे विकल्प हैं, हमारे पास ऐसे गेंदबाज हैं जो वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं, जैसा कि गर्मियों में साबित हुआ। जो भी टीम आएगी, हम तैयार हैं।

# महिला टी 20 विश्व कप: भारत की निराशाजनक शुरुआत, न्यूजीलैंड ने 58 रन से हराया

**दुबई।**
रोज़मेरी मैयर के चार विकेट की मदद से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को दुबई में आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप के अपने पहले मैच में भारत पर 58 रन की शानदार जीत हासिल की। ??161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, भारतीय बल्लेबाजों के पास व्हाइट फर्न्स की गेंदबाजी का कोई जवाब नहीं था और कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को नहीं छू सका। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, भारत की शुरुआत खराब रही और ईडन कार्सन ने शेफाली वर्मा (2) और स्मृति मंधाना (13 गेंदों में 12 रन, दो चौकों की मदद से) को पवेलियन भेज दिया। भारतीय टीम ने 4.4 ओवर में केवल 28 रन पर दो विकेट खो दिये। कप्तान हरमनप्रीत कौर, जो शानदार पारी खेलकर भारत की नंबर तीन की स्थिति की दुविधा को हल करना चाह रही थीं, 11 गेंदों में एक चौके की मदद से 13 रन बनाकर रोजमेरी मैयर की गेंद पर पगबाधा आउट हो गईं। भारत ने पावरप्ले से पहले 42 रन पर अपने तीन सबसे महत्वपूर्ण बल्लेबाजों को खो दिया था। छह



ओवर में पावरप्ले की समाप्ति पर, भारत का स्कोर 43/3 था, जिसमें ऋचा घोष (1*) और जेमिमा रोड्रिग्स (6*) नाबाद थीं। भारत ने 7.4 ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। भारतीय टीम बड़ी साझेदारी करने में विफल रही, क्योंकि ली ताहुहू ने रोड्रिग्स (13) और ऋचा घोष (19 गेंदों में 12) को जल्दी-जल्दी पवेलियन भेज दिया। भारत ने 11 ओवर में 70 रनों पर अपने 5 विकेट खो दिये।

इसके बाद अरुंधति रेड्डी को एक रन पर सूजी बेट्स ने एक्स्ट्रा कवर पर कैच कर लिया, यह मैयर का मैच में दूसरा विकेट था। भारतीय टीम 12.2 ओवर में 75 रन पर 6 विकेट खो चुकी थी। ली ने दीप्ति को 13 रन पर आउट करके अपना तीसरा विकेट हासिल किया, जबकि अमेलिया केर ने पूजा वस्त्रकार को मात्र आठ रन पर आउट कर दिया। भारत 15.3 ओवर में 90/8 पर पहुंच गया। मैयर ने बाकी बल्लेबाजी लाइन-अप को भी ध्वस्त कर दिया और भारतीय टीम 19 ओवर में 102 रन सिमट गई। मैयर ने 19 रन देकर 4 विकेट लिया, जबकि ली ताहुहु ने 15 रन देकर 3 विकेट लिये। कार्सन ने भी दो विकेट मिले। इसके पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान सोफी डिवाइन के शानदार अर्धशतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने 4 विकेट पर 160 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर और सूजी बेट्स ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। न्यूजीलैंड ने सिर्फ 5.4 ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया।

# श्रीलंका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला से हटे आंद्रे रसेल, पूरन और हेटमायर, एंड्रयू वनडे टीम में शामिल

**नई दिल्ली।**
**आंद्रे रसेल, निकोलस पूरन, शिमरोन हेटमायर और अकील होसेन ने व्यक्तिगत कारणों से श्रीलंका के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला से नाम वापस ले लिया है। सलामी बल्लेबाज एविन लुईस, जिन्होंने आखिरी बार 2022 में विश्व कप के दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय खेला था, की टीम में वापसी हुई है। लुईस को श्रीलंका दौरे के वनडे चरण के लिए भी चुना गया है।**



ब्रैंडन किंग भी साइड की चोट से उबरने के बाद टी20अंतरराष्ट्रीय टीम में लौट आए, जिसके कारण उन्हें इस शुरुआत में टी20 विश्व कप और सीपीएल 2024 से चूकना पड़ा था। रसेल की अनुपस्थिति में, वेस्टइंडीज ने ट्रिनबागो नाइट राइडर्स टीम के साथी टेरेंस हिंड्स और एंटीगिया और बारबुडा फाल्कन्स के शमर स्प्रिंगर को टीम में शामिल किया है।

रोवमैन पॉवेल टी-20 टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे, जबकि रोस्टन चेज़, जिन्होंने इस सप्ताह के शुरू में वेस्टइंडीज का केंद्रीय अनुबंध अर्जित किया था, को उनके डिप्टी के रूप में बरकरार रखा गया है। चयन प्रणाली में सुधार के बाद लुईस की वापसी हुई है और कोच डेरेन सैमी अब पैनल का नेतृत्व कर रहे हैं।

सैमी ने सीडब्ल्यूआई के एक बयान में कहा, श्रीलंका का दौरा हमें अपनी गहराई का परीक्षण करने और विभिन्न परिस्थितियों में खिलाड़ियों का आकलन करने का मौका देता है, खासकर जब कई वरिष्ठ खिलाड़ी आराम की आवश्यकता और चोट से पुनर्वास के कारण टीम से बाहर रहे हैं। हमें श्रीलंका के खिलाफ मजबूती से प्रतिस्पर्धा करने की टीम की क्षमता पर भरोसा है।

### ज्वेल एंड्रयू को वेस्टइंडीज वनडे टीम में शामिल किया गया

सत्रह वर्षीय ज्वेल एंड्रयू को पल्लेकेले में तीन मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है। वह एकदिवसीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सबसे कम उम्र के वेस्टइंडियन बन सकते हैं; केवल डेरेक सीली और गैरी सोबर्स ने 17 साल की उम्र में वेस्टइंडीज के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

एंड्रयू ने अब तक केवल तीन लिस्ट ए गेम और सात सीपीएल मैच खेले हैं, लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से पहले ही वेस्ट इंडीज के कुछ दिग्गज खिलाड़ियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया है, जिनमें विव रिचर्ड्स, शिवनारायण चंद्रपॉल, और इयान बिशप शामिल हैं।

सीपीएल में अब तक के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी, एंड्रयू ने सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स आक्रमण के खिलाफ नाबाद 50 रन बनाकर अपनी शुरुआत की, जिसमें एनरिक नॉर्टजे और तबरेज़ शम्सी जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल थे।

### वेस्टइंडीज टी20 टीम

रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोस्टन चेज़ (उप-कप्तान), फैबियन एलन, एलिक अथानाज़, आंद्रे फ्लेचर, टेरेंस हिंड्स, शाई होप, अल्ज़ारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर।

वेस्टइंडीज का श्रीलंका का सफेद गेंद दौरा 13 अक्टूबर से शुरू होगा और 26 अक्टूबर तक चलेगा।

### वेस्टइंडीज वनडे टीम

शाई होप (कप्तान), अल्ज़ारी जोसेफ (उप-कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, एलिक अथानाज़, कीसी कार्टी, रोस्टन चेज़, मैथ्यू फोर्डे, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडेन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, हेडन वॉल्श जूनियर।

# भक्ति और शक्ति की उपासना का पवित्र महापर्व नव दुर्गा पूजा



■ **सुनील कुमार**
पुलिस उप महानिरीक्षक,
मध्य क्षेत्र, सीआरपीएफ, लखनऊ।

*ॐ जयन्ती मंगला काली*
*भद्र काली कपालिनी*
*दुर्गा क्षमा शिवाधात्री स्वाहा*
*स्वधा नमोस्तुते..!!*
*नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।*

भक्ति और शक्ति की उपासना का पवित्र महापर्व नव दुर्गा पूजा, जिसे नवरात्रि के नाम से भी जाना जाता है, हिंदू धर्म के प्रमुख पवित्र त्योहारों में से एक है। इस पर्व की शुरुआत प्रत्येक वर्ष अश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि का पवित्र महापर्व 3 अक्तूबर 2024 (गुरुवार) से शुरू होकर 11 अक्तूबर 2024 (शुक्रवार) को समाप्त होगी तथा 12 अक्तूबर 24 (शनिवार) को दुर्गा विसर्जन होगा। यह पर्व नौ दिनों तक देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा और साधना को समर्पित होता है। कहा जाता है कि मां दुर्गा ने अश्विन माह में दुर्दांत शक्तिशाली राक्षस महिषासुर से 09 दिनों तक युद्ध कर नवमी की रात्रि को उसका वध किया था, इसलिए इन 9 दिनों को शक्ति की आराधना के लिए अर्पित कर दिया गया। नौ दिनों तक चलने वाले इस पवित्र पर्व में हर दिन मां भगवती दुर्गा जिन्हे आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा भी कहा जाता है के अलग - अलग रूपों में से एक-एक रूप की पूजा व साधना की जाती है तथा विशेष मंत्रों का जाप किया जाता है। नवरात्रि का शाब्दिक अर्थ *नौ रातें* होता है, और इन दिनों में भक्त उपवास रखकर शक्ति स्वरूपा मां देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना कर मातारानी की कृपा प्राप्त करने के लिए साधना करते हैं। भक्त घरों और मंदिरों में मां दुर्गा के नाम से भजन-कीर्तन करते हैं। अष्टमी और नवमी को कन्या पूजन का विशेष महत्व है, जिसमें नौ कन्याओं को देवी का रूप मानकर उनका पूजन किया जाता है। मां भगवती नवदुर्गा के नौ रूप—शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, और सिद्धिदात्री—प्रकृति के विभिन्न रूपों का प्रतिनिधित्व करते हैं, हर देवी के अलग - अलग वाहन हैं, अस्त्र शस्त्र हैं परन्तु यह सब एक हैं और सभी परम भगवती दुर्गा जी से ही प्रकट होती है जिन्हे पापों की विनाशिनी कहा जाता है। इन नौ दिनों में प्रत्येक दिन मां देवी दुर्गा के एक विशेष रूप की पूजा व साधना की जाती है। यह पूजा देवी के विभिन्न स्वरूपों के गुणों और उनकी शक्तियों को समझने और उनके प्रति आस्था, भक्ति व सम्मान प्रकट करने का एक माध्यम है :-

**1. शैलपुत्री :** यह देवी का पहला रूप है। देवी शैलपुत्री पर्वतराज हिमालय की पुत्री हैं और इन्हें प्रकृति की देवी के रूप में पूजा जाता है। यह नारी शक्ति का प्रतीक हैं।

*वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्।*
*वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम् ॥*

**2. ब्रह्मचारिणी :** दूसरा रूप ब्रह्मचारिणी का है, जो तपस्या और संयम की देवी हैं। उनकी पूजा से साधकों को आत्मबल और धैर्य की प्राप्ति होती है।

*दधाना करपद्माभ्यामक्षमाला-कमण्डलू ।*
*देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥*

**3. चंद्रघंटा :** तीसरा रूप चंद्रघंटा का है, जो शांति और वीरता का प्रतीक है। इनके माथे पर अर्धचंद्र है और यह अपने भक्तों को साहस और शांति का आशीर्वाद देती हैं।

*पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकेर्युता।*
*प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥*

**4. कूष्माण्डा :** चौथा रूप देवी कूष्माण्डा का है, जिन्होंने ब्रह्मांड की रचना की। यह देवी ऊर्जा और शक्ति की देवी हैं, जो अपने भक्तों को जीवन में सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती हैं।

*सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।*
*दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डाशुभदाऽस्तु मे॥*

**5. स्कंदमाता :** पांचवां रूप स्कंदमाता का है, जो भगवान कार्तिकेय की माता हैं। यह मातृत्व और स्नेह का प्रतीक मानी जाती हैं और संतान की मंगलकामना के लिए पूजा जाता है।



जय माता दी

*सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।*
*शुभदाऽस्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥*

**6. कात्यायनी :** छठा रूप कात्यायनी का है, जो महर्षि कात्यायन की पुत्री हैं। यह युद्ध और विजय की देवी मानी जाती हैं और उनके भक्तों को साहस और वीरता प्राप्त होती है।

*चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।*
*कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानव-घातिनी॥*

**7. कालरात्रि :** सातवां रूप कालरात्रि का है, जो काले रंग की देवी हैं और सभी दुष्ट शक्तियों का नाश करती हैं। यह रूप अज्ञान और अंधकार को समाप्त करता है और जीवन में प्रकाश लाता है।

*एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।*
*लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥*
*वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।*
*वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी॥*

**8. महागौरी :** आठवां रूप महागौरी का है, जो अत्यंत श्वेत वर्ण की हैं और पवित्रता की प्रतीक मानी जाती हैं। इनके पूजन से भक्तों को सुख-समृद्धि और शांति मिलती है।

*श्वेते वृषे समारूढा श्वेताम्बरधरा शुचिः।*
*महागौरी शुभं दद्यान्महादेव-प्रमोद-दा॥*

**9. सिद्धिदात्री :** नवम और अंतिम रूप सिद्धिदात्री का है, जो सभी सिद्धियों की देवी हैं। यह भक्तों को सभी प्रकार की सिद्धियों और ज्ञान की प्राप्ति कराती हैं।

*सिद्धगन्धर्व-यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।*
*सेव्यमाना सदा भूयात् सिद्धिदा*
*सिद्धिदायिनी।।*

नवदुर्गा पूजा न केवल धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसमें समाजिक और सांस्कृतिक पहलू भी शामिल हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में इसे अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। पश्चिमी भारत में गरबा और डांडिया जैसी नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, जबकि पूर्वी भारत में दुर्गा पूजा का विशेष महत्व है। भक्त देवी की विशाल मूर्तियों की स्थापना करते हैं, और इन नौ दिनों के बाद, दशहरे के दिन देवी की मूर्तियों का विसर्जन किया जाता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह त्योहार न केवल आध्यात्मिक तौर पर महत्वपूर्ण है, बल्कि एकता, सामाजिक सद्भाव, आत्मसंयम, अनुशासन और सांस्कृतिक धरोहर के साथ - साथ आध्यात्मिक शक्ति संचयन एवं अंतःशुद्धि की प्राप्ति का महापर्व है। नव दुर्गा पूजा के माध्यम से लोग नारी शक्ति का सम्मान करते हैं और यह त्योहार जीवन में शक्ति, साहस और सकारात्मकता लाने का संदेश देता है। देहि सौभाग्य आरोग्यं देहि मे परमं सुखम्। रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषोजहि।। दुर्गे स्मृता हरसि भीतिशेषजन्तोः स्वस्थैः स्मृता मतिमतीव शुभां ददासि।

# नवरात्री व्रत में शामिल करेंगे ये 4 हेल्दी ड्रिंक्स, तो दिनभर महसूस नहीं होगी थकान और सुस्ती



शारदीय नवरात्र देवी दुर्गा की आराधना का पर्व है, जिस दौरान कई लोग व्रत रखते हैं। ऐसे में, शुद्ध और सात्विक आहार लेने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं लेकिन कई बार व्रत के दौरान थकान, कमजोरी और सिरदर्द जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं, जिसका मुख्य कारण शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन होता है क्योंकि ज्यादातर लोग इस दौरान भोजन को शुष्क रखते हैं। अगर आप भी इन दिनों व्रत पर हैं, तो यहां हम आपको ऐसी 4 ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिन्हें डाइट में शामिल करने से एनर्जी की कमी से बचा जा सकता है।

**ड्राई फ्रूट्स शेक :** नवरात्र के व्रत में ड्राई फ्रूट्स और खजूर जैसे मेवे सेहत के लिए वरदान की तरह होते हैं। ये न सिर्फ स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि हमारे शरीर को जरूरी पोषक तत्व भी मुहैया कराते हैं। ड्राई फ्रूट्स शेक पीने से शरीर को तुरंत एनर्जी मिलती है। इसके अलावा इसमें मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है और कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याओं से बचाता है। ड्राई फ्रूट्स, खासकर बादाम और अखरोट, विटामिन बी का एक बेहतरीन स्रोत हैं, जो कि शरीर में एनर्जी को बूस्ट करने में काफी मदद करता है।

**कोकोनट ब्लेंड :** नवरात्र के व्रत में शरीर को हेल्दी रखने के लिए हाइड्रेटेड रहना बहुत जरूरी है। इस मामले में कोकोनट ब्लेंड सबसे अच्छा ऑप्शन है, जो न सिर्फ स्वाद, बल्कि पोषक तत्वों से भी भरपूर होता है। इसमें पोटेशियम, कैल्शियम, मैंगनीज, एंटीऑक्सीडेंट और अमीनो एसिड जैसे कई मिनरल्स और इलेक्ट्रोलाइट्स पाए जाते हैं, जो आपको इंस्टेंट एनर्जी देने का काम करते हैं। इसके अलावा यह पाचन को दुरुस्त रखता है और कब्ज की समस्या से राहत भी दिलाता है।

मिक्स फ्रूट मर्ज : मिक्स फ्रूट मर्ज भी नवरात्र के व्रत में एक बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है। इसमें मौजूद फल एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं जो शरीर को फ्री रेडिकल से बचाते हैं और कई बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं। साथ ही, मिक्स फ्रूट मर्ज में विटामिन ए, विटामिन सी, फोलिक एसिड और फाइबर जैसे कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं जो आपकी स्किन को भी हेल्दी रखते हैं और इम्युनिटी को स्ट्रांग भी बनाते हैं।

**एबीसी स्मूदी :** एबीसी स्मूदी यानी आंवला, बीटरूट और गाजर का जूस भी नवरात्र के व्रत में आपको जरूर पीना चाहिए। गाजर में विटामिन ए, फाइबर और प्रोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो आपको दिनभर एनर्जी से भरपूर रखता है। इसके अलावा बीटरूट में नाइट्रेट नामक एक प्राकृतिक रसायन पाया जाता है जो शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड में बदलकर ब्लड फ्लो को बेहतर बनाने में मदद करता है। वहीं, आंवला विटामिन सी का एक बेहतरीन स्रोत है जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर आपको बीमारियों से बचाता है।

# कन्या पूजन में की गई ये गलतियां खत्म कर सकती हैं आपका सारा पुण्य!



कन्या पूजन को शारदीय नवरात्र का अहम भाग माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इसके बिना कुमारी पूजा अधूरी होती है। यह अनुष्ठान हिंदू संस्कृति में बहुत महत्व रखता है और नवरात्रि के आठवें या नौवें दिन इसे बेहद समर्पण और भक्ति के साथ मनाया जाता है। इस साल कन्या पूजा 10 या 11 अक्तूबर को की जाएगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, कुछ चीजें ऐसी हैं, जिन्हें गलती से भी कुमारी पूजन में नहीं करना चाहिए, तो आइए उनके बारे में जानते हैं।

**कन्या पूजन के दौरान न करें ये गलतियां-**

- कन्याओं की पूजा मां दुर्गा का ध्यान करते हुए करें।
- जिस स्थान पर कन्या पूजन करना हो, उसे गंदा न रखें, इससे देवी मां नाराज हो सकती हैं।
- कन्याओं को भूलसे भी डांटे नहीं और नाही ऊंची आवाज में बातें करें।
- कन्याओं के आते ही उन्हें तुरंत आसन पर आपको नहीं बैठाना चाहिए,पहले उनका हार्दिक स्वागत करना चाहिए।
- पूजन में तामसिक चीजों को शामिल करने से बचना चाहिए।
- कन्याओं का तिलक दक्षिण दिशा की ओर मुख करके नहीं करना चाहिए।
- बिना बालक के कन्या पूजा पूर्ण नहीं मानी जाती है, क्योंकि लड़कों को भगवान भैरव का स्वरूप माना जाता है।
- बिना दक्षिणा और उपहार के कन्याओं को विदा नहीं करना चाहिए।
- कन्याओं को गलती से भी अपना पैर न छूने दें, यह बहुत बड़ा अपराध माना जाता है।
- बिना भेद-भाव के कन्या पूजन करें।

**कन्या पूजा का शुभ मुहूर्त :** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, दुर्गा अष्टमी या नवमी तिथि को कन्या पूजा किया जाता है। दुर्गा अष्टमी के दिन सुबह 04 बजकर 40 मिनट से 05 बजकर 30 मिनट के बीच आप मां दुर्गा की पूजा कर सकते हैं। वहीं, अष्टमी तिथि शुभ-उत्तम मुहूर्त सुबह 07 बजकर 44 मिनट से 09 बजकर 13 मिनट तक रहेगा। इस दौरान आप कन्या पूजन भी कर सकते हैं। हालांकि नवरात्र के सभी दिन और समय कन्या पूजन के लिए शुभ हैं।

# दुर्गा पूजा : दैवीय शक्ति और सांस्कृतिक एकता का उत्सव

■ **जाहिद अहमद तापादार**

दुर्गा पूजा भारत के सबसे जीवंत और व्यापक रूप से मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है, जिसे पूरे देश में, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल, असम, बिहार और ओडिशा में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। अश्विन (सितंबर-अक्तूबर) के महीने में पड़ने वाला यह भव्य त्योहार देवी दुर्गा की भैंस राक्षस महिषासुर पर विजय का स्मरण करता है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। आज, दुर्गा पूजा अपनी धार्मिक जड़ों से आगे बढ़कर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम बन गई है जो सभी क्षेत्रों के लोगों को एकजुट करती है और अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है।



हिंदू पौराणिक कथाओं में निहित, यह त्योहार देवी दुर्गा की महिषासुर पर जीत का जश्न मनाता है, एक राक्षस जिसके अत्याचार ने ब्रह्मांड के संतुलन को खतरे में डाल दिया था। देवताओं की संयुक्त शक्तियों द्वारा निर्मित, दुर्गा ने नौ दिनों और रातों तक महिषासुर से युद्ध किया, अंततः दसवें दिन, विजयादशमी पर विजयी हुईं। इस विजय का जश्न विस्तृत अनुष्ठानों और कलात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से मनाया जाता है, जो देवी की शक्ति और धार्मिकता की विजय को दर्शाता है।

समकालीन भारत में, दुर्गा पूजा एक विशुद्ध धार्मिक अनुष्ठान से आगे बढ़कर एक भव्य सांस्कृतिक उत्सव बन गया है, जिसमें सभी समुदायों की भागीदारी होती है। यह त्यौहार अब विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों द्वारा उत्साह के साथ मनाया जाता है, जो इसकी सार्वभौमिक अपील और इसके द्वारा पोषित समावेश की भावना को दर्शाता है।

दुर्गा पूजा का आर्थिक प्रभाव काफी बड़ा है। जैसे-जैसे त्यौहार नजदीक आता है, नए कपड़ों की मांग बढ़ जाती है, खरीदार पारंपरिक परिधान खरीदने के लिए बाजारों में उमड़ पड़ते हैं। पर्यटन उद्योग भी तैयार हो जाता है, देश के विभिन्न हिस्सों और विदेशों से यात्री इस जीवंत उत्सव को देखने के लिए आते हैं। इसके अतिरिक्त, कई लोग पूजा की छुट्टियों का उपयोग भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यात्रा करने, परिवार के साथ समय बिताने या छुट्टियों का आनंद लेने के अवसर के रूप में करते हैं।

रेस्तरां त्यौहारी व्यंजनों की विशेषता वाले विशेष मेनू तैयार करते हैं, जबकि खाद्य स्टॉल और विक्रेता पारंपरिक मिठाइयों और स्नैक्स की एक श्रृंखला पेश करते हैं। मांग में वृद्धि से परिवहन पर भी असर पड़ता है, छुट्टियों के मौसम में अधिक मांग के कारण अक्सर वाहन शुल्क बढ़ जाता है। यह हलचल भरी गतिविधि न केवल त्योहार के सांस्कृतिक महत्व को दर्शाती है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका को भी दर्शाती है।

दुर्गा पूजा साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का एक मिश्रण है जो इसकी भव्यता को और बढ़ा देता है। समाचार पत्र और पत्रिकाएं विशेष पूजा अंक प्रकाशित करती हैं जिनमें त्योहार के कार्यक्रमों, सांस्कृतिक विशेषताओं और कलात्मक योगदानों का व्यापक कवरेज शामिल होता है।

दुर्गा पूजा का सांस्कृतिक परिदृश्य पूजा स्थलों पर आयोजित विविध प्रदर्शनों से और समृद्ध होता है। इनमें पारंपरिक नृत्य रूप, संगीत प्रदर्शन और नाट्य प्रस्तुतियां शामिल हैं जो स्थानीय विरासत और समकालीन विषयों दोनों को दर्शाती हैं।

इस त्यौहार में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी होती हैं, जैसे कि सबसे अच्छे सजाए गए पंडाल, सबसे नवीन मूर्ति और सबसे आकर्षक थीम-आधारित सजावट के लिए प्रतियोगिताएं। ये प्रतियोगिताएं रचनात्मकता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देती हैं, जिससे दृश्य और कलात्मक रूप से शानदार अनुभव होता है। थीम-आधारित पंडाल आधुनिक दुर्गा पूजा समारोहों की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। प्रत्येक पंडाल अक्सर एक अनूठी थीम अपनाता है, जो ऐतिहासिक घटनाओं से लेकर समकालीन सामाजिक मुद्दों तक हो सकती है, जो एक ऐसी कथा का निर्माण करती है जो उत्सव में गहराई जोड़ती है। सबसे कल्पनाशील और प्रभावशाली थीम के लिए पुरस्कार दिए जाते हैं, जो नवाचार और कलात्मक अभिव्यक्ति को और बढ़ावा देते हैं। हाल के वर्षों में, पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं पर जोर बढ़ रहा है। कई पूजा आयोजकों ने पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए सजावट और पर्यावरण के अनुकूल मूर्तियों के लिए बायोडिग्रेडेबल सामग्रियों का उपयोग करने जैसे टिकाऊ तरीकों को अपनाया है। सुरक्षा उपाय भी प्राथमिकता बन गए हैं, आयोजकों ने पंडाल स्थलों पर उचित भीड़ प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं को सुनिश्चित किया है। दुर्गा पूजा के प्रत्येक दिन का अपना महत्व है। सप्तमी (सातवें दिन) को *कोला बौ* (दुल्हन की तरह सजा हुआ केले का पौधा) जैसे अनुष्ठान किए जाते हैं। अष्टमी (आठवें दिन) को *संधि पूजा* की जाती है, जहां अष्टमी और नवमी (नौवें दिन) के एक साथ होने पर शुभ समय पर प्रसाद चढ़ाया जाता है। दशमी (दसवें दिन) को दुर्गा की मूर्ति का भव्य विसर्जन जुलूस निकाला जाता है, जो उनके दिव्य निवास पर लौटने का प्रतीक है।

भोजन दुर्गा पूजा का एक केंद्रीय पहलू है। उत्सव के भोजन, या *भोग* में आमतौर पर चावल, दाल, सब्जियां और मिठाइयां शामिल होती हैं। इस अवसर के लिए विशेष व्यंजन तैयार किए जाते हैं, और सामूहिक दावतें लोगों को एक साथ लाती हैं। स्ट्रीट फूड विक्रेता और स्थानीय भोजनालय भी विभिन्न प्रकार के पारंपरिक और उत्सवी खाद्य पदार्थ पेश करते हैं, जो उत्सव के मूड को बढ़ाते हैं।

उत्सव और आर्थिक प्रभाव से परे, दुर्गा पूजा चिंतन और नवीनीकरण का समय है। यह व्यक्तियों को शक्ति, साहस और करुणा के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह त्यौहार दान और सेवा के कार्यों को भी बढ़ावा देता है, जो देवी की परोपकार की भावना को दर्शाता है।

जैसे-जैसे परिवार और समुदाय एक साथ आते हैं, दुर्गा पूजा एकता और सामूहिक उत्सव की भावना को बढ़ावा देती है। यह धार्मिक सीमाओं को पार करता है, विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को शामिल करता है और एक सामंजस्यपूर्ण समाज में योगदान देता है।

दुर्गा पूजा सिर्फ एक धार्मिक त्यौहार नहीं है; यह दैवीय शक्ति, सांस्कृतिक समृद्धि और सामुदायिक भावना का उत्सव है। एक प्रमुख सांस्कृतिक कार्यक्रम के रूप में इसका विकास इसकी सार्वभौमिक अपील और समाज के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव को दर्शाता है। जब हम उत्सव में भाग लेते हैं, तो हम न केवल बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाते हैं, बल्कि परंपराओं की जीवंत ताने-बाने का भी जश्न मनाते हैं जो हमें खुशी और सौहार्द में एकजुट करती है।




मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**